* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, मंगलवार 13 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 126 — आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


पेज 10

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.0 | 27.0 |
| जमशेदपुर | 35.0 | 24.6 |
| डालटनगंज | 32.8 | 24.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## हिंडनबर्ग का सेबी चीफ पर पलटवार, कहा-

# बुच अपनी परामर्श संस्थाओं के ग्राहकों की जानकारी साझा करें

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया कि बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने अब सार्वजनिक रूप से बरमूडा/मॉरीशस फंड संरचना में अपने निवेश की पुष्टि की है. हिंडनबर्ग ने कहा कि उन्हें अपने सभी परामर्श ग्राहकों के बारे में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए, जिनके साथ उनकी सिंगापुर और भारतीय परामर्श कंपनियों ने काम किया है.

बुच व उनके पति द्वारा हिंडेनबर्ग के हमले को सेबी की विश्वसनीयता पर हमला और चरित्र हनन का प्रयास बताते हुए बयान जारी करने के कुछ घंटों बाद हिंडनबर्ग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कई पोस्ट किए और कहा कि दंपती के बयान में कई महत्वपूर्ण बातों को स्वीकार किया गया और इससे कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी खड़े होते हैं.



### बुच ने माना- मॉरीशस फंड का निवेश हुआ

हिंडनबर्ग ने कहा, सेबी चीफ माधबी बुच ने यह मान लिया है कि विनोद अडानी द्वारा कथित तौर पर निकाली गई राशि के साथ एक अस्पष्ट बरमूडा या मॉरीशस फंड का निवेश हुआ है. यह भी स्पष्ट किया कि यह फंड उनके पति के दोस्त द्वारा चलाया जाता था, जो उस समय अडानी के निदेशक थे. मामले में जांच का जिम्मा सेबी को दिया गया था. यह स्पष्ट रूप से हितों का एक बड़ा टकराव है.

शोध एवं कंपनी ने कहा, बुच के जवाब से अब सार्वजनिक रूप से बरमूडा/मॉरीशस के एक अस्पष्ट कोष में उनके निवेश की पुष्टि हो गई है, साथ ही विनोद अडानी द्वारा कथित रूप से गबन किया गया पैसा भी. उन्होंने यह भी पुष्टि की कि कोष उनके पति के बचपन के दोस्त द्वारा चलाया जाता था, जो उस समय अडानी के निदेशक थे. इस बीच, माधवी पुरी बुच ने हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर दी है. -शेष पेज 7 पर

### यह आर्थिक अराजकता लाने की साजिश : भाजपा

**नयी दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भाजपा ने कई सवाल उठाए हैं. सोमवार को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह भारत के लोगों की ओर से ठुकराए जाने के बाद कांग्रेस, उसके सहयोगी और टूलकिट गैंग की देश में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश है. उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट शनिवार को जारी हुई, तो रविवार को हंगामा हुआ. इसके बाद सोमवार को पूंजी बाजार अस्थिर हो गया. भारत शेयरों के मामले में सुरक्षित, स्थिर और आशावादी बाजार है. इस बाजार की निगरानी करना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि जुलाई में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद जब सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया, तो उसने अपना जवाब नहीं दिया. बल्कि बेबुनियाद हमला किया. उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हिंडनबर्ग में किसका निवेश है? एक सज्जन जॉर्ज सोरोस जो नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाते हैं। वे उसके मुख्य निवेशक हैं। नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाते हुए कांग्रेस भारत के खिलाफ नफरत पैदा कर ली है. अगर भारत का शेयर बाजार परेशान हो जाता है तो छोटे निवेशक परेशान होंगे। मगर कांग्रेस को इससे कोई सरोकार नहीं है.

### हमारी मांग अडानी-बुच के खिलाफ, भाजपा क्यों भड़कीः कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने भी सेबी और भाजपा पर हमला बोला है. कांग्रेस ने सेबी से इस्तीफा मांगा है. साथ ही सुप्रीम कोर्ट से मामले की जांच सीबीआई या एसआईटी से कराने की मांग की. कांग्रेस का कहना है कि उसकी मांग अडानी-सेबी प्रमुख के खिलाफ है, इससे भाजपा क्यों भड़क रही है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, अडानी मामले में सेबी समझौता कर सकती है. इसलिए मोदानी महाघोटाले की जांच के लिए जेपीसी का गठन किया जाए. मामले में सेबी ने सक्रियता दिखाई. उसने हिंडनबर्ग को 100 सम्मन, 1100 पत्र व ईमेल किए और 12 हजार पृष्ठों वाले 300 दस्तावेजों की जांच की. लेकिन मुख्य बात है कि कार्रवाई नहीं की. रमेश ने कहा कि 14 फरवरी, 2023 को मैंने सेबी अध्यक्ष को पत्र लिखा था. देश के करोड़ों नागरिकों की ओर से वित्तीय बाजार के प्रबंधक की भूमिका निभाने के लिए कहा था, लेकिन जवाब नहीं मिला. जांच के परिणाम सामने आने में भी एक साल से ज्यादा का समय लग गया.

### अडानी के 10 में से 8 शेयर गिरे

**मुंबई।** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बीच अडानी ग्रुप की 10 कंपनियों में से आठ के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए. इससे कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 22,064 करोड़ रुपए घट गया. समूह की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 17 लाख करोड़ है. रिपोर्ट के असर में शुरुआती कारोबार में अडानी समूह के शेयर गिरावट के साथ कारोबार किए, लेकिन कुछ समय बाद गिरावट कम हो गई. अंत में अडानी विल्मर 4.14%, अडानी टोटल गैस का 3.88%, अडानी एनर्जी का 3.70%, एनडीटीवी का 3.08%, पोर्ट्स का 2.02%, अडानी एंटरप्राइजेज का 1.09%, एसीसी का 0.97% और अडानी पावर का 0.65% गिरा. हालांकि, अंबुजा सीमेंट्स का शेयर 0.55% और ग्रीन एनर्जी का शेयर 0.22% चढ़कर बंद हुआ. एक समय अडानी एनर्जी का शेयर 17%, टोटल गैस का 13.39%, एनडीटीवी का 11%, पावर का 10.94% लुढ़क गया था. ग्रीन एनर्जी के शेयर में 6.96%, अडानी विल्मर में 6.49%, अडानी एंटरप्राइजेज में 5.43%, पोर्ट्स में 4.95% अंबुजा सीमेंट्स में 2.53% और एसीसी में 2.42% की गिरावट आई थी.



**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,100 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### बैंक ने एक्टर राजपाल की सारी संपत्ति सील की

**मुंबई।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की टीम ने लोन अदा नहीं करने पर बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की कचहरी के पास सेठ इंक्लेव कॉलोनी में स्थित करोड़ों रुपए की संपत्ति को सील कर दिया. राजपाल ने फिल्म का निर्माण करने के लिए तीन करोड़ रुपए का ऋण लेने को संपत्ति के कागज लगाए थे.



### सीबीआई को कोर्ट ने दिया 15 दिन का समय

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी विधायक दुर्गेश पाठक पर मुकदमा चलाने के खातिर सीबीआई को आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के लिए सोमवार को 15 दिन का समय दिया.

### बिहार के नाथ मंदिर में भगदड़, सात की मौत

**जहानाबाद/पटना।** बिहार के जहानाबाद जिले के बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में रविवार देर रात भगदड़ मचने से कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. - पेज 11 भी देखें

### विदेश सचिव, नेपाली डिप्टी पीएम से मिले

**काठमांडू।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को अपने नेपाली समकक्ष सेवा लमसल और कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की तथा उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास और इसे आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की.

**संसद में सवाल?** क्या जनजातीय लोगों को भी हिंदू के रूप में परिभाषित किया गया है, जवाब में केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा

# आदिवासी भी हिंदू हैंः केंद्र

कौशल आनंद। रांची

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय व संसदीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने संसद में एक सवाल के जवाब में कहा है कि आदिवासी भी हिंदू समझे जाएंगे. उन्होंने सिविल अधिकार अधिनियम, 1995 का हवाला देते हुए कहा है कि हिंदू धर्म के किसी भी रूप या विकास को मानने वाले व्यक्ति हिंदू समझे जाएंगे. इसमें वीरशैव, लिंगायत, आदिवासी, ब्राह्मो समाज, प्रार्थना समाज, आर्य समाज और स्वामी संप्रदाय के अनुयायी हैं.

साथ ही बौद्ध, सिख, जैन धर्म को मानने वाले भी हिंदू माने जाएंगे. केंद्र सरकार के इस जवाब से झारखंड सहित देश भर में 12 करोड़ से अधिक आदिवासियों की सरना धर्म कोड बनाने की मांग को तगड़ा झटका लगा है. जानकारी के मुताबिक लोकसभा में सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत ने यह सवाल पूछा था कि क्या जनजातीय लोगों को भी हिंदू के रूप में परिभाषित किया गया है.

**केंद्र के पास लंबित है झारखंड सरकार का प्रस्ताव :** झारखंड के आदिवासी सरना धर्म कोड की मांग लंबे समय से करते आ रहे हैं. 11 नवंबर 2021 को हेमंत सरकार ने विधानसभा में यह प्रस्ताव पास कराया था कि आदिवासी/सरना धर्म कोड को राष्ट्रीय जनगणना फार्म में शामिल किया जाये. सरकार ने तीन साल पहले ही केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया था. जिस पर अभी तक फैसला नहीं आया है.



- आदिवासी/सरना धर्म की मांग को करने वालों को झटका
- तीन साल पहले हेमंत सरकार ने सरना धर्म कोड बनाने का प्रस्ताव भेजा था
- बौद्ध, सिख, जैन धर्म को मानने वाले भी हिंदू माने जाएंगे.

### सांसद का सवाल और मंत्री का जवाब

**सवाल –** क्या कई भारतीय कानूनों में हिंदू शब्द की परिभाषा दी गई है ? यदि हां, तो सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 में हिंदू की क्या परिभाषा दी गई है ? क्या उक्त अधिनियम में जनजातीय लोगों को भी हिंदू के रूप में परिभाषित किया गया है ? और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा दें.

**जवाब –** हिंदू पद विभिन्न केंद्रीय अधिनियमों में स्पष्ट किया गया है. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 (1955 का 22) की धारा 3 में स्पष्टीकरण यह उपबंधित करता है कि उक्त अधिनियम की धारा 3 और धारा 4 के प्रयोजन के लिए बौद्ध, सिख, जैन धर्म मानने वाले व्यक्ति या हिंदू धर्म के किसी भी रूप या विकास को मानने वाले व्यक्ति, जिनके अंतर्गत वीरशैव, लिंगायत, आदिवासी, ब्राह्मो समाज, प्रार्थना समाज, आर्य समाज ओर स्वामी नारायण संप्रदाय के अनुयायी भी हैं हिंदू समझे जाएंगे.

**लंबे समय से है राजनीतिक मुद्दा :** आदिवासी/सरना धर्म कोड की मांग झारखंड में लंबे समय से राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है. आंदोलन और राजनीति लगातार होती रही है. एक तरफ भाजपा इस मुद्दे पर चुप रहती है, वहीं दूसरी तरह झामुमो और कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर हमलावर रही हैं. झामुमो और कांग्रेस इसे लेकर भाजपा को कटघरे में खड़ा करती रही है. अब चूंकि केंद्र सरकार में भाजपा की सरकार है और झारखंड में अगले दो-तीन माह में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे वक्त में केंद्रीय मंत्री का जवाब चुनावी मुद्दा बन सकता है. हालांकि केंद्रीय मंत्री ने अपने जवाब में वही कहा है जो अधिनियम में दर्ज है.

## बांग्लादेश की सरकार ने हिंदुओं से मांगी माफी, कहा-

# 'हम अपने फर्ज से चूके'

एजेंसियां। ढाका

बांग्लादेश में बीते कुछ समय से चल रही हिंसा और अराजकता में धार्मिक अल्पसंख्यक उपद्रवियों का निशाना बन रहे हैं. लगातार हमले और मंदिरों में तोड़-फोड़ के खिलाफ हजारों हिंदुओं ने प्रदर्शन भी किए हैं. इस बीच देश की नई सरकार में गृह विभाग के सलाहकार शखावत हुसैन ने माना है कि हिंदुओं पर हमले हुए हैं और उनकी सुरक्षा में चूक हुई है. जनरल एम सखावत हुसैन ने हिंदुओं से इसके लिए माफी भी मांगी है. साथ ही हसीना की पार्टी अवामी लीग पर हिंसा फैलाने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है.


शखावत ने देश के हिंदू समुदाय से उनकी रक्षा करने में विफलता के लिए माफी मांगते हुए कहा कि ये जिम्मेदारी ना सिर्फ सरकार बल्कि बहुसंख्यकों की भी है. हम अपने फर्ज को पूरा करने में नाकामयाब रहे हैं. हुसैन ने कहा है कि चीजें ठीक हो रही हैं और उम्मीद है कि हालात बेहतर हो जाएंगे. शखावत ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं को कड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा, अगर अवामी लीग के लोग किसी भी तरह से अव्यवस्था पैदा करेंगे, तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा.

**शेख हसीना ये आपका देश है, हम स्वागत करते हैं :** हुसैन ने कहा कि शेख हसीना को देश लौट कर फिर से राजनीति करनी चाहिए. हसीना को देश लौटकर अपनी पार्टी अवामी लीग को नए चेहरों के साथ पुनर्गठित करना चाहिए. हुसैन ने कहा, पूर्व पीएम शेख हसीना पर देश छोड़ने के लिए दबाव नहीं था, उन्होंने अपनी मर्जी से ढाका छोड़ा था. किसी ने उनको ऐसा करने के लिए मजबूर नहीं किया. हम तो उन्हें वापस लौटने और फिर से अपनी पार्टी को पुनर्गठित करने के लिए लिए कहेंगे. हालांकि वह देश लौटकर अशांति पैदा करने की कोशिश करेंगी, तो कानून उनसे निपटेगा. ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक सखावत हुसैन ने सोमवार को शेख हसीना को संबोधित करते हुए कहा, हमें पता चला है कि आप देश लौटने की योजना बना रही हैं. सवाल है कि आप यहां से गई ही क्यों थीं.



- शेख हसीना ने अवामी लीग को दी चेतावनी
- अंतरिम सरकार ने कहा– हम सुरक्षा करने में फेल

### हिंदुओं पर हमले विचलित करने वाले : प्रियंका



**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों और अत्याचारों को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का पहला रिएक्शन सामने आया है. प्रियंका गांधी ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं. कांग्रेस महासचिव ने कहा कि हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य होंगे और वहां की नवनिर्वाचित सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के लिए सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी.

# डॉक्टर रेप-मर्डर केस : लाखों डॉक्टर हड़ताल पर रहे

**ममता का अल्टीमेटम, पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच सीबीआई को सौंपेंगे**

एजेंसियां। कोलकाता/नयी दिल्ली

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पीजी ट्रेनी महिला डॉक्टर की रेप-हत्या मामले देशभर में डॉक्टरों में आक्रोश है. झारखंड, बिहार, दिल्ली, यूपी से लेकर कोलकाता तक डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं.

दूसरी तरफ मामले में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष ने इस्तीफा दे दिया है. बता दें कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 8 अगस्त देर रात ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न लाश मिली थी. पुलिस के मुताबिक, रेप के बाद उसकी हत्या की गई। प्राइवेट पार्ट, आंखों और मुंह से खून बह रहा था. उसकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पाई गई थी. -शेष पेज 7 पर

### आरोपी ने शराब पीने के बाद रेप-मर्डर किया

इस बीच, कोलकाता पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपी संजय रॉय ने 8 अगस्त की रात वारदात से पहले अस्पताल के पीछे शराब पी थी. डॉक्टर से रेप और मर्डर के बाद वह घर जाकर सो गया था. सुबह सबूत मिटाने के लिए उसने कपड़े धोए. उसके जूते पर भी खून के निशान भी मिले हैं. पुलिस ने घटना वाली रात ड्यूटी पर तैनात तीन डॉक्टर्स और एक स्टाफ को पूछताछ के लिए बुलाया है.




रांची स्थित रिम्स में आंदोलनरत जूनियर डॉक्टर. फोटो। रमीज

**महंगाई से मिली थोड़ी राहत**

# सस्ता होगा कर्ज, महंगाई दर पांच साल के निचले स्तर पर

एजेंसी। नयी दिल्ली

महंगाई से जनता को बड़ी राहत मिलती दिखाई दे रही है. खुदरा या रिटेल महंगाई दर जुलाई में 5 सालों के निचले स्तर पर आ गई और 3.54% रही. ये अगस्त 2019 के बाद सबसे निचले स्तर है. अगस्त 2019 में रिटेल महंगाई दर 3.28% पर थी. सोमवार को रिटेल महंगाई दर और औद्योगिक उत्पादन का आंकड़ा आ गया है.

इसमें जून 2024 में आईआईपी 4.2% पर रही है. खुदरा महंगाई दर में गिरावट की बड़ी वजह खाद्य महंगाई दर में गिरावट है. जुलाई में खाद्य महंगाई दर घटकर 5.42% पर रही है, जो जून 2024 में 9.26% रही थी. जुलाई 2023 में खाद्य महंगाई दर 7.4% पर रही थी. सब्जियों और दालों की महंगाई दर में कमी के चलते खाद्य महंगाई घटी है.

**सब्जियों और दालों की महंगाई से राहत :** सांख्यिकी मंत्रालय ने खुदरा महंगाई दर का जो आंकड़ा जारी किया है उसके मुताबिक जुलाई 2024 में जून महीने के मुकाबले सब्जियों और दालों की महंगाई में भारी कमी आई है. जुलाई में सब्जियों की महंगाई दर घटकर 6.83% रही है जो जून में 29.32 फीसदी रही थी. दालों की महंगाई दर जुलाई में 14.77% रही है जो जून में 14.77% रही थी. अनाज और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 8.14% रही है जो जून में 8.75% रही थी. चीनी की महंगाई दर 5.22% रही है जो जून में 5.83% रही थी. अंडों की महंगाई दर में बढ़ी है और ये 6.76% रही है जो इसके पहले महीने में 3.99% रही थी. दूध और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 2.99% रही है.

- रिजर्व बैंक के टॉलरेंस बैंड के नीचे आई 3.54% पर



### महंगी ईएमआई से मिलेगी राहत

खुदरा महंगाई दर घटकर आरबीआई के टोलरेंस बैंड 4 फीसदी के नीचे जा पहुंची है. रिजर्व बैंक ने अपने पॉलिसी रेट्स में बदलाव करने के लिए 4% पर महंगाई दर के आने का लक्ष्य कय किया हुआ है. जुलाई महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54% पर आ गई है जो पिछले 5 सालों में सबसे कम है. ऐसे में ये माना जा रहा है कि अक्टूबर 2024 में जब रिजर्व बैंक पॉलिसी रेट्स की समीक्षा करेगा तब महंगाई ईएमआई से राहत मिल सकती है. 8 अगस्त 2024 को आरबीआई ने पॉलिसी रेट्स की घोषणा करते हुए रेपो रेट को 6.5% पर बरकरार रखने का फैसला किया था.

**एनआईआरएफ रैंकिंग** केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने जारी की देश की टॉप यूनिवर्सिटीज की लिस्ट, जमशेदपुर की एक्सएलआरआई भी शामिल

# मेडिकल के लिए एम्स, इंजीनियरिंग में आईआईटी मद्रास टॉप पर

एजेंसियां। नयी दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क, 2024 में आईआईटी मद्रास लगातार छठे साल शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, वहीं आईआईएससी बेंगलुरु को नौवीं बार सर्वश्रेष्ठ विवि चुना गया है.

सूची में संपूर्ण श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु दूसरे स्थान पर और आईआईटी मुंबई तीसरे स्थान पर रहा हैं, वहीं पिछले साल तीसरे स्थान पर रहा आईआईटी दिल्ली एक स्थान नीचे खिसक गया है. देश के शीर्ष दस संस्थानों में आठ आईआईटी के साथ दिल्ली एम्स और जेएनयू हैं.

विवि श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु के बाद जेएनयू और जामिया मिलिया इस्लामिया का स्थान है. इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची में शीर्ष दस संस्थानों में नौ आईआईटी शामिल हैं, जिनमें आईआईटी मद्रास लगातार नौवें साल इस श्रेणी में शीर्ष पर है. प्रबंधन संस्थानों की बात करें तो आईआईएम अहमदाबाद ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जिसके बाद आईआईएम बेंगलोर और आईआईएम कोझिकोड का स्थान है. -शेष पेज 7 पर

- आईआईटी मद्रास लगातार छठे साल शीर्ष पर
- **आईआईएससी बेंगलुरु सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय**
- दिल्ली के कई संस्थान टॉप लिस्ट में शामिल

**ओवरऑल कैटेगरी**


1. आईआईटी मद्रास
2. आईआईएससी बैंगलोर
3. आईआईटी बॉम्बे
4. आईआईटी दिल्ली
5. आईआईटी कानपुर
6. आईआईटी खड़गपुर
7. एम्स, नई दिल्ली
8. आईआईटी रुड़की
9. आईआईटी गुवाहाटी
10. जेएनयू, नई दिल्ली

**टॉप यूनिवर्सिटीज**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस
2. जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी
3. जामिया मिलिया इस्लामिया
4. मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन
5. बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
6. दिल्ली यूनिवर्सिटी
7. अमृता विश्व विद्यापीठ
8. एएमयू, अलीगढ़
9. जादवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता
10. वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी

**टॉप इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट**

1. आईआईटी मद्रास
2. आईआईटी दिल्ली
3. आईआईटी बॉम्बे
4. आईआईटी कानपुर
5. आईआईटी खड़गपुर
6. आईआईटी रुड़की
7. आईआईटी गुवा गु हाटी
8. आईआईटी हैदराबाद
9. एनआईटी तिरुचिरापल्ली
10. आईआईटी–बीएचयू



**बेस्ट कॉलेज रैंकिंग**

1. हिंदू कॉलेज, नई दिल्ली
2. मिरांडा हाउस, नई दिल्ली
3. सेंट स्टीफन कॉलेज, दिल्ली
4. राम कृष्ण मिशन विवेकानंद शताब्दी कॉलेज, कोलकाता
5. आत्मा राम सनातन धर्मकॉलेज, नई दिल्ली
6. सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता
7. पीएसजीआर कृष्णमल महिला कॉलेज, कोयम्बटूर
8. लोयोला कॉलेज, चेन्नई
9. किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली
10. लेडी श्री राम महिला कॉलेज, नई दिल्ली



**इस साल तीन नई कैटेगरी जोड़ी गई :** इस वर्ष तीन नई कैटेगरी स्टेट यूनिवर्सिटी, स्किल यूनिवर्सिटी और ओपन यूनिवर्सिटी की कैटेगरी जोड़ी गई है. इस वर्ष शिक्षा मंत्रालय को रैंकिंग में हिस्सा लेने के लिए 10885 आवेदन मिले थे.

**सूबे में बढ़ रहे बेरोजगार : 2.90 लाख डॉक्टरेट, पोस्ट ग्रेजुएट और ग्रेजुएट युवाओं ने भी कराया है निबंधन**

# नियोजनालयों में नौकरी के लिए निबंधित युवाओं की संख्या 11 लाख पार

- अब तक 50,827 लोगों को ही मिल सकी है नौकरी

रवि भारती। रांची

झारखंड में बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के नियोजनालयों में 11 लाख छह हजार 565 युवाओं ने नौकरी के लिए निबंधन कराया है. इसमें अब तक कुल 50 हजार 827 युवाओं को ही नौकरी मिल पाई है. श्रम विभाग के आंकड़ों के अनुसार



निबंधन कराने वाले डॉक्टरेट, पोस्ट ग्रेजुएट और ग्रेजुएट युवाओं की संख्या दो लाख 90 हजार 262 है. इसमें डॉक्टरेट की संख्या 129 है. पोस्ट ग्रेजुएट की संख्या 47876 है और ग्रेजुएट की संख्या 2,42,257 है.

**सबसे अधिक ओबीसी कैटेगरी के युवाओं ने कराया निबंधन :** राज्य के नियोजनालयों में सबसे अधिक ओबीसी कटेगरी के युवाओं ने निबंधन कराया है. इस कैटेगरी में कुल 2,77,812 युवाओं ने निबंधन कराया है. सामान्य वर्ग के 1,64,577 युवाओं ने निबंधन कराया है. बीसी वन में 101414, एससी में 83792, बीसी टू में 14179, ईबीसी में 574 और एसटी कैटेगरी में 159852 युवाओं ने निबंधन कराया है.

**राज्य स्तरीय रोजगार मेला जरिए 6095 को मिला ऑफर :** हाल में संपन्न हुए राज्य स्तरीय रोजगार मेला के जरिए 6095 लोगों को नौकरी मिली है. जिसमें पुरुष की संख्या 4891 और महिलाओं की संख्या 1204 है. वहीं कोल्हान प्रमंडल में आयोजित रोजगार मेला में 3251 लोगों को नौकरी का ऑफर मिला. इसमें 2912 पुरुष और 339 महिलाएं हैं. उत्तरी छोटानागपुर में आयोजित रोजगार मेला में 3922 लोगों को नौकरी का ऑफर मिला. इसमें 3468 पुरुष और 454 महिलाएं हैं. पलामू प्रमंडल में आयोजित रोजगार मेला में 1718 लोगों को नौकरी का ऑफर मिला. इसमें 1562 पुरुष और 156 महिलाएं शामिल हैं.

### किस कैटेगरी के कितने युवाओं ने कराया निबंधन

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| डॉक्टरेट | - | 129 | डिप्लोमा | - | 52368 |
| पोस्ट ग्रेजुएट | - | 47876 | आइटीआइ | - | 47341 |
| ग्रेजुएट | - | 242257 | सर्टिफिकेट व ट्रेनिंग कोर्स | - | 7108 |
| 12 वीं पास | - | 261722 | मिडिल | - | 23210 |
| 10वीं पास | - | 188567 | अनस्किल्ड | - | 8416 |

**सभी जिलों के डीसी को तैयारी करने का निर्देश**

# जिला मुख्यालय में कैबिनेट मंत्री फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

संवाददाता। रांची

राज्य के कैबिनेट कोऑर्डिनेशन डिपार्टमेंट ने सभी जिलों के डीसी को स्वतंत्रता दिवस के लिए आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया है. इसकी वजह यह है कैबिनेट मंत्री अपने जिले में झंडा फहराएंगे. मुख्य कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी और दुमका में होगा.

### कौन मंत्री कहां फहराएंगे झंडा

- चंपाई सोरेन : सरायकेला-खरसांवा
- डॉ रामेश्वर उरांव : लोहरदगा
- सत्यानंद भोक्ता : चतरा
- बैद्यनाथ राम : लातेहार
- दीपक बिरूआ : पश्चिम सिंहभूम
- बन्ना गुप्ता : पूर्वी सिंहभूम
- डॉ इरफान अंसारी : जामताड़ा
- मिथिलेश ठाकुर : गढ़वा
- हफीजुल हसन : देवघर
- बेबी देवी : बोकारो
- दीपिक पांडेय सिंह : गोड्डा

**सेवा प्रदान करने वाले अफसरों को 75 हजार प्रति माह मिलेगा मानदेय**

# अब पांच विभागों में वरिष्ठ कॉरपोरेट अफसर देंगे सेवाएं

प्रमुख संवाददाता। रांची

अब राज्य सरकार के पांच विभागों में वरिष्ठ कॉरपोरेट अफसर अपनी सेवाएं देंगे. इन विभागों में वित्त विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के साथ अब उद्योग विभाग को भी शामिल किया गया है. इसके लिए मेसर्स नज्ज लाइफस्किल्स फाउंडेशन पांच वरिष्ठ कॉर्पोरेट अफसरों को सेवाएं प्रदान करने के लिए मनोनयन करेगी. पहले 18 महीनों तक कार्य करने वाले अध्येताओं का चयन एमओयू पर हस्ताक्षर के छह महीने के अन्दर कर लिया जाएगा. ये कॉरपोरेट अफसर राज्य के विकासात्मक योजनाओं के निर्माण एवं निष्पादन में सहयोग करेंगे. इस संस्था का उद्देश्य स्थाई और व्यापक रूप से गरीबी उन्मूलन करना भी है.

**पांच कॉरपोरेट अफसरों को होगा चयन :** इसके लिए पांच कॉरपोरेट अफसरों का चयन किया जाएगा. इन्हें मुख्य सचिव कार्यालय, प्रधान सचिव या सचिव वित्त विभाग, प्रधान सचिव या सचिव, ग्रानीण विकास विभाग, प्रधान सचिव या सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, प्रधान सचिव , सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और प्रधान सचिव या सचिव उद्योग विभाग के कार्यालयों में पदस्थापित किया जाएगा.

**खास बातें**

- वित्त, कृषि, उद्योग, ग्रामीण विकास पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग शामिल
- वित्त विभाग ने संशोधन के साथ जारी किया संकल्प

**अध्येताओं के कार्य अवधि को 18-18 महीने में किया जाएगा विभाजित :** अध्येताओं के कार्य अवधि को 18-18 महीने के दो हिस्सों में विभाजित किया जाएगा. पहले 18 महीने तक कार्य करने वाले अध्येताओं का चयन इस संकल्प के जारी होने की तिथि से तीन महीने के अंदर कर लिया जाएगा. अगले 18 महीने के लिए कार्य के लिए अध्येताओं का चयन पहले के समाप्ति से पूर्व कर लिया जाएगा. प्रत्येक अध्येता (अधिकतम पांच) को झारखंड सरकार द्वारा मानदेय के रूप में 75000 रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा. अध्येताओं एवं संबंधित व्यक्तियों को स्थानीय एवं नागरवाहय यात्रा के लिए खर्च सरकार के नियमों के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा.

## सामुदायिक वन अधिकार पट्टा में रोड़ा अटकाने वाले डीएफओ हटाए गए



- डीएलसी की बैठक खुद डीएफओ ने तैयार किया था अलग मिनट्स

**रांची।** वन अधिकार पट्टा देने के मामले में वन विभाग के जो अधिकारी रोड़े अटका रहे हैं. उन पर विभाग की ओर से कार्रवाई भी शुरू की गई है. रविवार को वन विभाग के 6 अफसरों का तबादला किया गया. इसमें सिमडेगा के डीएफओ रोशन कुमार भी हैं. रोशन कुमार को सिमडेगा से हटाते हुए सरकार ने कोडरमा भेज दिया है. लगातार न्यूज और शुभम संदेश ने सामुदायिक वन अधिकार पट्टा में डीएफओ का रोड़ा शीर्षक से 8 अगस्त को खबर प्रकाशित की थी. जिसमें वन अधिकार पट्टा देने के लिए जिला स्तरीय कमेटी (डीएलसी) में हुए पूरी घटनाक्रम को प्रकाशित किया था. इसके बाद सरकार ने उनका तबादला कर दिया.

**क्या हुआ था बैठक में :** सीएफआरआर और सीएफआर की 41 दावों की स्वीकृति के लिए उपायुक्त सहित सभी सदस्य तो तैयार हो गये, लेकिन डीएफओ रोशन कुमार ने अड़ंगा लगा दिया. वे बार-बार कहने लगे कि लोगों को सामुदायिक वन अधिकार पट्टा दे सकते हैं, लेकिन सीएफआरआर नहीं दे सकते. इससे तो पूरा जंगल ही उजड़ जाएगा, इसका प्रभाव 20 साल बाद देखने को मिलेगा. उन्होंने कहा था कि हम लोगों को वनों पर अधिकार नहीं दे सकते, क्योंकि जिन्हें पट्टा मिलेगा, तो वे जंगल को उजाड़ देंगे, वे लोग वनों का वैज्ञानिक प्रबंध नहीं जानते हैं. डीएफओ की अड़ंगेबाजी का मामला यहीं नहीं रुका. उन्होंने दबंगई दिखाते हुए डीएलसी का अगले मिनट तैयार कराकर कुछ अधिकारियों से हस्ताक्षर भी करा लिया. जब वरीय अधिकारियों को मामले की जानकारी मिली, तो इसमें हस्ताक्षेप किया. यह पूरा मामला तूल न पकड़े इसलिए सरकार ने एक्शन लेते हुए डीएफओ सिमडेगा को कोडरमा भेज दिया है.

## शिवराज और हिमंता 16 की बैठक में होंगे शामिल

**रांची।** झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा एक-एक रणनीति पर तरीके से काम कर रही है. 16 अगस्त को भाजपा के मंडल अध्यक्षों की बैठक होगी, जिसमें भाजपा के फायर ब्रांड नेता सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा शामिल होंगे. दोनों फायर ब्रांड नेता मंडल अध्यक्षों को चुनाव जीतने के टिप्स भी देंगे. भाजपा सूत्रों के अनुसार मंडल अध्यक्षों की बैठक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण होगी.

## वार्ता विफल, हड़ताल पर अड़े रहे जुडको के कर्मी

**रांची।** जुडको के पदाधिकारियों-कर्मचारियों की हड़ताल लगातार छठे दिन भी जारी रही. हड़ताल के कारण शहरी विकास की योजनाओं की गति धीमी हो गई है. जुडको कर्मी वेतन और मानदेय में बढ़ोत्तरी को लेकर हड़ताल पर हैं. हड़ताल के कारण फाइलों की रफ्तार भी धीमी हो गई है. सोमवार को जुडको के पदाधिकारियों व कर्मियों ने नगर विकास मंत्री हफीजुल अंसारी से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया. मुलाकात के बाद जुडको के कर्मियों ने बताया कि मंत्री की ओर से कोई संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला.

**इन योजनाओं का काम प्रभावित :** कांटाटोली फ्लाईओवर, रांची शहर में रविंद्र भवन (टाउन हॉल) और ट्रांसपोर्ट नगर योजना

-हजारीबाग और देवघर सेप्टेज का उद्घाटन सितंबर में होना है, पर काम आगे नहीं बढ़ पा रहा.

- गुमला- सिमडेगा नगर परिषद में फिस्कल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का काम 31 अगस्त तक पूरा करना है.

**कोर्ट की खबरें**

# आईएएस मंजूनाथ भजंत्री को राहत

संवाददाता। रांची

देवघर के तत्कालीन डीसी और राज्य के आईएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने उनके खिलाफ सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दर्ज करवाई गई प्राथमिकी को रद्द कर दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में आईएएस मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुनवाई हुई. उनकी ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अजय शाह ने पक्ष रखा. बता दें कि वर्ष 2022 में फ्लाइट टेकऑफ पर विवाद के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर डीसी के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज करवाई थी.

## मुंडा, बाबूलाल व संजय सेठ को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, संजय सेठ और ढुल्लू महतो समेत दो दर्जन से ज्यादा भाजपा नेताओं की राहत बरकरार रखी है. सोमवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए एक बार फिर समय मांगा, जिस पर नाराजगी जई व अंतिम मौका देते हुए अगली सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तिथि तय की है. पिछले वर्ष सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, सांसद समेत 41 लोगों के खिलाफ धुर्वा थाने में केस हुआ था.

## जज उत्तम आनंद के हत्यारों की बेल पर अंतिम सुनवाई आज

**रांची।** धनबाद के दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोषियों लखन वर्मा और राहुल वर्मा की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को अंतिम सुनवाई होगी. सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव की डबल बेंच में दोनों दोषियों की याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने बहस की. उत्तम आनंद की हत्या मामले में धनबाद सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने ऑटोचालक लखन वर्मा और उसके सहयोगी राहुल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.

## गांजा तस्कर इम्तियाज को 10 साल की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने गांजा तस्कर इम्तियाज अंसारी को दोषी करार देते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही कोर्ट ने इम्तियाज पर 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माने की राशि जमा नहीं करने की तो दोषी को नौ महीने की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 5 की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है. इम्तियाज को वर्ष 2021 में 26 किलो गांजा के साथ रेलवे पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था. उसकी गिरफ्तारी 24 नवंबर 2021 को की गई थी.

## भरे जा रहे लोकायुक्त व अन्य महत्वपूर्ण पद

**रांची।** हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से सूचना आयोग में नियुक्ति को लेकर दायर पीआईएल पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि लोकायुक्त समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है. इस पर अदालत ने सरकार को एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने पक्ष रखा. छह सितंबर को इस याचिका पर अब सुनवाई होगी.

## भगवान भगत व सुनील को सुप्रीम कोर्ट से बेल

**रांची।** साहिबगंज जिला में अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी भगवान भगत और सुनील यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. शीर्ष अदालत ने दोनों आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है. शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस अगस्टिन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई की. इससे पहले रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट के दोनों आरोपियों को बेल देने से इंकार कर चुका था.

**झारखंड में वोटरों की संख्या में 2.32 लाख का इजाफा**

# सितंबर में आएगी सीईसी की टीम

- लोकसभा चुनाव के बाद 24 जुलाई तक के बीच में हुआ है इजाफा
- 25 जून से 24 जुलाई तक चला था विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में सिर्फ 131 मतदाता बढ़े
- स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के विधानसभा क्षेत्र नाला में भी 131 मतदाता बढ़े

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है. सितंबर के पहले सप्ताह में भारत निर्वाचन आयोग की टीम झारखंड दौरे पर आएगी. इस दौरान निर्वाचन आयोग की टीम जिलावार समीक्षा भी करेगी. जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र सहित चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ ही झारखंड में भी चुनाव की घोषणा की जा सकती है. सोमवार को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने स्टेटिस्टिकल बुक ऑफ लोकसभा इलेक्शन 2024 भी जारी किया. इसमें कई अहम आंकड़े भी शामिल किए गए हैं.

**चार महीने में 2.32 लाख वोटर बढ़े :** झारखंड में पिछले चार महीने यानी लोकसभा चुनाव के समय की मतदाता सूची और 25 जुलाई तक चले विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम तक में दो लाख 31 हजार 921 मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है. लोकसभा चुनाव के समय झारखंड में कुल वोटर की संख्या दो करोड़ 56 लाख 73 हजार 706 थी, लेकिन 25 जून से 25 जुलाई तक चले विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद मतदाताओं की संख्या बढ़कर दो करोड़ 59 लाख पांच हजार 627 हो गई है.

### सबसे अधिक किस विधानसभा क्षेत्र में बढ़े वोटर

| | | |
|---|---|---|
| रांची | - | 4583 |
| कांके | - | 4092 |
| धनबाद | - | 3567 |
| हजारीबाग | - | 3545 |
| मांडर | - | 2996 |

### सबसे कम किस विधानसभा में मतदाता बढ़े

| | | |
|---|---|---|
| लिट्टीपाड़ा | - | 15 |
| घाटशिला | - | 76 |
| विशुनपुर | - | 82 |
| बरहेट | - | 131 |
| नाला | - | 131 |

## होमगार्ड के जवानों को मिलेंगे रोज 1088 रुपये

- गृह विभाग का आदेश जारी

**रांची।** झारखंड के होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों के बराबर दैनिक मानदेय मिलेगा. अभी उन्हें रोजाना 500 रुपये मिलते हैं, लेकिन बढ़ोतरी के बाद रोज 1088 रुपये मिलेंगे. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्वीकृति दे दी गई है. गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह आदेश संकल्प की निर्गत तिथि से प्रभावित होगा. इससे पहले गृह विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंजूरी दे दी थी. गौरतलब है कि होमगार्ड के जवान लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे. मामले को लेकर होमगार्ड एसोसिएशन 2017 में हाईकोर्ट गया था, जहां उनके पक्ष में फैसला आया था. लेकिन सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गयी और वहां भी होमगार्ड जवानों के पक्ष में ही फैसला आया था.

**वीडियो कॉल पर बात करते तस्वीरें आईं सामने : अमन साहू गिरोह का सदस्य है सुनील मीणा**

# सुनील मीणा का लॉरेंस बिश्नोई से सीधा संपर्क

संवाददाता। रांची

अमन साहू गैंग का सुनील मीणा, जिसको गिरफ्तार करना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है, उस सुनील मीणा की गुजरात के साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ वीडियो कॉल पर बातचीत करते हुए एक तस्वीरें सामने आई है. इसमें लॉरेंस बिश्नोई वीडियो कॉल के माध्यम से सुनील मीणा से बात करते हुए नजर आ रहा है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले घडसाना के नयी मंडी का रहने वाला है. इस तस्वीर की लगातार न्यूज कोई पुष्टि नहीं करता है.

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है सुनील मीणा :** सुनील मीणा लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया सुनील मीणा कुआलालम्पुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिए लॉरेंस के संपर्क में आया. वह मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपने जड़े जमाने लगा. वह लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा था.





वीडियो कॉल की तस्वीर.

**राजस्थान के पेट्रोल पंप संचालक से 5 करोड़ की रंगदारी मांगी थी :** राजस्थान के तत्कालीन राहत एवं आपदा प्रबंधन मंत्री व कांग्रेस विधायक गोविंद राम मेघवाल से रंगदारी मांगकर सुनील मीणा सबसे पहले चर्चा में आया था. लॉरेंस के इशारे पर ही सुनील मीणा ने राजस्थान के एक पेट्रोल पंप संचालक से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी. रंगदारी देने से इनकार करने पर उसने ही उस पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिलाया था. इस घटना के बाद राजस्थान पुलिस ने सुनील मीणा के खिलाफ डोजियर तैयार कर उसके लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए पत्राचार किया था.

### अमन साहू गिरोह के सुनील मीणा

सुनील मीणा लॉरेंस गैंग के अलावा झारखंड के डॉन अमन साहू के राइट हैंड माने जाने वाले मयंक सिंह से जुड़ा और अमन साहू गैंग के लिए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा. अमन साहू गैंग के इशारे पर सुनील मीणा ने ही झारखंड में कोल ट्रांसपोर्ट कर रही छत्तीसगढ़ की आरकेटीसी कंपनी के कोरबा स्थित ऑफिस में अधिकारियों पर फायरिंग करायी थी. इसी कंपनी के डायरेक्टर सुशील सिंघल की हत्या की नीयत से उसने रायपुर स्थित उनके हेड ऑफिस पर फायरिंग करावायी थी. इसके अलावा सुनील मीणा के द्वारा झारखंड में कई आपराधिक घटनाओं का अंजाम दिलवाया गया.

**शुभारंभ** 16 अगस्त से 26 सितंबर तक इलेक्शन क्विज का रजिस्ट्रेशन होगा

# सैल्यूट टू बीएलओ व इलेक्शन क्विज लॉन्च

संवाददाता। रांची

निर्वाचन आयोग द्वारा सैल्यूट टू बीएलओ और इलेक्शन क्विज कार्यक्रम लॉन्च किया गया. सोमवार को निर्वाचन भवन में कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च किया गया. मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, ओएसडी गीता चौबे, इंडिया स्टेट के आरके ठकराल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान लोकसभा चुनाव की सांख्यिकीय रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि युवाओं को चुनाव के प्रति मोटिवेट करने के लिए क्विज का आयोजन किया जा रहा है. इसका रजिस्ट्रेशन 16 अगस्त से 26 सितंबर तक होगा.

**क्विज के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा :** 29 सितंबर को ऑनलाइन क्विज परीक्षा होगी. इसके बाद 5 अक्टूबर को सभी जिलों के विजेता प्रतिभागियों की ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता राजधानी रांची में होगी, जिसमें विजेता को प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये दिए जायेंगे. वहीं प्रत्येक जिला के विजेता को 10,000 रुपये दिए जायेंगे. इसमें झारखंड का कोई भी वोटर भाग ले सकता है, केवल निर्वाचन से संबंधित व्यक्ति को छोड़ कर.



झारखंड में सैल्यूट टू बीएलओ और इलेक्शन क्विज कार्यक्रम किया गया लॉन्च

### बीएलओ को किया जाएगा सम्मानित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा. इसके लिए सैल्यूट टू बीएलओ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. सीईओ ने बताया कि राज्य में 29562 बीएलओ हैं और चुनाव कराने में इनकी अहम भूमिका होती है. फील्ड में रहने वाले बीएलओ को सम्मानित करने के पीछे उन्हें मोटिवेट करना है. उन्होंने बताया हर विधानसभा क्षेत्र से तीन बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा. साथ ही कहा कि कुछ बीएलओ को राज्यपाल से भी सम्मानित कराया जाएगा.

**क्लासिफाइड**













PLEASE SEND YOUR RESUME FOR AN INDUSTRIAL AUTOMATION ORGANISATION, MOSTLY ENGAGED WITH PRESTIGIOUS PROJECTS IN

TATA STEEL, UCIL, ISRO, BARC ETC

1. MARKETTING MANAGER : SALARY 2.4 LAKHS PA, ITI, DEE, BEE FOR JAMSHEDPUR, SALES PLC SCADA HMI KNOWLEDGE, experience 2 years
2. OFFICE ASSISTANT : SALARY 2.4 LAKHS PA, Graduate with 5 Years Work Experiance Computer Proficient, Knowledge About Tender and TATA STEEL PROCUREMENT

MAIL CV : pradeep_wk@yahoo.com

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर 13 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 126 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबर

### जागृति महिला मंच ने मनाया सावन महोत्सव

**जमशेदपुर ।** जागृत महिला मंच ममता सिंह के नेतृत्व में सोमवार को सावन महोत्सव का आयोजन टेल्को में किया गया. जिसमें लगभग 70 महिलाओं ने भाग लिया. परिचय सत्र के बाद सभी महिलाओं ने कैट वॉक के अलावे क्वीज, डांसिंग, समेट कई तरह के खेल में हिस्सा लिया. जज के रूप में रानी सिंह, गिनू सिंह तथा सुनीता सिंह मौजूद रहीं. इस दौरान सुरभि चौहान को सावन क्वीन चुना गया.

### वीमेन्स यूनिवर्सिटी में लाइब्रेरियन्स डे आयोजित

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी में सोमवार को साइन्स विभाग के द्वारा लाइब्रेरियन्स डे का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ अंजिला गुप्ता ने कहा कि लाइब्रेरी को उन्नत करने में इसके जनक दीप डॉ एसआर रंगनाथन की महत्वपूर्ण भूमिका है. उनके योगदान को कभी भी भूला नहीं जा सकता है. सीवीसी डॉ अन्नपूर्णा झा ने सभी छात्राओं को लाइब्रेरी से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया.

### शीतला माता मंदिर समिति ने निकाली कलश यात्रा

**जमशेदपुर ।** बागबेड़ा के गाढ़ाबासा चिंतामणि महादेव मंदिर समिति की ओर से सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. मंदिर परिसर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर बागबेड़ा बड़ौदा घाट पहुंची. जहां कलश में जल लेकर श्रद्धालु नंगे पांव मंदिर पहुंचे. कलश यात्रा के दौरान रास्ते में ढोल नगाड़े के साथ झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही.

### दलमा में हाथी दिवस पर बच्चों ने निकाली रैली

**जमशेदपुर ।** दलमा वन्यजीव अभयारण्य में सोमवार को विश्व हाथी दिवस मनाया गया. इस दौरान चाकुलिया मध्य विद्यालय के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली. वन विभाग ने बच्चों के बीच चॉकलेट बांटे. वन्य विभाग ने कांटाझोर में 50 बांस के पौधे भी रोपे गए. दलमा के रेंजर दिनेश चंद्रा समेत अन्य वनकर्मी और ग्रामीणों ने बच्चों के साथ पौधरोपण में हिस्सा लिया.

### बांग्लादेश में अत्याचार पर हस्तक्षेप की मांग

**जमशेदपुर ।** बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं के ऊपर किये जा रहे अत्याचार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन और मारवाड़ी समाज ने भारत सरकार से किया अविलंब हस्तक्षेप की मांग की. इस संबंध में दोनों संस्थाओं के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार आतंकवादी गतिविधियों का ही एक परिणाम है.

### अभियान के लिए शक्ति केंद्रों के प्रभारी नियुक्त

**आदित्यपुर ।** भाजपा आरआईटी मंडल की हर घर तिरंगा अभियान को लेकर नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक निवर्तमान मेयर बिनोद श्रीवास्तव के आवासीय कार्यालय में हुई. बैठक में हर घर तिरंगा अभियान पर चर्चा की गयी. इस अभियान निमित मंडल के सभी शक्ति केंद्रों में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है.

### जेएससीए की सीओएम की बैठक आज रांची में

**रांची ।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) की कमिटी ऑफ मैनेजमेंट (सीओएम) की बैठक मंगलवार को होगी. बैठक में जेएससीए के वार्षिक आम सभा (एजीएम) जगह और तिथि पर आखिरी मुहर लगेगी. साथ ही बैठक में एजीएम के एजेंडे को भी मंजूरी दी जाएगी. एजीएम जमशेदपुर में 25 अगस्त को होने कि संभावना है. पिछला एजीएम गढ़वा में काफी हंगामेदार रहा था. वहां 28 नए सदस्यों की सदस्यता पर विवाद के बाद विशेष कमिटी का गठन करना पड़ा था.

## विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बदले जाएंगे !

# अध्यक्ष पद की दौड़ में एक-दो, तीन नहीं...चार-चार दलबदलू

**संजय सिंह। रांची**

झारखंड में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं. भाजपा जोरशोर से चुनावी तैयारी में जुटी है. सत्ता पक्ष में झामुमो भी चुनावी तैयारी में जुटा है. राजद-वाम दल भी सीटों को लेकर दावे पर दावे ठोक रहे हैं. लेकिन इंडिया गठबंधन की प्रमुख घटक कांग्रेस की चुनावी तैयारी का कुछ पता नहीं चल रहा है. कांग्रेस में बयानवीरों को संख्या ज्यादा हो गयी. उधर सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के मंत्री अपनी डफली अपना राग आलाप रहे हैं. जो मंत्री बने हैं, वे अपनी गोटी फिट करने में जुटे हैं. न संगठन से मतलब, न पार्टी के नेता-कार्यकर्ता से. हाल ही में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर दिल्ली में झारखंड कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की थी. खरगे ने नेताओं की क्लास भी ली थी. उन्हें बताया गया था कि झामुमो के गठबंधन के सहारे कांग्रेस ने दो सीटें खूंटी-लोहरदगा तो जरूर जीत ली, लेकिन सामान्य सीटों पर पार्टी हांफ गयी. खरगे ने सामान्य सीटों पर पार्टी का जनाधार बढ़ाने पर फोकस करने को कहा है. चेताया भी है कि काम नहीं करनेवाले नेता नपेंगे. खरगे प्रदेश के नेताओं से वन टू वन मिले. अधिकांश नेताओं ने खरगे से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को हटाने की मांग रखी. प्रदेश अध्यक्ष के साथ भी जो नेता गये थे, उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए खुद भी दावेदारी ठोक दी. कांग्रेस के अंदरखाने में चुनाव से पहले प्रदेश अध्यक्ष को बदले जाने की चर्चा है. चर्चा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को हटा कर किसी आदिवासी को कमान सौंपी जा सकती है या फिर सामान्य वर्ग से ही किसी को अध्यक्ष बनाया जा सकता है. दोनों पहलु पर मंथन चल रहा है. हालांकि प्रदेश अध्यक्ष के लिए जिन नामों की चर्चा है, उनमें से ज्यादा दलबदलू ही है.

### पार्टी के नेता-कार्यकर्ता ही असहाय बनाने में लगे हैं सहाय को




दिग्गज नेता सुबोधकांत सहाय के नाम की भी अध्यक्ष पद के लिए चर्चा है. जनता पार्टी से 1977 में राजनीतिक करियर शुरू कर हटिया से विधायक बने. 1989 तक लगातार विधायक रहे. 1989 में जनता दल से चुनाव जीते, केंद्र में मंत्री बने .फिर सजपा, झामुमो का सफर तय करते हुए कांग्रेस में शामिल हुए थे. लंबी अवधि तक कांग्रेस में सेवा की. 14 साल के राजनीतिक वनवास के बाद कांग्रेस के टिकट पर 2004 के लोकसभा चुनाव में रांची से विजयी हुए. जीते तो केंद्र में मंत्री भी बनाये गये. दोबारा 2009 का लोकसभा चुनाव भी जीते, फिर से मंत्री बनाये गये. मंत्री बने तो संगठन को मजबूत बनाने के लिए भी लगे रहे. 2014 और 2019 का चुनाव हार गये. 2024 के चुनाव में बिटिया को टिकट दिलाया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली. अब संगठन के लिए काम करने को तैयार हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनना तो चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता ही सहाय को असहाय बनाने में जुटे हुए हैं. सहाय सीनियर लीडर हैं, उनके सामने दूसरे नेताओं की चलेगी नहीं.

### कांग्रेस को ठेंगा दिखा टिकट के लिए आजसू में भागे थे बलमुचू



कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में एक और नेता प्रदीप बलमुचू भी हैं. बलमुचू को कांग्रेस पार्टी ने काफी मान-सम्मान दिया था. घाटशिला से विधायक बने, तो प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद सौंपा गया. लंबी अवधि तक युवा कांग्रेस अध्यक्ष, फिर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे. कांग्रेस में खूब चलती थी, मान-सम्मान भी मिलता था .घाटशिला सीट से मोह था. जब कांग्रेस में चलती थी, खुद राज्यसभा सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी थे. बिटिया को घाटशिला से विधानसभा का टिकट दिलाया, तो जनता ने धूल चटा दिया. जब राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हुआ, तो फिर से घाटशिला सीट से चुनाव लड़ने के लिए लकलकाईल थे. जिस कांग्रेस ने मान-सम्मान दिया,उसने गंठबंधन के कारण बलमुचू को टिकट नहीं दिया, तो उन्होंने कांग्रेस को ठेंगा दिखा कर आजसू का दामन थामा. चुनाव लड़े, चारों खाने चित्त हुए, काफी भटके, फिर धीरू भाई का सहारे चुप्पे से पार्टी में ऊपरे-उफरे घुसिया गये. अब फिर से अध्यक्ष पद के लिए लार टपकइले हैं.

### भाजपा, झाविमो से होते हुए कांग्रेस में आये प्रदीप यादव



पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव की कभी भाजपा में खूब चलती थी. भाजपा में बाबूलाल की सरकार में मंत्री भी रहे. बाबूलाल ने भाजपा को बाई-बाई किया, तो यादव जी भी उनके साथ हो लिए. झाविमो बना, तो प्रदीप जी पदाधिकारी बने. झाविमो के टिकट पर विधायक भी बने. लेकिन जब बाबूलाल ने झाविमो को समाप्त कर भाजपा का दामन थामा, तो प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये. प्रदीप यादव कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़े, लेकिन हार गये. उनपर एक गंभीर आरोप भी लगा है. केस भी चल रहा है. अब प्रदीप यादव भी ओबीसी कोटा से अध्यक्ष पद हासिल करने के फिराक में लगे हैं.

### कांग्रेस को छोड़ कर कमल खिलाने गये, लौट कर बु...घर आये



पिछले विधानसभ चुनाव में कांग्रेस को ठेंगा दिखा कर भाजपा में शामिल सुखदेव भगत भी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं. ब्यूरोक्रेट से राजनीतिज्ञ बने भगत को कांग्रेस ने काफी सुख दिया है. कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने, प्रदेश अध्यक्ष भी रहे. लेकिन रघुवर दास जब मुख्यमंत्री थे, तो भाजपा से प्रभावित हो गए. जिस कांग्रेस ने उन्हें मान-सम्मान दिया था, इज्जत बख्शी थी, उसे लात मार कर ठीक 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होगये. भाजपा से टिकट हथियाने में कामयाब तो रहे, लेकिन जनता ने उन्हें बेनकाब कर दिया. जिस कांग्रेस को लात मार कर भगत ने भाजपा का सुख लेने की चाहत रखी थी, उस पर लोहरदगा की जनता ने पानी फेर दिया. कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव ने उन्हें पराजित कर दिया. भाजपा में दम घुटने लगा, तो कांग्रेस में शामिल होने के लिए छटपटाए लगे. गोड़परिया कर उपरे सेटिंग कर कांग्रेस में आ गए, कांग्रेस ने फिर उन्हें सुख दिया. टिकट देकर लोहरदगा से सांसद बनवा दिया, लेकिन अब भगत प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी भी चाहते हैं.

### डोमिसाइल आंदोलन से चर्चा में आये थे पूर्व मंत्री बंधु तिर्की



जिन नेताओं के नाम की चर्चा है, उनमें पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, सांसद सुखदेव भगत, प्रदीप बलमुचू, विधायक प्रदीप यादव और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय के नाम शामिल हैं. लेकिन इनमें से चार हाल-फिलहाल के (चार-पांच साल) के दलबदलू हैं, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी दल बदल कर ही कांग्रेस का दामन थामा था, लेकिन लंबी अवधि तक कांग्रेस में रह कर पार्टी को सींचा भी है. लेकिन तिर्की का हाल के कुछ चार-पांच सालों से ही कांग्रेस से नाता रहा है. कभी अपनी पार्टी बनाई थी, फिर बाबूलाल मरांडी के साथ झाविमो में शामिल हुए. मांडर से जीते भी. बाद में बाबूलाल मरांडी ने राह बदली, कमल खिलाने गये, झाविमो का अस्तित्व समाप्त हुआ, तो बंधु ने मोर्चा के अपने साथी प्रदीप यादव संग कांग्रेस का दामन थाम लिया. 2003 में बाहरी-भितरी का नारा बुलंद करनेवाले डोमिसाइल आंदोलन के कारण ज्यादा चर्चा में आये बंधु तिर्की को आय से अधिक संपत्ति मामले में सजा हुई, विधायकी भी चली गई. हाल ही में उनकी बिटिया शिल्पी नेहा तिर्की ने भी बाहरी व बिहारी को लेकर कुछ ऐसा बयान दे दिया, जिससे विवाद बढ़ गया. बंधु अध्यक्ष पद पर काबिज होने के लिए रांची से दिल्ली तक एड़ी-चोटी एक किए हैं.



जाम के कारण मानगो में घंटो तक सड़क पर फंसे रहे लोग.

# मानगो पुल पर महाजाम से हलकान रहे लोग, दो घंटे तक रेंगती रही गाड़ियां

## यातायात व्यवस्था बहाल करने में ट्रैफिक पुलिस के छूटे पसीने

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

वैसे तो मानगो पुल पर प्रतिदिन सुबह व शाम जाम लगता है. लेकिन सोमवार की सुबह करीब 10.30 बजे भीषण जाम लग गया. जिसके कारण वाहनों की आवाजाही चारो ओर से ठहर सी गई. लगभग दो घंटे तक मानगो पुल एवं उससे कनेक्ट होने वाले सर्विस रोड पर वाहन रेंगते रहे. हालांकि इस दौरान ट्राफिक पुलिस यातायात बहाल करने में जुटी रही. लेकिन लगभग दो घंटे बाद ही यातायात सामान्य हो सका. मानगो पुल जाम होने का प्रमुख कारण श्रावण मास की चौथी सोमवारी पर शिव भक्तों द्वारा निकाला गया कलश यात्रा रही. वहीं 11 बजे से भारी वाहनों की एन्ट्री खुल जाने के कारण परेशानी और बढ़ गई.

सुबह भालूबासा जंबू अखाड़ा समिति की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं शामिल थी. इस दौरान झांकी के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई. झांकी देखने के लिए लोग सड़कों के किनारे वाहन लगाकर खड़े हो गए. कलश यात्रा के स्वर्णरेखा नदी तट तक पहुंचने के दौरान वाहनों की रफ्तार नहीं थमी थी. लेकिन जैसे ही नदी से जल लेकर सभी श्रद्धालु मानगो बस स्टैंड चौक पहुंचे. यातायात पुलिस ने श्रद्धालुओं के लिए वाहनों की आवाजाही वर्जित कर दी. फिर क्या था, एक के बाद एक करके वाहन रूकते गए.

जिसके कारण वाहनों का काफिला लंबा हो गया. मानगो पुल से डिमना रोड राजस्थान भवन तक तथा ओल्ड पुरूलिया रोड में पायल टॉकिज बड़ा हनुमान मंदिर वाहनों की लबी कतार लग गई. दूसरी ओर साकची एवं बिष्टुपुर से आने एवं जाने वाले वाहन स्वर्णरेखा लिंक रोड में मरीन ड्राइव गोलचक्कर तक ठहर गए. यही स्थिति साकची से एमजीएम अस्पताल गोलचक्कर होकर आने एवं जाने वाले वाहनों की रही.

### बन्ना गुप्ता के कथित वीडियो मामले में भाजपा नेता को नोटिस

**जमशेदपुर ।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के तथाकथित अश्लील वीडियो वायरल करने (लगभग डेढ़ वर्ष पहले) के मामले में साइबर थाना बिष्टुपुर ने भाजपा नेता विकास सिंह को नोटिस भेजा है. नोटिस में भाजपा नेता को 14 अगस्त को साक्ष्य के साथ साइबर थाना में उपस्थित होने के लिए कहा गया है. नोटिस में पुलिस ने कहा कि भाजपा नेता ने अपने फेसबुक आईडी के माध्यम से उक्त अश्लील फोटो एवं वीडियो को कई बार वायरल किया. दूसरी ओर भाजपा नेता विकास सिंह ने नोटिस मिलने के बाद कहा कि मामले की सच्चाई जनता के सामने लाने के लिए वे लगातार मांग करते आ रहे हैं. लेकिन मंत्री ने नोटिस भेजवा कर परेशान और डराने का प्रयास किया.

# जेल से दो माह पहले छूट कर आए युवक पर गदड़ा में फायरिंग, मौत

## बाइक पर सामुदायिक भवन के सामने से जा रहा था लोकनाथ ठाकुर

**विशेष सहयोगी | जमशेदपुर**

परसुडीह थाना अंतर्गत गदरा में सोमवार की देर रात लोकनाथ ठाकुर नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बाइक से भागने में सफल रहे. घटना की जानकारी परसूडीह पुलिस को मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथआ तहकीकात शुरु की. बताया जाता है कि लोकनाथ ठाकुर भी अपराधिक प्रवृति का था. दो माह पहले ही वह जेल से छुटकर आया था. दूसरी ओर स्थानीय लोग इसे गैंगवार से जोड़कर देख रहे हैं. हालांकि पुलिस ने अभी



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस

तक गैंगवार की पुष्टि नहीं की. सीटी डीएसपी सुधीर कुमार ने बताया कि अज्ञात अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है. घटना के समय लोकनाथ ठाकुर मोटरसाइकिल से गदरा मुख्य मार्ग होकर कहीं जा रहा था. उसी दौरान अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया. पुलिस ने घटनास्थल से पांच खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है. इस घटना के पीछे मुख्य कारण है इसकी पुलिस पड़ताल कर रही है. खासकर अगल-बगल लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही मामला साफ हो पाएगा कि आखिर इस घटना के पीछे क्या कुछ मुख्य कारण है.हालांकि पुलिस ने माना कि मृतक भी आपराधिक प्रवृति का था. पुलिस इसे आपसी रंजिश से भी जोड़कर देख रही है. पुलिस ने घटनास्थल पर पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## बागबेड़ा की शराब दुकान में चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

बागबेड़ा थानान्तर्गत स्टेशन रोड स्थित सरकारी शराब की दुकान में बीते 8-9 अगस्त की रात में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया. इस मामले में विशेष कार्य दल (एसआईटी) ने चार युवकों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार अभियुक्त बागबेड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. जिसमें अरूण प्रसाद, आकाश सिंह एवं सन्नी शर्मा उर्फ नटरू तथा संजय साहु उर्फ कनकटा (सभी गांधीनगर) के रहने वले वाले हैं. पुलिस ने प्राथमिकी में 1.90 लाख रुपया नकद एवं 40 हजार रुपये की शराब चोरी दर्ज की है. लेकिन एसआईटी को चारों के पास से मात्र 1500 रुपया नकद ही बरामद हुआ. एसआईटी ने काले रंग का एक लॉकर भी बरामद किया है. संवाददाताओं को जानकारी देते हुए डीएसपी तौकीर आलम ने बताया कि आकाश सिंह मूलरूप से आदित्यपुर का रहने वाला है. लेकिन इन दिनों वह बागबेड़ा गांधी नगर में रहता है. उसके खिलाफ शहर के अलावे आदित्यपुर में आधा दर्जन से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज हैं.

## कराईकेला में महिला को पोल से बांधा, पुलिस ने छुड़ाया

**संवाददाता | चक्रधरपुर**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के कराईकेला थाना क्षेत्र के धातकीडीह गांव में दो पक्षों में विवाद हो गया. इस दौरान मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया. दूसरे पक्ष के ग्रामीणों ने मारपीट करने वाली एक महिला को स्ट्रीट लाइट के पोल में बांध दिया. इससे वहां तनाव बढ़ गया. घटना रविवार की शाम की बताई जाती है. इसकी जानकारी कराईकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार को मिली तो वे तत्काल दलबल के साथ धातकीडीह गांव पहुंचे और महिला को ग्रामीणों से छुड़ाया. प्राप्त जानकारी के अनुसार धातकीडीह गांव निवासी सागर प्रधान व उसकी बहन चेंगनु प्रधान, पिंकी पलाई व सुजाता देवी ने पुराने विवाद में गांव के ही सुखदेव बोदरा की जमकर पिटाई कर दी. सोमवार की सुबह सागर प्रधान की बहन चेंगनु प्रधान खेत में काम करने गई तो मौका पाकर सुखदेव बोदरा के परिजनों व ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर गांव में स्ट्रीट लाइट के पोल से बांध दिया. इस बीच किसी ने मोबाइल के वीडियो बनाकर वायरल कर दिया.

## कवायद कुल बूथ 87, सिर्फ तीन बूथ के शिफ्ट हुए वोटरों का जमा किया आंकड़ा

# शहरी क्षेत्र के लापता मतदाताओं को खोजने में रूचि नहीं ले रहीं कंपनियां

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

शहरी क्षेत्र (जमशेदपुर पूर्वी व पश्चिमी विधानसभा) के लापता मतदाताओं की खोज करने में शहर के कारपोरेट घराने रूचि नहीं ले रहे हैं. एक पखवाड़े से ज्यादा समय बीतने के बाद भी 87 बूथ में मात्र 3 बूथ के शिफ्ट हुए मतदाताओं की सूची जिला प्रशासन को सौंपी. इतने दिनों में मात्र तीन बूथ के मतदाताओं का नाम पता व फोन नंबर उपलब्ध कराए जाने पर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने गहरी नाराजगी व्यक्त की. बैठक में मौजूद निजी कंपनियों के प्रतिनिधि को उपायुक्त ने खरी-खरी सुनायी. साथ ही सभी को 5 दिनों का समय देते हुए सूची समर्पित करने के लिए कहा. सोमवार को उपायुक्त जिला सभागार



कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त अनन्य मित्तल.

में विभिन्न कंपनियों के क्वार्टर धवस्त किए जाने के बाद स्थानांतरित मतदाताओं को चिन्हित करने के कार्य प्रगति की समीक्षा कर रहे थे.

उपायुक्त ने कहा कि बीएलओ. द्वारा मतदाताओं का घर-घर सत्यापन कार्य के दौरान कई कम्पनियों के आवासीय क्वार्टर ध्वस्त किए जाने तथा कर्मियों द्वारा क्वार्टर खाली कर अन्यत्र चले जाने की जानकारी मिली थी. वैसे मतदाताओं का बीएलओ द्वारा सत्यापन करने अथवा नियमानुसार कार्रवाई करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है.

**कार्य में शिथिलता पर डीसी ने जतायी नाराजगी, पांच दिन का दिया समय**

उपायुक्त ने सभी कंपनी प्रबंधन से कहा कि 48-जमशदेपुर पूर्वी एवं 49-जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा तथा 45- घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित कंपनी प्रबंधन जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये मतदाता सूची पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए अपने स्थानांरित कर्मियों का वर्तमान पता व फोन नंबर उपलब्ध करायें जिससे उन्हें नोटिस दिया जा सके.

उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूची निर्माण के लिए जरूरी है कि सभी कंपनी प्रबंधन एवं मतदाता इस अभियान में अपनी परस्पर सहभागिता दिखायें . जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गए एब्सेंट, शिफ्टेड व डेथ मतदाताओं की सूची से कंपनियां अपने एचआरएमएस से मिलान कर नया पता या फोन नंबर उपलब्ध करायेंगी. जिससे किसी एक स्थान के मतदाता सूची से उनका नाम निर्वाचन आयोग के नियमानुसार पूरी प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए विलोपित किया जा सके. 1950 हेल्पलाइन नंबर, वोटर हेल्पलाइन एप या बीएलओ के माध्यम से भी मतदाता स्वयं अपने पूर्व के निवास स्थान से नाम हटवा सकते हैं. बैठक में अपर उपायुक्त योगेन्द्र प्रसाद, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, एलआरडीसी गौतम कुमार, एसडीएम धालभूम पारूल सिंह, टाटा स्टील, जुस्को, टाटा कमिंस, टाटा पॉवर, टाटा मोटर्स, तार कंपनी, एचसीएल/आईसीसी मऊभंडार, यूसीआईएल व अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

## होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम व पर्यटन-पुलिस पहल शुरू

### होटलों में ठहरने वालों की पूरी जानकारी ऑनलाइन रहेगी



**संवाददाता | आदित्यपुर**

सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज रतन चौथे और सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने होटल में रूकने वाले लोगों का सत्यापन एवं प्रक्रिया को सरल, प्रभावी तथा पेपरलेस बनाने हेतु होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम की शुरूआत की है. यह सिस्टम सरायकेला-खरसावां पुलिस, जमशेदपुर होटल और रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन एवं एनआईसी की संयुक्त पहल है. अब जिला में होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम के तहत सभी पुलिस थानों को उनके थानान्तर्गत अवस्थित होटलों, मोटल, रिसोर्ट आदि में ठहरने वाले अतिथियों की प्रविष्टि ऑनलाइन की जा सकेगी. इसे संबंधित थाना द्वारा रियल टाइम में एक्सेस किया जाएगा. इसके अलावा पुलिस ने 'पर्यटन-पुलिस' पहल की शुरुआत की है. सभी पुलिस थानों में एक पर्यटक पुलिस नोडल पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है. यात्री किसी भी आपात स्थिति में या जानकारी प्राप्त करने हेतु 112 या कंट्रोल रूम के नंबर 9798302486 पर कॉल या व्हाट्स्एप्प कर पर्यटन-पुलिस की मदद ले सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### नामदा बस्ती गुरुद्वारा के नये प्रधान का अभिनंदन

**जमशेदपुर ।** नामदा बस्ती गुरुद्वारा साहिब के नव निर्वाचित प्रधान पद पर दलजीत सिंह का सोमवार को भाजपा नेता दिनेश कुमार ने अभिनंदन किया. इस दौरान दिनेश कुमार ने उन्हें सरोपा एवं पुष्प गुच्छ प्रदान किया. पूर्व में ग्रंथि के रूप में सेवा प्रदान कर चुके हैं अब वे प्रधान के रूप में संगत को अपनी सेवा प्रदान करेंगे. भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कहा, दलजीत सिंह सभी को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति हैं. इस दौरान अमरजीत सिंह राजा, राज साह, तेजेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहें.

### दुर्घटना में बाल-बाल बचे सेवानिवृत्त श्रम अधीक्षक

**आदित्यपुर ।** अपने पैतृक गांव मुजफ्फरपुर जा रहे सरायकेला-खरसावां के सेवानिवृत्त श्रम अधीक्षक राकेश सिन्हा कोडरमा घाटी में हुई सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे हैं. वे मारुति रिट्ज कार से जमशेदपुर से मुजफ्फरपुर जा रहे थे. राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि कोडरमा घाटी में बिहार के देहूरी गांव के पास झारखंड क्षेत्र में एक ब्लाइंड मोड़ पर बिहार शरीफ से हजारीबाग जाने वाली बस विष्णु रथ ने एक ट्रक को गलत साइड से ओवरटेक करते हुए सीधे मेरे कार में टक्कर मार दी. सौभाग्य से हम लोग बच गए. हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस ने हम लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला.

### छात्रों ने आयकर विभाग का किया शैक्षणिक भ्रमण

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने सोमवार को आयकर विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया. इस दौरान विद्यार्थियों ने आयकर विभाग के कार्यालय में सिद्धार्थ पांडेय आईटीओ, सत्येंद्र कुमार आईटीओ और विजय कुमार आयकर आयुक्त के साथ संवाद किया . अधिकारियों ने विभाग के विभिन्न पहलुओं और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए. इस अवसर पर विद्यालय के को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार सिंह और शिक्षक अनिश त्यागी ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट रूप से तैयार किया और विभाग के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया.

### टैलेंट सर्च अकादमी की प्रतियोगिता परीक्षा 24 को

**पटमदा ।** टैलेंट सर्च अकादमी के सदस्यों की एक बैठक सोमवार को बोड़ाम प्रखंड के मोहनपुर प्राथमिक विद्यालय में हुई. जिसमें अकादमी के क्रियाकलापों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 24 अगस्त (रविवार) को एक मेधा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन सुबह 09:30 बजे से किया जाएगा. इस प्रतियोगिता परीक्षा में पटमदा और बोड़ाम प्रखंड के प्रत्येक प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के कक्षा पांचवीं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते हैं.

### ट्राफिक कालोनी व संजय नगर में शिविर आज से

**जमशेदपुर ।** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत पड़ने वाले बागबेड़ा ट्राफिक कालोनी एवं संजय नगर के लाभुकों का मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म जमा करने लिए 13 अगस्त से कैंप लगेगा. उक्त कैंप में महिलाएं अपना फॉर्म जमा कर सकती हैं. दोनों मुहल्लों की महिलाओं का फॉर्म किसी भी कैंप में जमा नहीं लिया जा रहा था. क्योंकि दोनों मुहल्लों के सीमांकन को लेकर जमशेदपुर प्रखंड-अंचल कार्यालय एवं जुगसलाई नगर परिषद के बीच विरोधाभाष है. जिसके कारण बागबेड़ा में प्रखंड कार्यालय की ओर से आयोजित शिविर में उनका फॉर्म जमा नहीं हो रहा था.

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने मनाया सिंघारा महोत्सव

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन सुंदरनगर शाखा की ओर से सोमवार को श्री शिव मंदिर परिसर में सावन सिंघारा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. लगातार 9वें साल आयोजित हुए इस कार्यक्रम में सोनल को सावन क्वीन का खिताब मिला, जबकि अनिता रनर अप रहीं. इस दौरान देशभक्ति गीत पर प्रीशा ने जहां शानदार प्रदर्शन किया, वहीं खुशबू ने मुड़ी बेचने वाली का किरदार बखूबी निभाया.इसके अलावा, अंताक्षरी भी खेली गई, जिसमें तीन टीमें क्रमशः तीज, सिंघारा, और सावन शामिल थीं. इस प्रतियोगिता में सावन की टीम विजेता रही.

---

स्थानीय निवासियों ने सड़क मरम्मत शुरू करने के लिए 72 घंटे की दी थी चेतावनी

# आदित्यपुर में जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं होने पर गड्ढों में रोपा धान

संवाददाता । आदित्यपुर



आदित्यपुर के आकाशवाणी चौक के समीप जर्जर सड़क की मरम्मत शुरू नहीं करने के विरोध में सोमवार को जर्जर सड़क के गड्ढों में धान रोपा गया. पूर्व में ही एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के अधिकारी को ज्ञापन देकर इस जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए 72 घंटे की चेतावनी दी थी.

यह सड़क आकाशवाणी चौक से आरआईटी क्षेत्र को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है जो कोलकाता बाजार के पास काफी जर्जर हालत में है. वहां बड़े-बड़े गड्ढे हर पल दुर्घटना को दावत दे रहे हैं. इस सड़क से हजारों स्कूली बच्चे के साथ-साथ आम आदमी का आवागमन होता है. एनआईटी जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थान की पहुंच पथ भी यही है. विरोध करने वालों में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, ललन शुक्ला, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी शनि सिंह, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मिंटू पांडे, पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा धीरेंद्र ओझा, सरोज सिंह , सत्यजीत साहू, सूरज सिंह, अभिषेक कुमार, गणेश प्रजापति, चंदन शर्मा, पवन सिंह, हरेंद्र सिंह, रहीस शर्मा, शांतनु चक्रवर्ती, शामिल थे. इनलोगों ने बताया कि जब तक सड़क की हालत ठीक नहीं होती है तब तब संघर्ष जारी रहेगा.

---

आदित्यपुर पुलिस ने किया बाइक चोरियों के मामले का खुलासा

# छह बाइक, एक कट्टा बरामद, तीन गिरफ्तार

संवाददाता । आदित्यपुर



मीडिया को बाइक चोर गिरोह की जानकारी देते एसपी मुकेश लुणायत.

आदित्यपुर पुलिस ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पिछले एक महीने के दौरान हुई बाइक चोरी मामले का खुलासा करते हुए तीन कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक और एक रेकी में प्रयुक्त बाइक के साथ देसी कट्टा भी बरामद किया है. पुलिस की गिरफ्त में आए अपराध कर्मियों में श्रीराम तिउ उर्फ आकाश, विशाल कुमार महतो और पप्पू गागराई उर्फ टोप्पो शामिल हैं.

इसकी जानकारी सोमवार को एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को आरआईटी थाना क्षेत्र निवासी ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी. इसके बाद जांच के क्रम में 11 अगस्त को रामकृष्ण फोर्जिंग के पास मोटरसाइकिल संख्या जेएच 05 डी बी- 6604 आसपास घूम रहे दो युवकों को स्टार्च की गयी साथ ही मोटरसाइकिल से संबंधित कागजात मांगे गए, जिसे दोनों युवक नहीं दिखा सके.

पूछताछ के क्रम में दोनों ने अपना नाम क्रमशः श्रीराम तिउ उर्फ आकाश और विशाल कुमार महतो बताया. उसके बाद दोनों को हिरासत में ले कर कड़ाई से पूछताछ के क्रम में अपने एक अन्य साथी का नाम बताया. जिसे हिरासत में लेने पर तीनों से पूछताछ करने पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से चुराए गए पांच बाइक और एक देसी कट्टा बरामद हुआ है. तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.

### कारोबारी अजय प्रताप सिंह पर हुए बम से हमला मामले का एक और आरोपी भेजा गया जेल



**आदित्यपुर ।** बीते 9 अप्रैल को आदित्यपुर थाना क्षेत्र के एमटीसी मॉल के पीछे कारोबारी अजय प्रताप सिंह पर हुए बम से हमला मामले में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है . आदित्यपुर पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे अपराध कर्मी संजय सवैया उर्फ संजू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है . बता दें कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी मोतीलाल बिशोई, मंतोष महतो, विश्वनाथ दास एवं सुशांत सिंहदेव उर्फ टूना सिंह को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था . गिरफ्त में आए संजू ने पुलिस के पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है . साथ ही अन्य सहयोगियों के नाम भी बताए हैं . जिसकी तलाश में छापेमारी चल रही है . पुलिस ने संजय के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है .

---

# तमिलनाडु से बीमार होकर लौटे बुरुडीह के युवक की मौत

मुलाई बोरवेल्स कंपनी में था, अचानक मानसिक संतुलन बिगड़ा

- दोस्तों ने गंभीर स्थिति में पहुंचाया था घर

संवाददाता । घाटशिला



कालचीति पंचायत अन्तर्गत बुरुडीह गांव निवासी देवेन मार्डी (34 वर्ष) की मौत सोमवार को बुरुडीह स्थित आवास पर हो गई है. ग्रामीणों से सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू बुरुडीह गांव पहुंची तथा ग्राम प्रधान श्याम मुर्मू व मृतक की पत्नी सादरी मार्डी से मामले की जानकारी ली. इस घटना से मृतक की पत्नी सादरी मार्डी, पुत्र फुरला मार्डी(10), पुत्री अर्पिता मार्डी (8),पुत्र अजीत मार्डी पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है.

मृतक की पत्नी ने जिला परिषद सदस्य को बताया कि उसके पति पिछले तीन साल से तमिलनाडु के मुलाई बोरवेल्स कंपनी में काम कर रहे थे. इस बार घर आने के बाद काम पर नहीं लौटना चाहता था, लेकिन स्थानीय स्तर पर कोई काम नहीं मिलने के कारण 5 अगस्त को तमिलनाडु लौटा था. इसी बीच अचानक उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया. अजीबोगरीब हरकत करने लगा था. इसे देखते हुए उनके दोस्तों से घर पहुंचा देने का आग्रह किया. बहुत मुश्किल से उनके दोस्तों ने गंभीर अवस्था में घर लाया. परिजन अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इसी बीच उसने दम तोड़ दिया. जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया. उन्होंने कम्पनी के मालिक से दूरभाष पर बात कर पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता मुहैया कराने का आग्रह किया. मुर्मू ने इस घटना पर दुःख जाहिर करते हुए कहा कि राज्य सरकार नौजवानों को रोजगार दिलाने में विफल साबित हुई है. सरकार के पास प्रवासी मजदूरों का कोई आंकड़ा नहीं है. दूसरे प्रदेश में रोजगार के लिए जाने वाले युवा या तो जान गवां रहे हैं या फिर लापता हो रहे हैं. आदिवासी-मूलवासी युवकों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है.

### सिद्धेश्वर शिव मंदिर में भोग का वितरण

**जादूगोड़ा ।** श्रावणी सोमवार के मौके पर श्री सिद्धेश्वर पहाड़ शिव मंदिर प्रांगण (रुआम) में युवा कुम्हार समिति की ओर से भक्तो के बीच सेवा शिविर लगाया गया. इस दौरान भक्तों के बीच खिचड़ी व शर्बत का वितरण किया गया इसका हजारों भक्तों ने लाभ उठाया. कार्यक्रम में नव रंजन भकत, ध्रुवज्योति भकत, प्रशान्त कुमार भकत व अन्य का योगदान रहा.

---

## जान जोखिम में डाल जर्जर छत के नीचे पढ़ने को मजबूर



मयूरभंज के बादामकुराड़ी प्राथमिक विद्यालय का हाल

**रायरंगपुर ।** ओडिशा के मयूरभंज के कुसुमी ब्लॉक में शिक्षा व्यवस्था पर अधिकारियों का ध्यान नहीं है. कुसुमी समूह शिक्षा अधिकारी के अंतर्गत बादामकुराड़ी सरकारी प्राथमिक विद्यालय में यह देखने को मिला है. ग्रामीणों की शिकायत के अनुसार 1972 में बने इस स्कूल में 1980 में दो कक्षा कक्ष बनाए गए थे. यह अब चार दशक पुराना हो चका है. इसकी हालत जर्जर है, कहीं छत टूटी है, कहीं दीवार टूटी है, कहीं-कहीं प्लास्टर बचा है, कहीं पानी गिर रहा है, ऐसी स्थिति में यहां पांच कक्षाओं के 51 छात्र जान जोखिम में डालकर पढ़ने को विवश हैं, इस मामले में ग्रामीणों और स्कूल प्रशासन ने बार-बार बीडीओ, बीईओ, तहसीलदार, आरआई से शिकायत की कि स्कूल को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए, लेकिन नतीजा अभी तक शून्य रहा.

## हेमंत सरकार में जन-समस्याओं का निराकरण हुआ : रामदास सोरेन



- प्रखंड की 35 हजार महिलाओं को मिलेगा मंईयां सम्मान योजना का लाभ

संवाददाता । घाटशिला

धरमबहाल पंचायत अंतर्गत चुनुडीह हरि मंदिर के सामने झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से सोमवार को ग्राम प्रधान मुकेश मुर्मू के अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में मुख्य अतिथि विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार ने शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क जैसे जन समस्याओं को निराकरण करने का काम किया है. आज घाटशिला प्रखंड के शहरी क्षेत्र के पंचायत में पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना नहीं बन रही थी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नेतृत्व में आवास का निर्माण शहरी क्षेत्र के पंचायत में भी किया जा रहा है जो अबुआ आवास नाम से जाना जा रहा है. मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में 21 वर्ष से 50 वर्ष की सभी माता-बहनों को प्रति माह 1000 रुपए सम्मान राशि मिलेगा. घाटशिला प्रखंड में लगभग 35000 लाभार्थियों को इस योजना के माध्यम से जोड़ा जाएगा. विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा. मौके पर मुखिया बनाव मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, काली पद गोराइ, काजल डान, करुणाकर महतो, विमल मार,डी सुखलाल हंसदा, अपा हेंब्रम, सहित ग्रामीण मौजूद थे.

## शिक्षक की कमी दूर करने के लिए कुलपति को ज्ञापन



**घाटशिला ।** आदिवासी छात्र संघ घाटशिला कॉलेज कमेटी की ओर से सोमवार को कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंप कर विभिन्न विषयों में शिक्षक देने की मांग की है. आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रघुनाथ हंसना ने बताया कि घाटशिला महाविद्यालय घाटशिला में कई विषयों में अध्यापकों की कमी के कारण छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है. इसमें मनोविज्ञान, मानवशास्त्र एवं अंग्रेजी के प्रो डॉ नरेश कुमार की प्रतिनियुक्ति के बाद विश्वविद्यालय द्वारा अंग्रेजी विषय में शिक्षक की नियुक्ति की जानी थी, जो पिछले 8 महीना से नहीं की गई है. इन तीन विषय में शिक्षक नहीं होने के कारण यूजी एवं पीजी की सभी कक्षा बाधित है. इसका सीधा असर उनके आने वाले परीक्षा परिणाम पर होगा. उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा मनोविज्ञान, मानवशास्त्र एवं अंग्रेजी विषय में जल्द से जल्द शिक्षक नियुक्त करें. ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिला अध्यक्ष लखाई मुर्मू, अनुमंडल अध्यक्ष अजीत कुमार मुर्मू एवं घाटशिला कॉलेज कमेटी के अध्यक्ष दांडू मंडी शामिल थे.

---

**आस्था** चौथी सोमवारी पर भालूबासा जंबू अखाड़ा की कलश यात्रा उमड़े श्रद्धालु

# महिलाओं ने श्री श्री लिंगेश्वर नाथ मंदिर में महादेव का किया जलाभिषेक

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर



जंबू अखाड़ा की कलश यात्रा में शामिल अमरप्रीत सिंह काले व अन्य.



भालूबासा जंबू अखाड़ा की कलश यात्रा में शामिल महिलाएं.

श्रावण मास की चौथी सोमवारी पर भालूबासा स्थित जंबू अखाड़ा समिति की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए. कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर स्वर्णरेखा नदी घाट तक गई. पुनः वहां से कलश में जल लेकर सभी श्रद्धालु मंदिर पहुंचे. इससे पहले सुबह 8 बजे जंबू अखाड़ा समिति द्वारा मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले, संरक्षक बंटी सिंह एवं लाइसेंसी रणबीर मंडल के नेतृत्व में मंदिर परिसर से विधि विधान से पूजन कर बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया. स्वर्णरेखा नदी घाट से एमजीएम अस्पताल, अपेक्स अस्पताल, कुम्हार पाड़ा होते हुए वापस बजरंग विजय मंदिर जंबू अखाड़ा पहुंची. जहां श्री श्री लिंगेश्वर नाथ मंदिर में स्थापित भगवान भोलेनाथ पर सभी ने जलाभिषेक किया.

कलश बैंड बाजा के अलावे सिंग बाजा, डीजे के साथ एवं एक गाड़ी पर आकर्षक झांकी सवार थी. भीड़ को देखते हुए जलाभिषेक के लिए अरघा की व्यवस्था की गई थी. जलाभिषेक के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. इस यात्रा में समाजसेवी शिव शंकर सिंह, समाजसेवी पप्पू सिंह, विनय सिंह, जीतेन्द्र सिंह जीतू, जूगुन पांडे, प्रहलाद लोहरा, बलबीर मंडल,काकुली मुखर्जी, एवं अन्य शामिल हुए.

दुसरी तरफ बागबेड़ा के गाढ़ाबासा चिंतामणि महादेव मंदिर समिति की ओर से सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. मंदिर परिसर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर बागबेड़ा बड़ौदा घाट पहुंची. जहां कलश में जल लेकर श्रद्धालु नंगे पांव मंदिर पहुंचे. कलश यात्रा के दौरान रास्ते में ढोल नगाड़े के साथ झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही. मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया. कलश यात्रा में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, जिला परिषद सदस्या कविता परमार समेत अन्य शामिल रहे.

---

## न्यूज अपडेट

### घर में लगी आग, सारा सामान जल कर राख



**बहरागोड़ा ।** बहारागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मौदा पंचायत अंतर्गत मौदा गांव में दैतारी दास और दीनबंधु दास के एसबेस्टस के घर में सुबह करीब 7 बजे आग लग गई. इससे घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया. जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह 7 बजे अचानक दैतारी दास घर में आग लग गई, जो धीरे-धीरे बगल के घर में फैल गयी. पहले तो उन्होंने खुद और आसपास के ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए. इसके बाद ग्रामीणों ने सूचना बहरागोड़ा स्थित अग्निशमन केंद्र को दी. सूचना मिलते ही मौके पर अग्निशमन विभाग के लोगों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया. लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया था.

### बहुलिया में बीमार भारती से मिले कुणाल षाड़ंगी



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा बहारागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बहुलिया पंचायत के चित्रेश्वर निवासी भारती लेंका की अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें कटक ले जाया गया था. वहां उनकी स्थिति गंभीर होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया. कुछ दिनों बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी देकर घर लाया गया, लेकिन उनकी तबीयत अभी भी गंभीर बनी हुई है. जैसे ही इस स्थिति की सूचना पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी को मिली तो उन्होंने तुरंत भारती लेंका के घर जाकर उनका हालचाल जाना. साथ ही उन्होंने उनके बेटे तापस लेंका और पुत्री झेनूरानी लेंका से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया. इसके साथ ही, कुणाल ने दूरभाष पर डॉक्टर से बात कर उनकी रिपोर्ट का अवलोकन किया और वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की.

### महापुरुषों के मूर्तियों पर किया माल्यार्पण



**बहरागोड़ा ।** बहारागोड़ा नेता शिशु उद्यान परिसर में स्थापित सेनानियों एवं महापुरुषों की मूर्तियों पर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया. भाजपा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 11अगस्त से 15 अगस्त तक तय कार्यक्रमों के अनुसार भाजपा बहरागोड़ा मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर के नेतृत्व में नेताजी सुभाष शिशु उद्यान में स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई करने के बाद माल्यार्पण किया गया. इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बाप्तु साव, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष महादेव बैठा, दीपांकर साव, मिंटू नायक, हेमकांत भुइयां, देबदत्त सीट, श्यामसुंदर पाल, समीर नंदी, ननिगोपाल साव, सुमित साव, शुभशंकर जाना, अमित घोष, रोनी भुइयां, राजू गिरि आदि उपस्थित थे.

### आदित्यपुर भाजयुमो का हर घर तिरंगा अभियान



**आदित्यपुर ।** 12 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान की सोमवार को भाजयुमो जिला कमेटी ने शुरुआत की. बता दें कि अमृतकाल महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हो रही है. इसके निमित्त आज भाजपा युवा मोर्चा सरायकेला जिलाध्यक्ष अनुराग जायसवाल के नेतृत्व में गम्हरिया ब्लॉक परिसर स्थित महात्मा गांधी के स्मारक स्थल की पहले साफ सफाई और साज सज्जा कर गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया. इसमें भाजपा नेत्री रितिका मुखी, भाजपा के निवर्तमान आदित्यपुर मंडल अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह, विजय सोनार, अमन कुमार, पूर्व उप-मुखिया राकेश सिंह चंदेल, मोनू झा, छोटू कुमार, महेश सिंह, शुभम वर्मा, अमरीत सिंह, मनीष पांडेय, अंकित कुमार, मंटू कुमार व अन्य कार्यक्रम में उपस्थित थे.

### गालूडीह मंडल में हर घर तिरंगा अभियान शुरू



**घाटशिला ।** गालूडीह क्षेत्र के मिर्गीटांड़ गांव में हर घर तिरंगा अभियान के कार्यक्रम की शुरुआत जिला मंत्री गालूडीह प्रभारी गीता मुर्मू एवं जिला महामंत्री हराधन सिंह ने की. स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा लगाना है एवं बाघुड़िया पंचायत का दौरा करके लोगों को झंडा के प्रति जागरूक किया. मौके पर गीता मुर्मू ने कहा कि लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'आजादी के अमृत महोत्सव' के तत्वावधान में चलाया जा रहा एक अभियान है. यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए की गई है. आप सभी आगे आए एवं प्रत्येक घरों में तिरंगा लगाएं. मौके पर युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हीरालाल महतो, यशोधर सिंह, जगदीश सिंह, निताई पातर, श्यामा पद पातर, कन्हाई सिंह, सोमबारी सिंह, मधु मुर्मू, भारत सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

### कलश यात्रा में हुए शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री




**जमशेदपुर ।** सावन की चौथे सोमवारी पर मानगो पारडीह शिव शक्ति सेवा समिति के द्वारा पारडीह इन्द्र नारायण कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से मानगो स्वणरेखा नदी और मानगो स्वर्णरेखा नदी से 500 महिलाओं के द्वारा कलश में जल भरकर पुनः शिव मंदिर पारडीह आकर भगवान शिव पर जलभिषेक के कार्यक्रम एवं मानगो श्री कृष्णा नगर,गोड़ बस्ती में श्री सार्वजनिक मनोकामना शिव एवं हनुमान मंदिर से 301 महिलाओं के द्वारा निकाली गई कलश यात्रा में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि सावन मास में शिव की पूजा का विशेष महत्व है सच्चे मन से शिव की उपासना करने वाले भक्तों की भोले नाथ सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं.

### सिदिरसाईं गांव में बिजली विभाग ने लगाया शिविर



**जादूगोड़ा।** सिदिर साईं गांव में नौ महीने से 34 भूमिज परिवारों के घर की बिजली नहीं थी. बिजली बिल जमा नहीं करने के कारण बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया था. बिजली विभाग ने सोमवार को गांव में कैंप लगाया. इसमें 20 लोगों ने बकाया बिजली बिल जमा किया. अन्य लोगों ने खेती के बाद बकाया बिजली बिल जमा करने का वादा किया. इसके बाद विभाग ने विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी. इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता कफील अंसारी ने कहा कि कैंप में 15 हजार बकाया बिल जमा किया गया है. कई लोगों ने खेती का काम समाप्त करने के बाद जमा करने का भरोसा जताया है. इस वजह से विद्युत आपूर्ति बहाल की गई है. कुल 34 ग्रामीणों की बिजली काटी गई थी.

## ओपन योग प्रतियोगिता में देवेश बने योग कुमार



**चाईबासा ।** जिला योग एंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय ओपन योग प्रतियोगिता का आयोजन खीरवाल धर्मशाला में सोमवार को संपन्न हुआ. एसआर रूंगटा ग्रुप द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता में आयु 8 से 25 प्लस तक के प्रतिभागियों ने जिले भर से भाग लिया था. प्रतियोगिता में देवेश प्रजापति योग कुमार बने. समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीडीसी संदीप कुमार मीणा ने कहा कि हारना और जीतना जीवन का सामान्य नियम है. एसोसिएशन के अध्यक्ष और एसआर रुंगटा ग्रुप के निदेशक मुकुंद रूंगटा ने भी सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. प्रशिक्षु आईएस अर्णव मिश्रा ने कहा कि योग एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो मानव जीवन को भी व्यवस्थित करती है. सचिव कन्हैया लाल अग्रवाल ने बताया कि सफल प्रतिभागी 17 अगस्त को 11 बजे से रूंगटा मैरेज हाउस में आयोजित होने वाली चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं. 25 और 26 अगस्त को जमशेदपुर के में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के भी अधिकारी हैं.

## चांडिल : दंतैल हाथी ने दुकान का शटर तोड़ा



**चांडिल ।** झुंड से अलग चल रहे दंतैल हाथी ने एक बार फिर चांडिल में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है. जंगली हाथी ने सोमवार की अहले सुबह सिंहभूम कॉलेज चांडिल के कल्याण विभाग के छात्रावास की दीवार को तोड़ दिया है. वहीं गांगूडीह में सड़क किनारे एक दुकान का शटर भी तोड़कर अंगर रखी सामग्री को नुकसान पहुंचाया. चांडिल में दोबारा जंगली हाथी के पहुंचने पर लोगों में भय का माहौल है.

दलमा वन क्षेत्र अंतर्गत चांडिल के सिकली गांव में हाथी के पहुंचने के बाद लोग वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं. लोगों का कहना है कि बार-बार जंगली हाथी के आने पर सभी दहशत में हैं. लोगों को हाथी से जान व माल का नुकसान होने का डर सता रहा है.

ऐसे में वन विभाग लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करे. वहीं सोमवार की शाम ईचागढ़ के पिलीद जंगल में भी हाथियों का झुंड देखा गया. हाथियों का झुंड पहुंचने के बाद लोगों में भय का माहौल है. लोगों का कहना है कि कृषि कार्य के दौरान लोग अपने-अपने खेतों में काम करने से भी डरने लगे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### आसनतलिया रेल लाइन किनारे मिला वृद्ध व्यक्ति का शव

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर रेल मंडल के लोटापहाड़ व सोनुवा स्टेशन के बीच आसनतलिया गांव के पास सोमवार को अप लाइन पोल संख्या 326/23 व 326/29A के बीच से सोनुवा पुलिस ने एक वृद्ध व्यक्ति का शव रेल लाइन के किनारे से बरामद किया. बताया जाता है कि सोनुवा पुलिस को रेल लाइन किनारे एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है. इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को बरामद किया. वहीं इधर मृतक की पहचान नहीं हो पायी है. पुलिस मृतक की पहचान की कोशिश में जुटी हुई है.

### चांडिल : भावी प्रत्याशी को लेकर किया विचार-विमर्श

**चांडिल ।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति/झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का सोमवार को कुकड़ु प्रखंड स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. बैठक में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भावी स्थानीय प्रत्याशियों और विभिन्न मुद्दे पर चर्चा की गयी. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विगत 35 वर्षों से बाहरी लोगों द्वारा विभिन्न पार्टी से सत्ता के साथ प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं. ईचागढ की मूलभूत समस्या, सड़क, प्रदूषण, शिक्षा, रोजगार, मजदूर, किसान, विस्थापित आदि की समस्याओ पर गंभीरतापूर्वक काम नहीं किया गया. बैठक में स्थानीय उम्मीदवार और गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया.

### मनोहरपुर विस क्षेत्र में झारखंड पार्टी के नेताओं ने किया दौरा, ग्रामीणों संग बैठक कर सुनीं उनकी समस्याएं

# पश्चिम सिंहभूम में सिंदरीबेड़ा पंचायत भवन, जो कभी खुला ही नहीं

- ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर दर-दर भटक रहे

**संवाददाता । चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव ब्लॉक के सिंदरीबेड़ा पंचायत का भवन निर्माण होने के पश्चात आज तक खुला ही नहीं है. इस भवन निर्माण के 10 वर्ष हो चुके हैं. इसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है. ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर दर-दर भटक रहे हैं. यह पंचायत मनोहरपुर विधानसभा में आता है. अति सुदूरवर्ती क्षेत्र है. सोमवार को एक दिवसीय दौरा झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह अधिवक्ता महेन्द्र जामुदा एवं जिला उपाध्यक्ष नितिन जामुदा ने किया. उन्होंने पाया कि ग्राम सिंदरीबेड़ा, टाकुब, जतरमा तक चार किलोमीटर का रास्ता एवं पुल बन जाने से ग्रामीण अपनी दैनिक वस्तु, वन से प्राप्त वस्तु, बीमार लोग, बच्चे सभी को बंदगांव बाजार आने-जाने में सुविधा होगी. बारिश के कारण कच्चा रास्ता बह गया है.

इस कारण चार चक्का वाहनों का परिचालन बंद है. ग्राम तुजुर में एक महिला मलेरिया से पीड़ित थी. बाद में उनकी मृत्यु हो गई. उनके पार्थिव शरीर को ग्रामीणों द्वारा ढोकर अस्पताल ले जाया गया.

अगर रास्ता बना हुआ होता तो उस महिला की जिंदगी बच सकती थी. पंचायत भवन की स्थिति देखने से लगता है कि यहां पर कभी भी पंचायत प्रतिनिधि एवं सरकारी पदाधिकारी नहीं आते हैं. पूरा पंचायत सरकारी सुविधाओं से अछूता है. महिलाएं एवं पुरुष पलायन करने को मजबूर है. महेंद्र जामुदा ने कहा कि इस बार का विधायक उसे बनाना है जो आपकी सुविधाओं को ख्याल रखते हुए आपके घर तक आए और आपकी समस्याओं से अवगत हो और उसे दूर करे, तभी हमारे इस पंचायत का विकास हो पाएगा.

मौके पर प्रदीप चांपिया, सिलवेस्टर कोनगाड़ी, सुलेमान भेंगार, सैमुअल बडिंग, सैमुअल सोयमुरूम, सुखराम संगोवार, एलियास बडिंग, आन्दरियस तोपनों, पिलिप बडिंग, गबरियल चाम्पिया, हेरमन बडिंग, जोसेफ ऐरेंज, समुएल सिरुम,बेरोनिका पुरती, अनिता सिरका बारजो, मंगरी चाम्पिया, अनिता सिरका, बमलेन सिरका बरजों, सुषमा चम्पिया, कृपा ओडेया आदि महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे.



सिंदरीबेड़ा का पंचायत भवन में बड़ी-बड़ी झाड़ियां.



सिंदरीबेड़ा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक करते झारखंड पार्टी के नेता.

## चांडिल : मेडल जीतकर लौटने पर पूर्णिमा की गई सम्मानित

**चांडिल ।** रांची के खेलगांव मे अयोजित दो दिवसीय खेलो इंडिया साइकिलिंग वूमेनस ट्रैक इस्ट जोन में झारखंड की पूर्णिमा मंडल ने कांस्य पदक हासिल किया है. पूर्णिमा झारखंड के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र की रहने वाली है. मेडल लेकर चांडिल पहुंचने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा ने पूर्णिमा को गुलदस्ता देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. इसके साथ ही उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाली ईचागढ़ प्रखंड के गौरांगकोचा की रहने वाली बबली हांसदा को भी सम्मानित किया. पप्पू वर्मा ने कहा कि यह गौरव की बात है इस क्षेत्र की महिला खिलाड़ी पूर्णिमा मंडल ने कांस्य पदक जीत कर अपने गृह जिला सहित पूरे झारखंड का मान बढ़ाया है. मौके पर युगल किशोर महतो, चंदन बनजी, आशीष मंडल, नयन दे आदि मौजूद थे.

### महादेवशाल धाम में झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ से पूजा करने पहुंचे लोग

# डेढ़ लाख से अधिक ने किया जलाभिषेक

- स्टेशन से मंदिर तक गेरुआ वस्त्रधारी ही दिखे
- रविवार की देर रात से ही खड़े थे मंदिर की लाइन में

**विशेष सहयोगी । गोइलकेरा**

झारखंड के प्रसिद्ध महादेवशाल धाम में सावन के चौथी सोमवारी पर लगभग डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व पूजा अर्चना की. महादेवशाल धाम में जलाभिषेक व पूजा अर्चना के लिए दूर-दराज से लोग पहुंचे थे. पैदल, डाक बम के अलावे रेल मार्ग व सड़क मार्ग से पहुंचे श्रद्धालुओं का मानो सैलाब उमड़ पड़ा हो. यहां रविवार देर रात से ही श्रद्धालु मंदिर में जलाभिषेक के लिए कतार में लग गए थे. सोमवार अहले सुबह मंदिर के पट खुलने पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया. महादेवशाल मंदिर के समीप स्थित रेलवे ओवरब्रिज तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार दोपहर तक लगी रही.

महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर जलाभिषेक किया. यहां चक्रधरपुर, मनोहरपुर, आनंदपुर, सोनुवा, गोइलकेरा, कराईकेला, बंदगांव, चाईबासा, कोल्हान के विभिन्न जगहों के अलावा झारखंड के अन्य क्षेत्र व ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ से भी श्रद्धालु पहुंचे और बाबा का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की. महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन थी. वहीं मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था.

**महादेवशाल रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़ :** सावन महीने में महादेवशाल धाम में होने वाली भीड़ को देखते हुए महादेवशाल धाम रेलवे स्टेशन में कई ट्रेनों का ठहराव किया गया है. इसे लेकर सोमवार को ट्रेनों के रुकने पर ट्रेनों में चढ़ने व उतरने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. पूरा रेलवे स्टेशन गेरुआ वस्त्रधारियों से पटा पड़ा था. कई लोग विभिन्न ट्रेनों से जलाभिषेक करने के लिए महादेवशाल रेलवे स्टेशन पर उतरे थे तो कई लोग जलाभिषेक करने के बाद ट्रेनों से रवाना हुए.



महादेवशाल धाम मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़.



महादेवशाल धाम स्टेशन पर जलाभिषेक घर लौटने वालों की भीड़.

### मेले में लोगों ने की खरीदारी



सावन के चौथे सोमवार को महादेवशाल धाम मंदिर के समीप लगे मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी. यहां पूजा सामग्रियों के अलावा बच्चों के खिलौने, जरूरत के सामान, खानपान के स्टॉल लगाए गए थे. मंदिर आने वाले श्रद्धालु यहां खरीदारी कर रहे थे. ग्रामीण क्षेत्र से आईं महिलाएं भी खिलौने आदि की खरीदारी की.

### किरीबुरु में मंदिर में उमड़ी भीड़



**किरीबुरु ।** सावन की चौथी सोमवारी को किरीबुरु स्थित श्री लोकेश्वर नाथ मंदिर, ॐ शांति स्थल, मेघाहातुबुरु स्थित मां काली मंदिर समेत तमाम मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. काफी संख्या में महिलाएं, युवतियां व पुरुषों ने जलाभिषेक किया. इस दौरान सभी मंदिरों में भक्तों के लिये प्रसाद रुपी खिचड़ी और खीर आदि का वितरण किया गया.

## न्यूज अपडेट

### सड़क पर गुजरे बिजली के तार दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण



**किरीबुरु ।** सेल की किरीबुरु टाउनशिप के डी टाइप कॉलोनी स्थित मीना बाजार चढ़ाई के समीप मुख्य सड़क से मात्र थोड़ी ऊपर से गुजरी अवैध बिजली की तारें प्रतिदिन बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं. इस मुख्य मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं. इसी स्थान के ठीक बगल में बिजली खंभे से सैकड़ों अवैध बिजली की तारें पास की बस्ती में ले जाई गई हैं, जो हमेशा दुर्घटना को निमंत्रण दे रही हैं. डी टाइप आवासीय क्षेत्र में सेल के सारे अधिकारी रहते हैं, लेकिन इन खतरों को रोकने का प्रयास नहीं कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है. सेल प्रबंधन चोरी से बिजली जलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही नहीं करती है.

### गंगदा पंचायत के ग्रामीणों को अब तक नहीं मिला राशन



**किरीबुरु ।** गंगदा पंचायत के ग्रामीणों को मनोहरपुर के बीडीओ शक्तिकुंज द्वारा दिया गया आश्वासन पूरी तरह से कोरा व खोखला साबित हुआ है. ग्रामीणों का विश्वास अब बीडीओ के ऊपर से भी पूरी तरह से उठ चुका है. उन्होंने 10 दिनों में 12 माह का राशन दिलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक एक माह का भी राशन नहीं मिला. इससे ग्रामीणों में नाराजगी है. वे खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि गंगदा पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों गंगदा पंचायत के मुखिया राजू सांडिल एवं सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम के नेतृत्व में 29 जुलाई को सुबह 5 बजे से राशन के लिए सलाई चौक के पास सड़क जाम कर दिया था.

### कराईकेला में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर बैठक



**चक्रधरपुर ।** कराईकेला बाजार परिसर में सोमवार को भाजपा कराईकेला मंडल के भाजपाइयों की बैठक मंडल अध्यक्ष बीजू प्रमाणिक की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मुख्य रूप से कराईकेला मंडल प्रभारी सह भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष मालती गिलुवा उपस्थित थीं. बैठक में कराईकेला मंडल में भाजपा पार्टी ने हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा कार्यक्रम पर चर्चा की. बैठक में तय किया गया कि 14 अगस्त की शाम को शांति मार्च निकाला जायेगा. 15 अगस्त को हर घर तिरंगा फहराया जाएगा. इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित करने का निर्णय लिया गया. बैठक में नव निर्वाचित कराईकेला मंडल अध्यक्ष बीजू प्रामाणिक को फूलमाला पहनाकर मालती गिलुवा ने सम्मानित किया.

### बंदगांव के नया टोली में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**चक्रधरपुर ।** बंदगांव बाजार स्थित नया टोली में सोमवार को 25 केवी के नए बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया. पिछले दो महीने से बिजली ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण ग्रामीण परेशान थे. इसे लेकर ग्रामीणों की मांग पर बिजली विभाग से समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने 25 केवी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया. इसका विधिवत उद्घाटन सोमवार को समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया. मौके पर मानसिंह मछुवा, सनिका मछुवा, मेघो मछुवा, श्रीराम मछुवा, प्रकाश नायक, खेदन मुंडरी नारा मुंडरी, दुर्गा मछुवा, विष्णु मछुवा समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

# 14 सितंबर को करेंगे दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन



- हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

**संवाददाता । चाईबासा**

14 सितम्बर को हो भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग के लिए जंतर-मंतर नई दिल्ली में आदिवासी हो समाज युवा महासभा धरना-प्रदर्शन करेगा. इसके लिए महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द बिरूवा के नेतृत्व में कूंटा एवं बारी पोखरी गांव के ग्रामीणों के बीच प्रचार-प्रसार किया गया. महासभा की ओर से समाज की पुरानी मांग हो भाषा की संवैधानिक मान्यता के बारे में लोगों को जानकारी दी गई. इस क्षेत्र में चाहे कोई भी समुदाय से हो मगर दैनिक जीवन में प्रतिदिन प्रयोग की जाने वाली भाषा के रूप में सम्मान दिलाने जैसी राष्ट्रीय आंदोलन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लोगों से सामाजिक,आर्थिक और सांगठनिक सहयोग मांगा गया. आठवीं अनुसूची के मामले में दिल्ली में 50 से 100 के आस-पास भाषा प्रेमी युवाओं और भाषा के आंदोलनकारियों के लिए संवैधानिक और संसदीय कार्यप्रणाली एवं उसकी प्रक्रियाओं पर जनजागरूकता हेतु 13 सितम्बर को सेमिनार के आयोजन की ग्रामीणों को जानकारी दी गई.

इसके अलावा अन्य सामाजिक जागरूकता की दिशा में डायन प्रथा, कल्याणकारी योजना, श्रम नियोजन संबंधी स्वयंसेवी संगठन की ओर से हैंडविल बांटा गया. इस अवसर पर आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बर सिंह हेम्ब्रम, लेबा गागराई, मुचिया बारी, मंगल देवगम, टारू देवगम, हरिचरण खंडाईत, सतीश खंडाईत, गोनो डुंगुवा, भोंज डुंगुवा, डुकनी गोप, महाती गोप, संजय गोप, बोदो गोप, डिबर, अविनाश आदि उपस्थित थे.

# कोलकाता में साथी की हत्या कर भागा युवक किरीबुरु में पकड़ाया

### अभियुक्त का अपने दोस्त की पत्नी से था गलत संबंध

- पश्चिम बंगाल पुलिस ले गई कोलकाता
- किरीबुरु में सेल के एसटीपी में कर रहा था मजदूरी

**संवाददाता । किरीबुरु**

कोलकाता में हत्या के आरोपी को किरीबुरु पुलिस ने पकड़ कर पश्चिम बंगाल पुलिस के हवाले कर दिया. इस संबंध में पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरामबाग थाना, कोलकाता के कांड संख्या-447/24, दिनांक 5 अगस्त 2024, धारा-103(1) बीएनएस का अभियुक्त एसके अजीजुल अली हुसैन, पिता मोहम्मद अली, ग्राम चंदन माईपाड़ा, थाना अरामबाग अपने एक साथी की हत्या कर फरार हो गया था. अभियुक्त का गलत संबंध उसके साथी की पत्नी के साथ था, जिसका विरोध उसके साथी ने किया तो अजीजुल ने हत्या कर दी.

इस घटना के बाद से कोलकाता पुलिस निरंतर एसके अजीजुल अली हुसैन की तलाश कर रही थी. इस बीच उसका लोकेशन किरीबुरु मिलने के बाद कोलकाता पुलिस किरीबुरु पहुंची. किरीबुरु थाना प्रभारी मुनाजीर हसन, एसआई बिपिन बिहारी सिंह आदि पदाधिकारियों व जवानों के साथ मेघाहातुबुरु में छापेमारी कर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.

अभियुक्त को लेकर पुलिस चाईबासा न्यायालय में प्रस्तुत करेगी. वहां से उसे ट्रांजिट रिमांट पर कोलकाता ले जाएगी. उल्लेखनीय है कि अभियुक्त एसके अजीजुल अली हुसैन अपने साथी की हत्या करने के बाद 8 अगस्त को कोलकाता के कुछ मजदूरों के साथ मेघाहातुबुरु आया था. यहां सेल की किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु प्रबंधन के अधीन निर्माणाधीन सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट (एसटीपी) में जाने के लिए एप्रोच सड़क निर्माण में मजदूरी कर रहा था. उक्त कार्य को बाहरी ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है.

सेल के प्रावधान अनुसार किसी भी मजदूर से कोई भी ठेकेदार कार्य कराता है तो सबसे पहले उस मजदूर का आचरण प्रमाण पत्र थाना से लेकर आना होता है. लेकिन उक्त ठेकेदार ने दर्जनों बाहरी मजदूरों को पश्चिम बंगाल आदि क्षेत्रों से लाकर कार्य करा रहा है. पुलिस ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ भी कार्यवाही करने का मन बना रही है. दूसरी ओर एसटीपी के एक अधिकारी गौरव ने बताया कि हमारे कार्य में कोलकाता का सुमन नामक व्यक्ति को लेबर सप्लाई का कार्य दिया गया है.

वहां से लेबर भेजता है. आरोपी बीते 8 अगस्त को अन्य कुछ मजदूरों के साथ आया था. यह हमारे यहां पहली बार काम करने आया था. इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है.



किरीबुरु से धराया हत्या का आरोपी.

# उमेर अली हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार



रफ्तार आरोपी को जेल ले जाती पुलिस.

**चांडिल ।** कपाली ओपी क्षेत्र के पुड़ीसिली में 24 जुलाई को हुई खरसावां के हिस्ट्रीशीटर उमेर अली हत्याकांड में फरार आरोपी को कपाली ओपी की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी सोमवार को जमशेदपुर के भुईयांडीह से किया गया है.

गिरफ्तार युवक मोहम्मद मुंसाकील खरसावां के कदमडीहा का रहने वाला है. जानकारी के अनुसार कपाली ओपी अंतर्गत पुड़ीसिली में 24 जुलाई की शाम खरसावां के कदमडीहा के रहने उमेर अली नामक युवक की हत्या कर दी गई थी. हत्याकांड का अनुसंधान करने के दौरान पुलिस हत्या में दो युवक के शामिल होने की जानकारी मिली थी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 जुलाई को हत्या में शामिल मोहम्मद इरफान को कपाली टीओपी चौक से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था.

**कार्यक्रम** डीएवी गुवा के छात्रों ने प्रभात फेरी निकाल हाथी जन जागरूकता के लगाए नारे

# गुवा में बच्चों के साथ वन विभाग ने मनाया विश्व हाथी दिवस

- जंगली जानवरों को नहीं छेड़ने का दिया संदेश

**संवाददाता । किरीबुरु**

सारंडा वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिरुप सिन्हा के निर्देशानुसार वन विभाग, गुवा ने टाटा स्टील के सहयोग से सोमवार को विश्व हाथी दिवस का आयोजन किया. इसके तहत डीएवी गुवा के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण से गुवा बाजार होते वन प्रक्षेत्र कार्यालय तक प्रभात फेरी निकाली. बच्चों ने हाथी जन जागरुकता के नारे लगाए. गुवा वासियों को संदेश दिया कि हाथी हमारे पर्यावरण के लिए अहम भूमिका निभाते हैं. जंगली जानवरों को हमें नहीं छेड़ना चाहिए. उन्हें आगे जाने के लिए रास्ता छोड़ देना चाहिए. वन विभाग कार्यालय में स्क्रीन पर हाथी से संबंधित रोचक, ज्ञानवर्धक चलचित्र दिखाया गया. वन क्षेत्र पदाधिकारी परमानंद रजक ने कहा कि जंगली जानवर हमें कभी परेशान नहीं करते हैं. जब हम उन्हें छेड़ते हैं तो वे अपने बचाव में वार करते हैं.

इसलिए कहीं भी कोई जंगली जानवर दिखे तो उसके रास्ते से हट जाना चाहिए. सेल, गुवा के उप महाप्रबंधक डॉ टीसी आनंद, टाटा स्टील के लाइजनिंग आफिसर देवाशीष दास, डीएवी स्कूल के शिक्षक आशुतोष शास्त्री और छोटेलाल मिश्रा ने भी जंगली हाथियों से बचाव एवं उनके जीवन पर विस्तार से जानकारी दी. मौके पर आलोक यादव, गुवा वन क्षेत्र के उप परिसर पदाधिकारी छोटेलाल मिश्रा, वनरक्षी समित बनर्जी, योगेश सिंकू, जीतेन्द्र ब्रह्म, वासुदेव मिंज, कमल महतो, वनकर्मी सहित अन्य मौजूद थे.



विश्व हाथी दिवस कार्यक्रम में शामिल वन विभाग.



प्रभात फेरी में शामिल डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राएं व अन्य.

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 15 अगस्त तक पंचायत भवनों में चलेगा शिविर

# अब तक 70,500 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री

संवाददाता। रामगढ़

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ प्रत्येक योग्य लाभुक को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर पूरे जिले में तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को जिले में उक्त योजना के तहत लाभुकों को लाभ राशि हस्तानांतरित करने को लेकर परीक्षण किया गया, जो सफल रहा. इस दौरान एक लाभुक के खाते में योजना के तहत 1000 रुपये का पीएमएफएस किया गया. बता दें कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अब तक जिले में 70,500 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की जा चुकी है. वहीं विभिन्न स्तरों पर आवेदनों को तीव्र गति से निष्पादित



उपायुक्त के निर्देश पर पूरे जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है.

कर अनुमोदन देने का कार्य किया जा रहा है. 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपये प्रदान करने के उद्देश्य से लाई गई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने हेतु योग्य लाभुक अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर अथवा आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं के माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं. 15 अगस्त तक पंचायत भवनों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी आवेदन पत्रों की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित की जा रही है.

### ओबीसी मोर्चा की प्रदेश सचिव ने लाभुकों को मंईया सम्मान योजना को लेकर किया जागरूक

# कांग्रेस नेत्री ने किया शिविरों का निरीक्षण

संवाददाता। हजारीबाग

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ सभी माता बहनों को मिले इसको लेकर कांग्रेस ओबीसी मोर्चा की प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने सोमवार को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र का सघन दौरा किया और आयोजित विशेष शिविरों में पहुंचकर लाभुकों को योजना के संबंध में जागरूक करते हुए फार्म उपलब्ध कराया.

उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों एवं माताओं को, जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो, उन्हें झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से जोड़ना है. साथ ही पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के उद्देश्य से प्रति माह एक हजार रुपये सम्मान राशि के रूप में उपलब्ध कराना है. इस दौरान उन्होंने झारखंड



मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं को जागरूक करतीं कांग्रेस ओबीसी मोर्चा की प्रदेश सचिव रेणु कुमारी.

सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी लोगों को देते हुए बताया कि झारखंड सरकार लगातार जनहित में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं ताकि अंतिम पायदान तक के व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ सुलभ रूप से मिल सके. इस मौके पर कटकमसांडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, सूरज कुमार कुशवाहा, डांड़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि इरशाद आलम, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी देवी, शाहपुर मुखिया शंभू यादव, ढोठवा मुखिया जयप्रकाश केशरी, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे.

## ब्रीफ खबरें

### गिद्धौर में सर्पदंश से बच्चे की हुई मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांय गांव में सर्प दंश से एक मासूम बच्चे की मौत हो गयी. मृतक संतोष रवि दास का पुत्र शिवन कुमार है. परिजनों ने बताया कि घर के समीप पीसीसी पथ के समीप खेल रहा था. तभी अचानक सर्प ने डंस लिया. जिसे इलाज के लिए ले जा रहे थे, कि रास्ते में ही मौत हो गईग्. मौत की खबर सुन गांव में मातम पसर गया. जबकि परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है. वही सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया.

### पंचायत स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता शुरू

**मयूरहंड(चतरा)।** शहीदों के याद में सोमवार को मयूरहंड प्रखंड के कदगावांकला पंचायत सचिवालय खेल मैदान में पंचायत स्तरीय प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया. टूर्नामेंट का शुभारंभ जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, शिक्षक बिनय कुमार सिंह, एलईसी अभिकर्ता श्याम सुंदर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल कीक मारकर किया. उद्घाटन मैच कदगावांकला पंचायत के शिक्षक बनाम जनप्रतिनिधि के बीच खेला गया. प्रतियोगिता में कदगावांकला पंचायत के विभिन्न गांवों के खिलाड़ियों ने भाग लिया. मैच का आयोजन कदगांवाकला पंचायत के मुखिया अशोक कुमार भुईयां व कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा की गई है. प्रतियोगिता का समापन पंद्रह अगस्त को किया जाना है. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा.

### आस्था : कटकमसांडी प्रखंड के डांड के शिव मंदिर में हुआ कार्यक्रम

# भक्तों ने कलश यात्रा निकाल कर किया शिव का रुद्राभिषेक

संवाददाता। कटकमसांडी

प्रखंड के डांड शिव मंदिर में सोमवार को कलश यात्रा व रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया. कलश यात्रा में डांड व पिचरी गांव की महिला श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर डांड की शिवानी नदी से जल भर कर गाजे-बाजे के साथ शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया. कलश यात्रा में अनुप्रिया फाउंडेशन के संस्थापक अनुप्रिया हाथ में पूजन थाली लेकर आगे आगे चल रही थी. मौके पर अनुप्रिया ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान कराए जाने से आत्मिक सुख की अनुभूति होती है और मानव के अंतर्मन में दैविक ऊर्जा का संचरण होता है. कलश यात्रा व रूद्राभिषेक कार्यक्रम को सफल बनाने में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नर्सिंग प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी देवी, रितेश पासवान, महेंद्र यादव, राहुल यादव, अरुण यादव, कृष्णा यादव, सुरेश प्रसाद मेहता, संजू यादव, अर्जुन रविदास, लालमणी राणा, बबलू राणा, सीताराम प्रजापति, पप्पू पासवान, माधुरी ठाकुर, सुरेंद्र यादव, राजेंद्र सिंह, रोहित यादव, चंदन यादव, विष्णु साह, वासुदेव पासवान सहित सैकड़ों भक्तगणों की अहम भूमिका रही. रूद्राभिषेक कार्यक्रम के बाद पूजा समिति डांड द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया. मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.



कलश यात्रा में शामिल शिव भक्त.

### हिंदू संगठनों के बैनर तले निकली गई कलश यात्रा

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के शीला में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल एवं धर्म जागरण समन्वय के बैनर तले भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया. इस आयोजन में पिरी, ईचाक एवं चोपे पंचायत की महिला एवं पुरुष शामिल हुए. स्थानीय नदी घाट से अपने-अपने कलशों में जल भरकर कलश यात्री बिरहु चौक पहुंचे. जुलूस में शामिल लोग जय भोलेनाथ, हर हर महादेवजय, श्री राम, वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजीत गुप्ता, धर्म जागरण के विभाग संयोजक त्रिभुवन प्रसाद, जिला संयोजक सत्येंद्र मिश्रा, सह संयोजक अमित प्रसाद ने कहा कि समय-समय पर संगठन के द्वारा हिंदू समुदाय में जन जागरण लाने हेतु इस तरह के धार्मिक आयोजन किए जाते रहे हैं. इस तरह के कार्यक्रम से समाज में समन्वय स्थापित करना मुख्य उद्देश्य है. कार्यक्रम के सफल आयोजन में बजरंग दल के विशाल हिंदू, बबलू ठाकुर, रिंकू कुमार, सहदेव प्रसाद, टेकलाल राणा, महेंद्र प्रसाद, बजरंग दल के गुरुदेव जी, सूरज कुमार, करण आदि का अहम योगदान रहा.

### चौथी सोमवारी पर माता भद्रकाली मंदिर में उमड़ पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**इटखोरी(चतरा)।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थली इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर में श्रावण मास के चौथे सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. 5 बजे सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही. पवीत्र श्रावण मास के चौथे सोमवारी पर श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर परिसर स्थित सहस्त्र शिवलिंग 1008 का जलाभिषेक किया. मालूम हो कि माता भद्रकाली मंदिर में झारखंड बिहार बंगाल समेत अन्य राज्यों से पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं श्रद्धालु. मंदिर में श्रद्धुलओं का तांता शाम तक जारी रहा. वहीं श्रावण के चौथे सोमवारी पर इटखोरी सहित मयूरहंड, गिद्धौर, पत्थलगड़ा, सिमरिया, टंडवा, प्रतापपुर व कुंदा आदि प्रखंडों के शिवालयों में भी श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया. इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच काफी उत्साह देखा गया.

### सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# मातृ व नवजात मृत्यु को शून्य करने की पहल

संवाददाता। रामगढ़

सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सोमवार को सिविल सर्जन डॉ महलक्ष्मी प्रसाद एवं डॉ उदयशंकर श्रीवास्तव जेनरल सर्जन, सदर अस्पताल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय 'सुमन' (सुरक्षित मातृत्व आश्वासन) कार्यक्रम से संबंधित एक-दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सक, एएनएम, स्टाफ नर्स सहित 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया. सारे प्रतिभागी वैसे स्वास्थ्य केंद्र से आए हैं जहां प्रसव की व्यवस्था है. प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सारे प्रतिभागियों को प्रसव विधि में दक्ष बनाना है, जिससे एक



उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी व अन्य.

संवेदनशील स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का निर्माण किया जा सके तथा गरिमापूर्ण और सम्मान के साथ सेवाएं प्रदान कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से मातृ एवं नवजात शिशु मृत्यु को शून्य किया जा सके या पूर्णरूपेण इसे समाप्त किया जा सके. उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी कंसल्टेंट मनीषा टोप्पो, एचएम इन चार्ज राजेश कुमार, सदर अस्पताल एवं डीपीएमयू कोऑर्डिनेटर विमल केशरी ने प्रशिक्षण दिया.

# जिप सदस्य प्रतिनिधि ने बच्चों के बीच किया फुटबॉल का वितरण



बच्चों के बीच फुटबॉल का वितरण करते जिप सदस्य प्रतिनिधि

संवाददाता। बरकट्ठा

विधानसभा क्षेत्र के इचाक, बरकट्ठा, चलकुशा एवं जयनगर प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जिला परिषद सदस्य चंद्रकांत पांडेय ने भ्रमण कर बच्चों के बीच फुटबॉल का वितरण किया. मौके पर पूर्व उप मुखिया सुरेश कुमार पांडेय, रिंकू कुमार, सुनील कुमार, कृष्णा राणा, मुकेश यादव, संजय साव, राहुल दास, दीपक यादव, पप्पू पासवान, धीरज पासवान, वकील अंसारी, आनंद कुमार, अशोक ठाकुर, मुकेश सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

### प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

**मयूरहंड(चतरा)।** तीन दिवसीय खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेका नंद उच्च विद्यालय स्टेडियम में की गई. प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीओ मनीष कुमार, थाना प्रभारी अमीत कुमार, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मारकर किया. खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, लंबी कूद, दौड के अलावा अन्य खेल का आयोजन किया जाएगा. प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल की जाएगी.

### शिक्षक की हैवानियत आयी सामने

# घर में घुसकर शिष्या से की छेड़छाड़, पुलिस के हवाले

संवाददाता। हजारीबाग

**खास बातें**

- हजारीबाग जिले की विष्णुगढ़ में हुई शर्मनाक घटना
- घटना के समय पीड़ित लड़की घर में अकेली थी

जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में करगालो के जीवन ज्योति निजी स्कूल के संचालक प्रकाश साव द्वारा स्कूल की पूर्व छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सोमवार को थाना पहुंचा. आरोप है कि आरोपी ने छात्रा के घर में घुसकर छेड़छाड़ की. बताया गया है कि पहले स्कूल संचालक ने उसे कई बार फोन किया, मगर लड़की ने जानबूझकर फोन रिसीव नहीं किया. फिर व्हाट्सएप मैसेज किया. लड़की को उसकी नीयत पर संदेह हो गया और उसने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया. आरोपी के लौटने के बाद उसने निश्चिंत होकर दरवाजा खोल दिया. शिक्षक पर हैवानियत का भूत सवार था. इसीलिए वह दुबारा उसके घर पहुंच गया. इससे पहले लड़की ने बगल के अपने चाचा को फोन पर मामले की जानकारी दे दी. आरोपी के दोबारा पहुंचते ही उसे पकड़ने की कोशिश की गई, मगर उसने बचने के लिए एक कुएं में छलांग लगा दी. बाद में पकड़कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया. थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी हो रही थी. घटना के समय लड़की घर में अकेली थी. घर के बाकी लोग देवघर गए थे.

### खेलो विधानसभा फुटबॉल टूर्नामेंट समापन, लिटिल बूट एफसी बना बालिका वर्ग का विजेता

# जिनगा की टीम ने जीता बालक वर्ग का खिताब

संवाददाता। हजारीबाग

भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से आयोजित खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट का सोमवार को कर्जन ग्राउंड में समापन हुआ. टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कटकमसांडी प्रखंड से खुटरा, बन्हा, दारू प्रखंड से जिनगा एवं सदर प्रखंड या नगर से मटवारी पहुंची थी.

पहला सेमीफाइनल मटवारी एफसी बनाम खुटरा के बीच खेला गया, जिसमें मटवारी एफसी की टीम ने 1-0 से विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया. दूसरे सेमीफाइनल में जिंनगा दारू की टीम ने बन्हा को 1-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया. फाइनल में जिंनगा दारू की टीम 1-0 से जीत दर्ज कर बालक समूह का खिताब जीता. वहीं बालिका समूह के फाइनल में लिटिल बूट



फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता टीमें ट्रॉफी के साथ और आयोजन कमिटी के सदस्य.

एफसी की टीम ने आवासीय विद्यालय एफसी को 1-0 से हराकर जीत परचम लहराया. निर्णायक की भूमिका में वकील कुमार, अशोक कुमार, मुन्ना गुप्ता, शशि शर्मा, विकास कुमार, ललित उरांव, शशि कुमार दास, अनुज भारती, बब्लू कुमार, जीतेंद्र कुमार, बिक्कू कुमार, गौरव कुमार, पवन राम एवं कार्तिक राम का सराहनीय योगदान रहा. बालिका समूह से मैन ऑफ द मैच लिटिल बूट एफसी की दुर्गी सोरेन तथा मैन ऑफ द सीरीज आवासीय विद्यालय एफसी की पूर्निमा कुमार को दिया गया. वहीं बालक समूह में जिनंगा के विकास कुमार तथा मैन ऑफ द सीरीज मटवारी टीम से राजदीप राज को दिया गया. मौके पर कुंवर मनोज सिंह, विजय कुमार, अजय कुमार साहू, सदर मंडल अध्यक्ष रंधीर पांडेय, भाजपा अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, प्रोफेसर मनीष कुमार, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, जिला उपाध्यक्ष भानुमति, स्पोर्ट्स एशोसिएशन के अध्यक्ष आलोक कुमार, सचिव कौलेश्वर गोप, सुरजीत सिंह, राम बाबू प्रसाद, पवन गुप्ता, अजय पांडे आदि मौजूद रहे.

# पुलिस के हत्थे चढ़ा अपहरण का आरोपी, भेजा गया जेल

संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)

पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र से नाबालिग के अपहरण करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया. गिरफ्तार आरोपी सदर थाना क्षेत्र के डहुरी गांव निवासी गोपाल यादव का पुत्र प्रेम यादव उर्फ प्रेम कुमार है. पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी मुंबई से किया है. थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक के विरुद्ध गिद्धौर थाने में नाबालिग के अपहरण करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. जिसके आलोक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के निर्देश पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन अभियुक्त प्रेम यादव को मुंबई से गिरफ्तार करने के उपरांत सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद



गिरफ्तार युवक व जानकारी देते थानेदार

जेल भेज दिया गया. वहीं नाबालिग को सकुशल बरामद करते हुए न्यायालय में बयान कराने व स्वास्थ्य जांच के उपरांत जिले के बाल कल्याण समिति के समक्ष सुरक्षीत पुर्नवास हेतम प्रस्तुत किया गया. छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता, सहायक अवर निरीक्षक रंजय कुमार सिंह, तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

### सरोकार बीजीआर कंपनी के जीएम बोले- हमारा काम सिर्फ कोयले का खनन करना नहीं

# 334 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग व नोट बुक का वितरण

संवाददाता। केरेडारी

एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना में कोयला खनन का कार्य कर रही बीजीआर मानिइंग एंड इंफ्रा कम्पनी वा रोटरी क्लब हैदराबाद द्वारा सीएसआर मद से परियोजना से विस्थापित तरहेसा गांव स्थित नव सृजत प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत 334 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग व नोट बुक का वितरण सोमवार को जीएम श्रीनिवास रॉव, वा रोटरी क्लब प्रबंधक बाला कोटि रेड्डी, विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कपूर देवी, मुखिया सकीबा खातून आदि द्वारा किया गया.

इस अवसर पर छात्र - छात्राओं



कार्यक्रम के दौरान बीजीआर कंपनी के अधिकारी व अन्य.

को संबोधित करते हुए बीजीआर कम्पनी के जीएम निवास राव ने कहा कि हमारा काम सिर्फ कोयले का खनन करना ही नहीं, बल्कि परियोजना से प्रभावित क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सामाजिक दायित्व

**खास बातें**

- प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने कंपनी की पहल को सराहा
- जीएम ने स्कूल का सुंदरीकरण कराने का दिया आश्वासन

का निर्वहन करना भी है. इसी के तहत आज यह स्कूल बैग व नोट बुक का वितरण किया जा रहा है. आने वाले समय में एक सेमिनार का आयोजन भी किया जायेगा, जिसका सीधा लाभ स्थानीय भू रैयतों को मिलेगा. विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कपूर देवी ने कहा कि कम्पनी का यह कदम अत्यंत सराहनीय है और कम्पनी से आगे भी सहयोग की अपेक्षा है.

उन्होंने विद्यालय में सुंदरीकरण की समस्या के विषय में भी जीएम को अवगत कराया. जीएम ने जल्द से जल्द इसके समाधान का आश्वासन दिया. मौके पर बीजीआर से त्यागराजन, फैज अहमद, रामशास्त्री, विजय तिवारी, प्रवीण झा, जबकि विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कपूर देवी, शिक्षकों में अब्दुल्ल जनान अंसारी, मो. मुस्ताक, किलयास अहमद, मो हासिम, कार्तिक कुमार महतो, बालेश्वर कुमार, नवलकिशोर ओझा, खेदू राम आदि मौजूद थे.

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में तुलसी जयंती मनाई गई

# तुलसीदास ने समाज को नई दिशा दी : डॉ. गुप्ता

संवाददाता। हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सोमवार को डॉ. केके गुप्ता की अध्यक्षता में गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई.अध्यक्षीय सम्भाषण में डॉ. गुप्ता ने 'तुलसीदास की रचनाओं की प्रासंगिकता' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि तुलसीदास ने अपने समय के समाज को एक नई दिशा दी. उन्होंने रामराज्य की अवधारणा प्रस्तुत की, जो एक आदर्श शासन प्रणाली का प्रतीक है, जिसमें न्याय, धर्म और नैतिकता सर्वोपरि हैं.

उन्होंने जातिवाद, अंधविश्वास और समाज में फैली अन्य कुरीतियों का कड़ा विरोध किया. समारोह में वरीय प्राध्यापक डॉ. केदार सिंह ने



तुलसी जयंती कार्यक्रम के दौरान विचार व्यक्त करते वक्ता.

कहा कि गोस्वामी तुलसीदास अद्वितीय कवित्व प्रवीणता के परिचायक हैं. वहीं डॉ सुबोध सिंह ने कहा कि वे जनभाषा के रचनाकार हैं. शिक्षक राजू राम ने तुलसीदास को जनचेतना का कवि कहते हुए कहा कि उनके विचार और शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं. शोधार्थियों के साथ-साथ विभाग के छात्र-छात्राओं भी अपने-अपने विचार प्रकट किए. उत्साहपूर्वक और श्रद्धा पूर्वक तुलसीदास जयंती को मनाया गया. मंच का संचालन शोधार्थी अनुपम कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन शोधार्थी श्वेता कुमारी ने किया.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सुख का स्वामी चंद्रमा नीच का है. विवाद से बचें. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. दुष्टजनों से बचकर रहें. दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. लाल फूल माता दुर्गा को अर्पण करें.

**वृष** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ रहेगा. प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे. भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है. प्रसन्नता रहेगी. इतर का दान करें.

**मिथुन** मौसमी बीमारियों से बचें. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. वाणी पर नियंत्रण रखें. चिंता तथा तनाव बने रहेंगे. नौकरी में कार्यभार रहेगा. आपके कार्य के प्रभाव से व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क** शिक्षा में लापरवाही नुकसान देगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नया कार्य करने का मन बनेगा. निवेश शुभ रहेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी. अच्छे सच्चे मित्र मिलेंगे.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. व्यापार-व्यवसाय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. चोट व रोग से बाधा की आशंका है. अन्न दान करें.

**कन्या** कारोबार से लाभ में वृद्धि के योग हैं. कोर्ट व कचहरी इत्यादि में स्थिति अनुकूल रहेगी. किसी विवाद में विजय प्राप्त हो सकती है. व्यापार में नए काम मिल सकते हैं. किसी नए कार्य का चिंता रहेगी. दुष्टजनों से बचकर रहें.

**तुला** मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी रखें. शारीरिक कष्ट से बनते कामों में विघ्न हो सकता है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. चिंता रहेगी.

**वृश्चिक** कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में गति आएगी. विवाद का हल हो सकता है. जीवनसाथी को भेंट व उपहार देने का अवसर प्राप्त होगा. प्रसन्नता रहेगी. पारिवारिक सहयोग मिलता रहेगा. आय में वृद्धि होगी.

**धनु** समय शुभ है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. पार्टनरों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी. किसी से विवाद की आशंका है. मानहानि हो सकती है, सावधान रहें.

**मकर** दिन खुशनुमा होगा. किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है. विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य सफलतापूर्वक कर पाएंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा.

**कुंभ** किसी व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है. भागदौड़ के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है. लापरवाही न करें. किसी दुःखद समाचार मिलने की आशंका है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मीन** चंद्रमा मानसिक शांति देगा. धर्म में मन लगेगा. शारीरिक कष्ट की आशंका है. प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. किसी बड़े कार्य को करने की इच्छा प्रबल होगी. कारोबार अच्छा चलेगा. अपने इष्ट देवता का पूजन करें.

## आजादी का उत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन



कार्यक्रम का उदघाटन करते अतिथिगण.

**रांची।** रांची के होटवार स्थित राज्य संग्रहालय के सभागार में आजादी का उत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया. इसका उद्घाटन नगर के वरीय रंगकर्मियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया. इस त्रि-दिवसीय राज्य स्तरीय नाटक, लोक गीत तथा नृत्य प्रतियोगिता में राज्य भर के दो दर्जन से अधिक कला दल भाग ले रहे हैं. अभी तक मेदिनीनगर, हजारीबाग, गिरिडीह, रांची जिलों के कुल नौ दलों की प्रस्तुति हो चुकी है.

## मिरचईया फॉल के पास ट्रक ख़राब आवागमन बाधित, लोग परेशान



ट्रक को सड़क से हटाने में जुटे पुलिसकर्मी.

**गारू(लातेहार)।** महुआडाड़-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर गारू थाना क्षेत्र के मिर्चईया जंगल में सोमवार की सुबह दस बजे से ही एक भारी ट्रक (बीआर- 45जी :7683) सड़क के बीच में खड़ी है. रास्ते में फसें यात्रियों नें बताया कि चालक वाहन खड़ा कर फरार हो गया है. बताते चलें कि पीटीआर के तहत वन क्षेत्र में सिंगल सड़क ही बनाया गया है. इस कारण वाहनों के खराब होने की स्थिति में आवागमन बाधित हो जाता है. प्रत्यक्षदर्शीयों नें बताया कि चढ़ाई चढ़ते समय ट्रक खराब हो गया. काफी प्रयास के बाद जब वह नहीं स्टार्ट हुआ तो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. घंटे दो घंटे बाद दोनों तरफ वाहनों का कतार लग गया,

# सिसई व बिशुनपुर सीट पर दावेदारी को लेकर कांग्रेस- झामुमो आमने-सामने

- दोनों दलों के नेता-कार्यकर्ताओं के बीच राजनीतिक वाकयुद्ध

संवाददाता।सिसई



कांग्रेसियों द्वारा सिसई और बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेसी उम्मीदवार के लिए सीट मांगे जाने के बाद अब कांग्रेसी और झामुमो के कार्यकर्ताओं के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया है. इस संबंध में झामुमो के सिसई प्रखंड कमेटी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेसियों द्वारा लोकसभा चुनाव में झामुमो के द्वारा गठबंधन धर्म के पालन नहीं करने के आरोप को बेबुनियाद व बेतुका है. इस पर कांग्रेस जिला कमेटी सहित कांग्रेसी नेताओं का झामुमो कार्यकर्ताओं ने पुरजोर विरोध किया. झामुमो प्रखंड कमिटी व कार्यकर्ताओं ने कहा कि पुर्व कांग्रेस विधायक बैरागी उरांव, रमेश कुमार चीनी द्वारा झामुमो कार्यकर्ताओं पर लोकसभा चुनाव में गठबंधन धर्म का पालन नही करने और कांग्रेस के अपने बलबूते लोहरदगा संसदीय सीट जीतने का दावा मिथ्या और गठबंधन विरोधी है. जिन लोगों द्वारा ऐसा आरोप लगाया जा रहा है, वो सभी स्वयं लोकसभा चुनाव में कभी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने नहीं निकले, ये जग जाहिर है.

वहीं दूसरी ओर सिसई के लोकप्रिय झामुमो विधायक जिग्गा सुसारन होरो पूरे विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक बूथ स्तर पर झामुमो के दस-दस कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर दिन रात एक कर गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत को जिताने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया. गठबंधन में जिस भी दल को प्रत्याशी के रूप में टिकट मिलगा, झामुमो उसका समर्थन करेगा. वहीं झामुमो ने हमेशा गठबंधन हित काम किया है. लोकसभा चुनाव में विशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा के निर्दलीय प्रत्याशी लड़ने का निर्णय पर झामुमो ने उन्हें पार्टी से निष्कासित करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान के लिए पुरी ताकत झोंक दी और गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से विजय दिलाया है. जबकि चुनाव के दौरान क्षेत्र में कांग्रेस के कई स्थानीय व जिला स्तर के नेता- कार्यकर्ता प्रचार प्रसार में नही नजर आएं. लोकसभा चुनाव में गठबंधन सांसद प्रत्याशी सुखदेव भगत चुनाव के दौरान स्वयं देख चुके हैं कि झामुमो के एक एक कार्यकर्ता उनकी जीत के लिए कितनी जी-तोड़ मेहनत की है.

जिस तरह से लगातार झामुमो गठबंधन धर्म का पालन कर रहा है, कांग्रेस भी गठबंधन धर्म का पालन करे. लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में प्रत्याशी मांगने का अधिकार है, किंतु गठबंधन में साथ रहकर दूसरे दल के लोकप्रिय व वर्तमान विधायक व झामुमो कार्यकर्ताओं पर बेतुका बयानबाजी करना अनुचित है. झामुमो विधायक की कार्यशैली व बढ़ती लोकप्रियता से हताश-निराश होकर कुछ एक कांग्रेसी नेताओं द्वारा इस तरह का बयान दिया जा रहा है. कांग्रेस पार्टी से हमारी मांग है की ऐसे नेताओं के बयान का खंडन करे और गठबंधन नियम का पालन नही करने पर इनके ऊपर कार्रवाई करें. प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला उपाध्यक्ष शशिकांत साहु, प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, सचिव छक्कन लाल राय, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विजय लक्ष्मी कुमारी, दलित मोर्चा अध्यक्ष सुजीत बैठा, जाकीर अंसारी, निरंजन लकड़ा, गौरीनाथ भगत, वासुदेव उरांव, दुर्गेश्वर तिर्की, रमेश उरांव, धनीराम उरांव, कृष्णा उरांव, राजेश उरांव, सुकरु भगत, धनीराम बड़ाईक सहित कई झामुमो कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी मौजूद थे.

### सेबी जैसी स्वतंत्र संस्था को उपयोग अपने व्यापारिक मित्र-घराने को बचाने के लिए किया गया

# मोदी एंड कंपनी के घोटाले की गाड़ी की रफ्तार थम नहीं रही : कांग्रेस

विशेष संवाददाता।रांची

मोदी जी एंड कंपनी के घोटाले की रेलगाड़ी की रफ्तार नहीं थम रही है. घोटाले की लंबी शृंखला खड़ी करने वाली मोदी सरकार लगातार स्वतंत्र संस्थाओं का उपयोग अपने मित्र व्यापारिक घराने को बचाने में कर रही है. उक्त बयान जारी कर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि हिडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार जिस तरह से भी सेबी जैसी संस्था की साख दांव पर लग गई है. उससे देश के निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता. आखिर ऐसी कौन सी स्थिति है कि अडाणी ग्रुप के खिलाफ सेबी की चल रही जांच अभी पूरी नहीं हुई है और उनके नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं. सेबी प्रमुख का इस मामले में सीधा नाम आना देश के लोगों के बीच संशय को जन्म दे रहा है. प्रधानमंत्री की चुप्पी और भाजपा नेताओं द्वारा सेबी प्रमुख का बचाव भाजपा को भी संदेहास्पद वित्तीय अनियमिताओं के घेरे में ला रहा है, जिसकी जांच संयुक्त संसदीय समिति से करानी चाहिए.

**अडानी महाघोटाले की जांच कराने से क्यों डर रही है सरकार :** उन्होंने कहा कि अडानी महा घोटाले की जांच आखिर क्यों नहीं कराई जा रही है. केंद्र की मोदी सरकार आखिर क्यों इतनी बेबस है की जांच कराने से डर रही है. देश के आम निवेशकों की बजाय देश के चंद उद्योगपतियों को बचाने का प्रपंच आखिर किसके इशारे पर रचा जा रहा है, अगर इसकी जांच होती है तो देश की सत्ता पर काबिज कई सफेदपोश भाजपा नेताओं के चेहरे सामने आएंगे.



सोनल शांति उर्फ

**किसी और के सिर फोड़ा जा रहा है ठीकरा :** देश के करोड़ों ईमानदार निवेशकों के नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा प्रधानमंत्री मोदी, सेबी प्रमुख या किसी और के सिर पर इसका ठीकरा फोड़ा जाएगा, जनता यह जानना चाहती है. निर्लजता की हद तो यह है कि इतने बड़े मामले के सामने आने के बाद भी सेबी प्रमुख का इस्तीफा न दिया जाना यह दर्शाता है कि सैया भये कोतवाल तो अब डर काहे का. यह आशंका है कि पिछले 10 साल में केंद्र के उच्च पदों पर नियुक्ति रेगुलेटर सहित संवैधानिक संस्थाओं में दखलअंदाजी में अडाणी कंपनी का हाथ हो सकता है शायद इसलिए अडाणी महा घोटाले की जांच जेपीसी से नहीं कराई जा रही है.

## हिंडनबर्ग के आरोपों की जांच के लिए जेपीसी गठित करे मोदी सरकार : डॉ. अजय कुमार

वरीय संवाददाता | जमशेदपुर

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी बुच पर लगाए गए आरोपों के मद्देनजर पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता ड़ॉ. अजय कुमार ने कहा है कि अडाणी समूह द्वारा किए गए कथित घोटाले की संपूर्ण जांच के लिए मोदी सरकार को अविलंब एक संयुक्त संसदीय समिति गठित करनी चाहिए. जिसकी मांग राहुल गांधी ने 17वीं लोकसभा में उठाई थी. लेकिन भ्रष्टाचारियों और घोटालेबाजों का पोषण करने वाली मोदी सरकार ने राहुल गांधी की आवाज को संसद में दबाने का काम किया था. यहां तक की राहुल गांधी की संसद की सदस्यता को भी समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया गया था. लेकिन देश की शीर्ष अदालत से राहुल गांधी को न्याय मिला. यह देश की सबसे भ्रष्ट और बेशर्म सरकार है.

उल्लेखनीय है कि लगभग 18 महीने बाद एक बार फिर हिंडनबर्ग नामक जिन्न ने अपने रिपोर्टस् में आरोप लगाया है कि सेबी की अध्यक्ष माधवी बुच और



डॉ. अजय कुमार

उनके पति के पास कथित अडानी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी. शॉर्ट-सेलर ने (मामले से पर्दा उठाने वाले) व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा, सेबी की वर्तमान प्रमुख माधवी बुच और उनके पति के पास अडाणी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए दोनों अस्पष्ट ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी. कथित तौर पर समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी के बड़े भाई विनोद अडाणी अस्पष्ट ऑफशोर बरमूडा और मॉरीशस फंडों को नियंत्रित करते थे. हिंडनबर्ग का आरोप है कि इन फंड का इस्तेमाल धन की हेराफेरी करने और समूह के शेयरों की कीमत बढ़ाने के लिए किया गया था.

## पेज एक का शेष

### बुच अपनी परामर्श...

उन्होंने दो पन्नों में अपनी बात रखी है. जिसके बाद हिंडेनबर्ग ने उनके पक्ष को टैग करते हुए एक्स पर लिखा है- माधवी बुच ने अपने पक्ष में रिपोर्ट के कई तथ्यों को स्वीकार कर लिए हैं. जिसके बाद कई नए सवाल खड़े हो गए हैं.

**स्पष्ट रूप से हितों का टकराव :** हिंडनबर्ग ने कहा, सेबी को अडानी मामले से संबंधित निवेश निधियों की जांच करने का काम सौंपा गया था, जिसमें बुच द्वारा व्यक्तिगत रूप से निवेशित निधियां और उसी प्रायोजक द्वारा निवेशित निधियां शामिल हैं जिन्हें हमारी मूल रिपोर्ट में विशेष रूप से उजागर किया गया था. यह स्पष्ट रूप से हितों का एक बड़ा टकराव है. बुच के बयान के अनुसार, दोनों कोषों में निवेश धवल के बचपन के दोस्त अनिल आहूजा की सलाह पर किया गया था. आहूजा की पहचान हिंडनबर्ग ने शनिवार को मॉरीशस स्थित आईपीई प्लस फंड के संस्थापक एवं मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) के तौर पर की. वहीं अडानी समूह ने रविवार को अपने बयान में कहा था कि वह (अनिल आहूजा) अडानी पावर (2007-2008) में 3i इन्वेस्टमेंट फंड के नॉमिनी थे और जून 2017 तक नौ साल के तीन कार्यकालों में अडानी एंटरप्राइजेज के निदेशक के रूप में उन्होंने काम किया.

### डॉक्टर रेप-मर्डर केस...

घटना के विरोध सोमवार को देशभर के तीन लाख से अधिक रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर रहे. कोलकाता से लेकर दिल्ली एम्स समेत देशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित रहीं. इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गई थीं. ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) के जनरल सेक्रेटरी डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा- हेल्थ सेक्रेटरी से हमने घटना की सीबीआई जांच कराने और डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग रखी है. जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, हड़ताल जारी रखेंगे. इस बीच, सीएम ममता बनर्जी सोमवार सुबह ट्रेनी डॉक्टर के घर पहुंचीं. यहां उन्होंने कहा- 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई, तो जांच सीबीआई को सौंप देंगे. हालांकि, सीबीआई का सक्सेस रेट काफी कम है. केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी चलना चाहिए.

### मेडिकल के लिए एम्स...

**मैनेजमेंट संस्थान**
1आईआईएम अहमदाबाद
2- आईआईएम बैंगलोर
3- आईआईएम कोझीकोड
4- आईआईटी दिल्ली
5- आईआईएम कलकत्ता
6- आईआईएम मुंबई
7- आईआईएम लखनऊ
8- आईआईएम इंदौर
9- एक्सएलआईआई, जमशेदपुर
10- आईआईटी बॉम्बे

**टॉप स्टेट यूनिवर्सिटी**
अन्ना विवि, चेन्नई
जादवपुर विवि, कोलकाता
सावित्रीबाई फुले पुणे विवि, पुणे
कलकत्ता विवि, कोलकाता
पंजाब विवि, चंडीगढ़
उस्मानिया विवि, हैदराबाद
आंध्र विवि, विशाखापत्तनम
भारतियार विवि, कोयंबटूर
केरल विवि, तिरुवनंतपुरम
सीयूएसएटी, कोचीन

**शीर्ष लॉ संस्थान**
1. नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु
2. नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली
3. नाल्सर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ,
4. नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिडिकल साइंस, कोलकाता
5. सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे

**आर्किटेक्चर और प्लानिंग शीर्ष संस्थान**
1. आईआईटी रुड़की
2. आईआईटी खड़गपुर
3. एनआईटी कालीकट
4. आईआईईएसटी, शिबपुर
5. स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, नई दिल्ली

**इनोवेशन कैटेगरी की सूची**
1. आईआईटी बॉम्बे
2. आईआईटी मद्रास
3. आईआईटी हैदराबाद
4. आईआईएससी, बेंगलुरु
5. आईआईटी कानपुर
6. आईआईटी रुड़की
7. आईआईटी दिल्ली
8. आईआईटी मंडी
9. आईआईटी खड़गपुर
10. अन्ना विश्वविद्यालय

**शीर्ष शोध संस्थान**
आईआईएससी, बेंगलुरु
आईआईटी मद्रास
आईआईटी दिल्ली
आईआईटी बॉम्बे
आईआईटी खड़गपुर

**शीर्ष डेंटल कॉलेज**
1 . सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंस,
2. मणिपाल कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, मणिपाल
3. मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस, नई दिल्ली

### नंगे पैर और नदी में तैर कर जाना पड़ रहा है स्कूल

## गठबंधन सरकार में बच्चे भी हुए हताश : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता।रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर फिर निशाना साधा है. ट्वीट कर कहा है कि छात्रों को न तो किताबें मिली हैं, न साइकिल मिली है और न ही स्कूल ड्रेस मुहैया कराई जा सकी है. इस गठबंधन सरकार में बच्चे भी हताश हो गए हैं. शैक्षाणिक सत्र शुरू हुए तीन महीने से अधिक समय बीत चुके हैं, लेकिन झारखंड के भविष्य को नंगे पैर स्कूल जाने को विवश किया जा रहा है. एक ओर मुख्यमंत्री के पैर बारिश की वजह से सड़कों तक पर नहीं पड़ते हैं, वहां बच्चों को स्कूल भी तैर कर जाना पड़ रहा है. प्रदेश के 34 लाख बच्चों का भविष्य हेमंत सरकार के छात्र विरोधी रवैये के कारण अधर में अटका हुआ है. केंद्र द्वारा 60% राशि मुहैया कराने के बाद भी हेमंत सरकार नौनिहालों के भविष्य को लेकर असंवेदनशील नजर आ रही है.



**आदिवासी भाई-बहनों के हक में की जा रही सेंधमारी :** बाबूलाल ने अपने दूसरे ट्वीट में कहा है कि हेमंत सोरेन की सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों के हक-अधिकार में सेंधमारी कर रही है. हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को अवैध रूप से बसाकर आदिवासियों को अल्पसंख्यक बनाने की साजिश रच अपना वोटबैंक बढ़ाने का प्रयास कर रही है.

**हेमंत सरकार बनी गरीबों-मजदूरों की जान की दुश्मन**

बाबूलाल ने कहा है कि हेमंत सरकार गरीबों और मजदूरों की जान की दुश्मन बन गई है. हुसैनाबाद अनुमंडल में मुख्यमंत्री दाल भात केंद्रों का संचालन पिछले एक वर्ष से बंद पड़ा है. पांच रुपये में मिलने वाला भरपेट भोजन दिहाड़ी मजदूरों को नसीब नहीं हो रहा है. किसी तरह चार महीने तक केंद्र संचालकों ने अपने खर्च से भोजन तो मुहैया कराया, लेकिन अब भोजन मुहैया कराने के लिए संचालकों के पास भी पैसे नहीं बचे हैं, इसके बाद भी हेमंत सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है .इस असंवेदनशील सरकार में गरीबों और मजदूरों को भोजन के लिए भटकना पड़ रहा है, भूखे पेट सोना पड़ रहा है. गरीबों और गरीबी का मजाक बनाती हेमंत सरकार में जनकल्याण के नाम पर सिर्फ अपना कल्याण किया जा रहा है.

## जिला अभियंता कार्यालय ने निकाला टेंडर, जिप सदस्यों में नाराजगी

संवाददाता।मझिआंव

जिला परिषद के निधि से कराई जाने वाली उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण एवं कई जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारे जाने के लिए बगैर जिला परिषद सदस्यों की बोर्ड की बैठक में पारित किए जिला अभियंता कार्यालय द्वारा टेंडर निकाल दिया गया. जिसको लेकर जिला परिषद सदस्यों में काफी नाराजगी व्यक्त किया जा रहा है. इस संबंध में सभापति स्वास्थ्य एवं शिक्षा समिति तथा महिला, शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति सह जिला परिषद के जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव अपने पूरे जिला परिषद सदस्यों के साथ एक लिखित आवेदन उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक अभियंता जिला परिषद गढ़वा को एक लिखित आवेदन देकर निकल गई निविदा रद्द करने की मांग किया है.

आवेदन में कहा गया है कि जिला परिषद सदस्यों की बोर्ड की बैठक में बगैर अनुमोदन के संबंधित विभाग कार्यालय द्वारा टेंडर निकाला गया है. उस सभी टेंडर को रद्द करने की मांग किया है और साथ ही कहा गया है. जो भी निविदा प्रकाशित हो उसे बोर्ड के बैठक में नियमानुसार पारित कर ही निकाला जाए. साथ ही क्षेत्र के चर्चित अखबार में उसे निविदा को प्रकाशित किया जाए. ताकि अधिक से अधिक संख्या में संवेदक भाग ले सकें. ताकि अधिक से अधिक सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो सके. जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लिए बगैर एवं पार्षदों की सहमति बिना अवैध तरीके से निविदा निकाली गई है. जो निरस्त करने योग है. उन्होंने कहा कि जारी किए गए टेंडर की संबंधित कार्यालय के मिली भगत से निम्न स्तर के अखबारों में संभवत निविदा को प्रकाशित कर खानापूर्ति की गई है. ताकि अपने मन चाहे संवेदक को टेंडर दिलाया जा सके. जबकि जिले में प्रदेश के चर्चित समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि संबंधित विभाग के द्वारा भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है. इसके अलावे उन्होंने कहा कि इसके पूर्व जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीडा का संवर्धन कार्य का टेंडर निकाला गया है. वो भी इसी तरह से निकाली गई है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर पूर्व एवं वर्तमान में निकाली गई निविदा को रद्द नहीं किया गया तो हम सभी जिला परिषद सदस्य अपनी चटानी एकता का परिचय देते हुए जिला परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर मजबूर हो जाएंगे.

## मुख्यमंत्री खेलो झारखंड कार्यक्रम में सिर्फ खानापूर्ति

**कुंदा(चतरा)।** राज्य सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम खेलो झारखंड कार्यक्रम में कुंदा प्रखंड में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है. कार्यक्रम को लेकर सिर्फ खाना पूर्ति की गई है. जनप्रतिनिधियों ने बताया की कार्यक्रम के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई. किन्ही को सूचना मिली पर आमंत्रण नहीं, तो किन्ही जनप्रतिनिधी को खेलो झारखंड कार्यक्रम की कोई सूचना नहीं. वहीं कार्यक्रम में बच्चों को भोजन की व्यवस्था न कर सिर्फ दो समोसे दिए गए.

BEFORE
NOTARY PUBLIC RANCHI
**AFFIDAVIT**

**Vandana Kumari @ Vandana Jha** W/o Santosh Kumar Jha R/o KochaToli Khijri, Ranchi P.S. Namkum District Ranchi Jharkhand do hereby solemnly affirm and states as follows :-

1. That I am an Indian Citizen and Resident of above said address.
2. That my date of birth is 03.06.1986.
3. That in the Adhar Card-2678 6462 4939 and Pan Card No AMBPJ6686Q, Bank Account and Voter Card my name is mention **Vandana Jha.**
4. That in my all educational Certificated my name is mention **Vandana Kumari.**
5. That both **Vandana Kumari** and **Vandana Jha** are the name of one and same person.
6. That aforesaid contents are true to the best of my knowledge.

Sworn and signed on this the 09.08.2024 at Ranchi.

Vandana Kumari
Deponent
Affidavit No.: 1422
Date : 09 Aug 2024

### 63वां राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग में झारखंड की टीम फाइनल में पहुंची

# फाइनल मैच में अब बांग्लादेश से होगा मुकाबला

**खास बातें**
- झारखंड ने हरियाणा की टीम को 4-2 से पराजित किया
- टूर्नामेंट में झारखंड की टीम अभी तक अपराजेय रही है

खेल संवाददाता।रांची

63वी राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड ने अपराजित रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया. मंगलवार को दिल्ली के डॉ. आंबेडकर स्टेडियम में झारखंड और बांग्लादेश के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा. सोमवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में झारखंड ने हरियाणा को 4-2 से मात दी. झारखंड कि ओर से क्रांति उरांव, प्रतिभा भोक्ता, ललिता बोयपाई और संजना उरांव ने एक-एक गोल किए. सुब्रतो कप 2024 अंडर 17 बालिका वर्ग प्रतियोगिता में शुरू से ही झारखंड की बेटियों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला. टीम ने पिछले मैचों में दिल्ली को 7-0, गुजरात को 3-0, अरुणाचल प्रदेश को 13-0, त्रिपुरा को 2-0 से मात दी है.



सुब्रतो कप के फाइनल मुकाबले के लिए तैयार झारखंड की बालिका टीम.

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई**

झारखंड की बेटियों के दमदार प्रदर्शन पर झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बधाई दी. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर टीम को शुभकामनाएं देते लिखा – शाबाश बच्चों, फाइनल के लिए मेरी शुभकामनायें. सेमीफइनल में झारखंड की टीम के शानदार प्रदर्शन पर राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माननीय मंत्री बैद्यनाथ राम, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सह भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के पूर्व निदेशक सुशील कुमार वर्मा समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं और जीत की बधाई दी.

## तुबेद कोल खान परियोजना के विस्थापितों के लिए बैठक



समाहरणालय सभागार में बैठक करते डीसी .

संवाददाता।लातेहार

उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार काके समाहरणालय सभागार में तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए गठित पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक आयोजित की गयी. बैठक में कार्यपालक निदेशक (खनन) अमीतांजन नंदी एवं महाप्रबंधक (खनन) अरबिन्द कुमार ठाकुर ने उपायुक्त को बताया कि दामोदर घाटी निगम को भारत सरकार के द्वारा वर्ष 1948 में कानून पारित कर छोटानागपुर क्षेत्र एवं पश्चिम बंगाल के विस्तृत क्षेत्र में दामोदर नदी से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण तथा विद्युत उत्पादन हेतु स्थापित किया गया. उन्होंने दामोदर घाटी निगम के द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं तुबेद कोयला खान के खनन विकास के संबंध में जानकारी दी. आगे उन्होंने बताया कि पूर्व में तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी.

**रफ्तार के प्रेमी और धनाढ्य भारतीयों की बदौलत अपने देश के ऑटो बाजार में विदेशी ब्रांड की कई बेशकीमती दिग्गज कारें मजबूती से अपनी पकड़ मार्केट में बनाने में सक्षम साबित हुईं हैं. इनमें से ही एक ऑटो मेकर कंपनी लैम्बॉर्गिनी भी शरीक है. इस कंपनी ने भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए लैम्बॉर्गिनी उरुस एसई को हाल ही लॉन्च किया है जो वस्तुत: परफॉरमेंस एसयूवी, उरुस की सक्सेसर है. लेम्बोर्गिनी का दावा है कि उरुस एसई 3.4 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है.**




### स्पीड के होंगे आप भी कायल

# हवा सी इसकी रफ्तार

लैम्बॉर्गिनी उरुस एसई भारतीय बाजार में लॉन्च हो गई है. इस अपडेटेड ऑफ-रोडर कार की खासियत इसका इंजन है. लैम्बॉर्गिनी उरुस एसई में ट्विन-टर्बो 3996 सीसी वी 8 इंजन के साथ प्लग-इन-हाइब्रिड सिस्टम दिया गया है. इसमें 25.9 किलोवाट की बैटरी पैक का इस्तेमाल किया गया है. इसे 8-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है जो 778 बीएचपी की पावर और 800 एनएम का टॉर्क पैदा करता है. इसके अलावा, इतालवी निर्माता का दावा है कि उरुस एसई में अब उरुस एस की तुलना में बेहतर पावर-टू-वेट रेश्यो 3.13 केजी/सीवी है. इस कार को भारत में 4.57 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया गया है.

## टॉप स्पीड

उरुस एसई के लिए, इसका रेव-लिमिटर 6,800 आरवीएम है और यह अपनी पावर को सभी चार पहियों पर फ्रंट में एक इंटीग्रेटेड डिफरेंशियल, बीच में एक हैंग-ऑन डिफरेंशियल और रियर में टॉर्क वेक्टरिंग के साथ एक इलेक्ट्रॉनिक सेल्फ-लॉकिंग डिफरेंशियल के जरिए भेजता है. यह कार पल भर में हवा से बातें करने लगती है. जी हां, लेम्बोर्गिनी का दावा है कि उरुस एसई 3.4 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेगी. इसकी टॉप स्पीड 312 किमी प्रति घंटा होगी.

## पर्यावरण के अनुकूल

लैम्बॉर्गिनी उरुस एसई की एक खासयित इसका पर्यावरण के अनुकूल होना भी बताया जाता है. इस कार में प्योर इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन मिलता है जो इस एसयूवी को अन्य उरुस मॉडलों की तुलना में 80 प्रतिशत तक उत्सर्जन कम करने में सक्षम बनाता है. और उरुस एसई को सिर्फ इलेक्ट्रिक पावर पर 60 किमी की दूरी तय करने में मदद करता है.

## शानदार इंटीरियर

एक्सीटीरियर ही नहीं, लैम्बॉर्गिनी उरुस एसई के इंटीरियर डेकोर में भी बेहतर बदलाव नजर आता है. केबिन में रीडिजाइन किए गए एसी वेंट, अपडेटेड मटेरियल, नए पैनल और डैशबोर्ड कवरिंग हैं. इसमें 12.3-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है जिसमें अधिक रिस्पॉन्सिव यूआई है और इसमें एक डेडिकेटेड टेलीमेट्री सिस्टम है.

## कीमत और मुकाबला

इस कार को भारत में 4.57 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया गया है. भारतीय बाजार में नई उरुस एसई का मुकाबला ऑल-इलेक्ट्रिक लोटस इलेट्रे, पोर्श केयेन जीटीएस, एस्टन मार्टिन डीबीएक्स, मासेराती लेवांटे, ऑडी आरएस क्यू एड, बीएमडब्ल्यू एक्सएम जैसी कारों से होगा.

## लुक और डिजाइन

लैम्बॉर्गिनी उरुस के डिजाइन से भी यह कार कुछ अलग है, अपडेटेड है. मसलन लैम्बॉर्गिनी उरुस एसई में थोड़ा लंबा बोनट है, जबकि हेडलैंप यूनिट को पतला किया गया है, फिर से डिजाइन किया गया है, और मैट्रिक्स एलईडी टेक्नोलॉजी के साथ रैपअराउंड डीआरएल से लैस किया गया है. बोनट पर नई कैरेक्टर लाइनें हैं. लैम्बॉर्गिनी उरुस एसई के बाबत कंपनी का दावा है कि उसने एरोडायनामिक्स और कूलिंग दक्षता दोनों में सुधार किया है. उरुस एसई नए फ्रंट बंपर, ग्रिल और रियर डिफ्यूजर के साथ आती है. इसमें शार्पर विजुअल मिलते हैं, और एक नई टेल-लैंप ग्रिल है. यह 21-इंच के पहियों पर चलती है जिसमें पिरेली पी जीरोस फिट किए गए हैं.



# आ गया कम कीमत में एडवांस फीचर वाला फोन

**ओप्पो ने पिछले दिनों अपनी के सीरीज के नए फोन ओप्पो के 12 एक्स फाइव जी को इंडियन मार्केट में लान्च किया है. यह वैसे यूजर्स के लिए पेश किया गया है जो कम कीमत में ऑलराउंडर स्मार्टफोन की ख्वाहिश रखते हैं. आइए इस फोन के फीचर्स, डिजाइन, लुक और कीमत की करें चर्चा...**



- **डिजाइन**

ओप्पो के12एक्स 5 जी 7.68 एमएम पतला फोन है. बेशक बैटरी बड़ी है, पर वजन मात्र 186 ग्राम है. फोन की ग्रिपिंग अच्छी है. मैट फिनिश डिजाइन है. फोन के बैक पैनल पर सर्कुलर डिजाइन में कैमरा मिलता है जो कि कॉस्मिक फ्लैश लाइट के साथ आता है. कलर ऑप्शन आकर्षक हैं. ब्रीज ब्लू और मिडनाइट वॉयलेट कलर में यह उपलब्ध है.

**डिस्प्ले व साउंड**

ओप्पो के 12 एक्स 5 जी के साथ 6.687 इंच की डिस्प्ले है जिसका रिफ्रेश रेट 120 हर्ट्ज है. डिस्प्ले की पीक ब्राइटनेस 1000 निट्स है. इसे अमेजन प्राइम वीडियो और एल1 वाइडवाइन का सर्टिफिकेशन प्राप्त है. यानी इसपर आप अमेजन प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स के एचडी कंटेंट आराम से देख सकते हैं. डिस्प्ले का स्क्रीन टू बॉडी रेशियो 89.9% है. फोन के साथ अल्ट्रा वॉल्यूम मोड भी मिलता है जिसकी मदद से वॉल्यूम को 300% तक बढ़ाया जा सकता है.

- **मजबूती जबर्दस्त**

ऑप्पो के 12 एक्स फाइव जी की बॉडी बहुत मजबूत है. 360° डैमेजप्रूफ आर्मर बॉडी वाला यह स्मार्टफोन यदि नीचे पटका भी जाता है तो दुरुस्त रहेगा. फोन के साथ कंपनी का खुद से तैयार एलॉय फ्रेम मिलता है. डिस्प्ले पर भी डबल रेनफोर्स्ड पांड ग्लास लगा हुआ है. फोन में शॉक ऑब्जर्बिंग फोम भी लगा है. इसमें स्पॉन्ज बायोनिक कूशन का इस्तेमाल किया गया है. फोन के साथ बॉक्स में एक्सक्लूसिव हाई वैल्यू एंटी ड्रॉप शिल्ड केस मिलता है जो कि फोन को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन देता है. फोन को मजबूती के लिए मिलिट्री ग्रेड यानी एमआईएल-एसटीडी-81 ओएच का सर्टिफिकेशन मिला है.

- **बड़ी बैटरी, सुपरफास्ट चार्जिंग**

ऑप्पो के 12 एक्स फाइव जी में 5100 मेगाहर्ट्ज की दमदार बैटरी दी गई है. स्मार्टफोन के साथ 45 वाट सुपर वू सीटीएम फास्ट चार्जिंग मिलती है जो महज 10 मिनट में ही बैटरी को 30% तक और 74 मिनट में 100% तक चार्ज करती है.

- **अनलिमिटेड परफॉरमेंस**

ऑप्पो के 12 एक्स फाइव जी में मीडिया टेक डाइमेनसिटी 6300 फाइव जी प्रोसेसर है. इस प्रोसेसर की खासियत यह है कि स्मार्टफोन कम बैटरी पावर पर भी फरार्टे से चलता है और स्मूद परफॉरमेंस देता है.

- **स्टोरेज व कीमत**

ऑप्पो के 12 एक्स फाइव जी में दो स्टोरेज विकल्प मिलते हैं. पहला विकल्प 6 जीबी रैम के साथ 128 जीबी स्टोरेज वाला है. इस स्टोरेज कैपेसिटी वाले फोन की कीमत 12,999 रुपये है, दूसरा विकल्प 8 जीबी रैम के साथ 256 जीबी स्टोरेज का है. इसमें यूएफसी 2.2 स्टोरेज और रैम एक्सपेंशन फीचर भी है जो कि रैम को 8 जीबी तक बढ़ाता है. इसकी कीमत 15,999 रुपये है.

- **एआई लिंकबूस्ट फीचर**

कम कीमत में इस फीचर के कारण ओप्पो के 12 एक्स पाऊइव जी बेहद खास हो जाता है. इसे साधारण शब्दों में ऐसे समझिए कि लिफ्ट या बेसमेंट (जहां अक्सर नेटवर्क की समस्या रहती है), वहां भी यह फोन धड़ल्ले से चलेगा. यदि आप इस स्मार्टफोन पर किसी नेविगेशन एप का इस्तेमाल करते हैं तो भी आपको नेटवर्क की समस्या नहीं होगी. इतना ही नहीं एआई लिंकबूस्ट फीचर की मदद से आप हाई स्पीड से डाटा भी शेयर कर सकते हैं.

- **डुअल व्यू मोड वाला कैमरा**

डुअल रियर कैमरा सेटअप इस स्मार्टफोन की खासियत है. इसमें प्राइमरी लेंस 32 मेगापिक्सल का है और दूसरा लेंस 2 मेगापिक्सल का है. फ्रंट में सेल्फी के लिए 8 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है. कैमरे के साथ ओप्पो एचडीआर 3.0 का भी सपोर्ट मिलता है. इससे अल्ट्रा क्लियर तस्वीर मिलती है. एआई पोरट्रेट रीटच कैमरे की खासियत है. डुअल व्यू कैमरा मोड इसकी अन्य खासियत है जिससे फ्रंट और रियर दोनों कैमरे से एक साथ फोटो-वीडियो शूट किया जा सकता है.

# हार्ड ड्राइव की लाइफ ऐसे कीजिए बेहतर

*एसएसडी की तुलना में हार्ड ड्राइव के खराब होने की आशंका अधिक होती है. सवाल है कि हार्ड ड्राइव आखिर क्यों खराब होती है. एक्सपर्ट के मुताबिक फिजिकल डैमेज इसका प्रमुख कारण है. इससे इसके कम्पोनेंट्स खराब हो जाते हैं. इसके अलावा कई बार तापमान या आद्रता की वजह से इसे नुकसान पहुंचता है. आइए आज बात करें इस मसले पर कि हार्ड ड्राइव को कैसे खराब होने से कैसे रोकें और इसके डाटा को कैसे सुरक्षित रखें...*



लैपटॉप या एक्सटर्नल हार्ड ड्राइव को अधिक तापमान में चलाने से ओवरहीटिंग हो सकती है. कम्प्यूटर का कूलिंग सिस्टम, खराब पंखे, एग्जॉस्ट वेंट में धूल और अन्य समस्याओं के कारण भी ओवरहीटिंग हो सकती है. इसलिए अपने लैपटॉप को अच्छी तरह हवादार जगह पर रखें और ऑपरेटिंग तापमान को सुरक्षित सीमा में रखें.

- **पावर फ्लक्चुएशन**

वोल्टेज में अचानक वृद्धि भी हार्ड ड्राइव खराब कर सकती है. वोल्टेज में स्पाइक्स आपके कम्प्यूटर के बिजली आपूर्ति इकाई को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे हार्ड ड्राइव भी खराब हो सकती है. इसे रोकने के लिए सर्ज प्रोटेक्टर का इस्तेमाल करें.

- **नमी**

बरसात के मौसम में या उच्च आर्द्रता वाले क्षेत्रों में हार्ड ड्राइव असर पड़ सकता है. नमी ड्राइव में पहुंचने से शॉर्ट सर्किट हो सकता है, इसलिए जहां कम्प्यूटर या लैपटॉप रखा है, वहां डीह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करें.

- **मेकेनिकल या इलेक्ट्रॉनिक खराबी**

कई बार मेकेनिकल या इलेक्ट्रॉनिक खराबी से भी प्लैटर खराब हो सकती है. प्लैटर को घुमाने वाली स्त्रूपिंडल मोटर भी समय के साथ खराब होने लगती है. रीड-राइट हैड क्रैश हो सकता है और प्लैटर को नुकसान पहुंच सकता है. इन परेशानियों से बचने के लिए हार्ड ड्राइव किसी अच्छी कंपनी का ही खरीदें. हार्ड ड्राइव या लैपटॉप के गिरने से भी इसके कंपोनेंट्स के अलाइनमेंट्स खराब हो सकते हैं. इसलिए इन्हें गिरने से बचाएं.

**एसयूवी सेगमेंट की कार लेने की सोच रहे हैं तो थोड़ा ठहरिए. देसी कार निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स से लेकर महिंद्रा जैसी कंपनियां अपनी तीन नई एसयूवी लॉन्च करने के लिए कमर कस चुकी है. महिंद्रा और टाटा की 3 नई एसयूवी ऑटो मार्केट में जल्द ही आने वाली है जिसमें ईवी भी शामिल है.**

# झारखंड की सड़कों को इन देसी एसयूवी का है इंतजार

एसयूवी सेगमेंट की कारें भारतीय ग्राहकों के बीच इन दिनों बेहद लोकप्रिय हैं और इनकी डिमांड लगातार बढ़ती ही जा रही हैं. आंकड़ों की भाषा में बात करें तो साल 2024 की पहली छमाही में भारत में होने वाली कुल कार बिक्री में अकेले 52 पर्सेंट हिस्सेदारी एसयूवी सेगमेंट की हो गई. अगर बीते महीने हुई ओवरऑल कार बिक्री की बात करें तो इसमें लगातार टाटा पंच और हुंडई क्रेटा टॉप पोजीशन हासिल कर रही है. मार्केट का यह रुझान देसी कार निर्माताओं को भी इस सेगमेंट में गाड़ियां लाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है. आइए आज बात करें हाल फिलहाल में आने आने वाले कुछ देसी कार कंपनियों के एसयूवी और उनके संभावित फीचर्स, पावरट्रेन और कीमत आदि के बारे में ...




## महिंद्रा थार रॉक्स

महिंद्रा अपनी पॉपुलर ऑफ-रोडिंग एसयूवी थार का 5-डोर वर्जन 15 अगस्त को लॉन्च करेगी. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अपकमिंग 5-डोर थार में पावरट्रेन के तौर पर 1.5-लीटर डीजल इंजन, 2.2-लीटर डीजल इंजन और 2.0-लीटर पेट्रोल इंजन दिया जाएगा. जबकि फीचर्स के तौर पर एसयूवी में 10.25 इंच का टचस्क्रीन डिस्प्ले और डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ डुअल-पेन सनरूफ भी मौजूद होगा.



## टाटा कर्व आईसीई

टाटा कर्व का इलेक्ट्रिक वेरिएंट अभी हाल ही लॉन्च हुई है और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी इसके आईसीई वेरिएंट को 2 सितंबर को लॉन्च करेगी. इस वेरिएंट में पावरट्रेन के तौर पर 1.2-लीटर का पेट्रोल इंजन, 1.2-लीटर का टर्बो जीडीआई पेट्रोल इंजन और 1.5-लीटर का टर्बो डीजल इंजन दिया जाएगा. इसकी कीमत के बारे में कंपनी की ओर से अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है.

## महिंद्रा एक्सयूवी थ्रीएक्सओ ईवी

महिंद्रा ने हाल में ही अपनी पॉपुलर एसयूवी एक्सयूवी 300 का अपडेटेड वर्जन 3 एक्सओ लॉन्च किया है जिसके लिए ग्राहकों की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक थी. अब कंपनी महिंद्रा एक्सयूवी थ्रीएक्सओ का इलेक्ट्रिक वेरिएंट लॉन्च करने के लिए कमर कसी हुई है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अपकमिंग इलेक्ट्रिक एसयूवी ग्राहकों को सिंगल चार्ज पर 350 से 400 किलोमीटर की रेंज ऑफर कर सकती है.




**स्वतंत्रता दिवस पर इसरो का उपहार**

# लॉन्च होगा ईओएस-8 सैटेलाइट मिलेगा आपदाओं का अलर्ट

**15 अगस्त को इसरो देशवासियों को उपहार देगा. इसरो ने अपने नए अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट ईओएस-8 की लॉन्चिंग के लिए तैयार है. इसकी लॉन्चिंग एसएसएलवी-डी3 रॉकेट से स्वतंत्रता दिवस के दिन श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से सुबह 9.17 बजे की जाएगी. 175.5 किलोग्राम वजनी यह सैटेलाइट पर्यावरण की मॉनिटरिंग, आपदा प्रबंधन और तकनीकी डेमॉन्स्ट्रेशन का काम करेगा.**



ईओएस-8 में तीन विशेष स्टेट-ऑफ-द-आर्ट पेलोड हैं- इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इंफ्रारेड पेलोड, ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड और सिक यूवी डोजीमीटर. इसमें इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इंफ्रारेड पेलोड दिन और रात में मिड और लॉन्ग वेव की इंफ्रारेड तस्वीरें लेगा. इन तस्वीरों से आपदाओं की जानकारी मिलेगी. जैसे जंगल में आग, ज्वालामुखीय गतिविधियां आदि. ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड के जरिए समुद्री सतह पर हवा का विश्लेषण किया जाएगा. मिट्टी की नमी और बाढ़ का पता किया जाएगा. वहीं सिक यूवी डोजीमीटर से अल्ट्रावायलेट रेडिएशन की जांच की जाएगी. जिससे गगनयान मिशन में मदद मिलेगी.

इस लॉन्चिंग के बाद एसएसएलवी को पूरी तरह से ऑपरेशनल रॉकेट का दर्जा मिल जाएगा. बता दें कि इससे पहले इस रॉकेट के दो उड़ान हो चुके हैं.

# एआइ बनाएगा आपके लिए वीडियो

**कई लोग अपनी पसंद की स्क्रिप्ट तैयार होने के बाद आवाज अच्छी न होने पर वॉयस ओवर नहीं कर पाते. अब एआई प्लेटफॉर्म आपकी इसमें मदद करेगा. फिर चाहें स्कूल-कॉलेज के प्रोजेक्ट हों या ऑफिस का प्रजेंटेशन, एआइ प्लेटफॉर्म सिंथिसिया की मदद से अपनी स्क्रिप्ट से आसानी से वीडियो तैयार कर सकते हैं.**

**इस स्टेप को फॉलो कर तैयार करें वीडियो**

1. इसके लिए www.synthesia.io/ पर जाएं.
2. क्रिएट फ्री एआइ वीडियो का ऑप्शन चुनें.
3. इसके बाद आपको स्क्रिप्ट अपलोड करनी होगी.
4. अपने बारे में जानकारी देकर प्राक्रिया को आगे बढ़ाएं.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# ओलंपिक ने पेरिस को कहा अलविदा, अब लॉस एंजिलिस में मिलेंगे



## रंगारंग समारोह के साथ पेरिस ओलंपिक का समापन

**भाषा। पेरिस**

विशाल स्टेड डी फ्रांस एक कॉन्सर्ट हॉल की तरह लग रहा था, जहां एक रंगारंग समारोह के साथ ओलंपिक खेलों ने चार साल बाद लॉस एंजिलिस में नए जोश और जज्बे के साथ मिलने के वादे के साथ पेरिस को अलविदा कहा. सीन नदी पर लगभग चार घंटे तक चले उद्घाटन समारोह में जहां इस शहर के वास्तुशिल्प और देश की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया गया था. वही समापन समारोह भी उसी तरह से मंत्रमुग्ध कर देने वाला था. मेगा स्टार टॉम क्रूज़ समेत हॉलीवुड के कई अन्य सितारों की उपस्थिति ने इसे और जीवंत बना दिया. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा, यह ओलंपिक खेल शुरू से लेकर आखिर तक रोमांच से भरपूर रहे. इन खेलों ने हमें दिखाया कि इंसान कितने बड़े आयोजन करने में सक्षम है. आपने एक दूसरे को गले लगाया, एक दूसरे को पूरा सम्मान दिया. भले ही आपके देश अलग-अलग हों, भले ही उनमें संघर्ष चल रहा हूं लेकिन आपने दिखाया कि इससे भी बेहतर दुनिया है. इसके लिए आपका आभार.

उन्होंने कहा, ओलंपिक खेल शांति पैदा नहीं कर सकते लेकिन यह शांति की संस्कृति पैदा कर सकते हैं जो दुनिया को प्रेरित कर सकती है. हालीवुड स्टार टॉम क्रूज़ की उपस्थिति को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन उन्होंने निराश नहीं किया. वह 'मिशन इंपॉसिबल' के थीम गीत के साथ मैदान पर उतरे. उन्होंने स्टार जिमनास्ट सिमोन बाइल्स से ओलंपिक ध्वज लिया और उसे बाइक पर पेरिस की सड़कों से होते हुए लॉस एंजिलिस के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार मालवाहक विमान तक ले गए. इसके बाद एक साइकिल चालक ध्वज को चार बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता माइकल



जॉनसन के पास ले गया, जिन्होंने उसे वेनिस बीच पर स्केटबोर्डिंग लीजेंड जैगर ईटन को सौंपा. इससे पहले थॉमस जॉली द्वारा तैयार किए गए दो घंटे के कार्यक्रम की शुरुआत एक संगीतमय गीत के साथ हुई, जिसमें फ्रांसीसी गायक ज़ाहो डी सगाज़न ने मशहूर सूस ले सिएल डे पेरिस गीत गाया. इसके बाद 205 देशों के ध्वजवाहकों ने अपने साथी खिलाड़ियों के साथ स्टेडियम में प्रवेश किया. खिलाड़ी ध्वज लहरा रहे थे और एक दूसरे से मिल रहे थे. कुछ खिलाड़ी इस यादगार समारोह की तस्वीर लेने में व्यस्त थे. ओलंपिक खेल समग्रता और लैंगिक समानता से भी जुड़े हैं और पेरिस ओलंपिक में समापन समारोह के दौरान स्टेडियम के बीच में महिला मैराथन के विजेताओं को पदक वितरण करके इसे प्रदर्शित किया गया. ओलंपिक खेलों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ. महिला मैराथन पेरिस ओलंपिक खेलों की आखिरी प्रतियोगिता थी.

आयोजकों ने 45000 स्वयंसेवकों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इन खेलों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

ध्वनि और रोशनी के अद्भुत मिश्रण ने समारोह में चार चांद लगाए. यह अलौकिक एहसास पैदा करने वाला दृश्य था. इसमें प्रकाश का बहुत अच्छी तरह से उपयोग किया गया था. ओलंपिक खेलों की शुरुआत 1896 में हुई थी और यहां समापन समारोह के दौरान अतीत की यादों को जीवंत करने की कोशिश भी की गई. ओलंपिक के पांच विशाल छल्लों को एक कोरियोग्राफिक बैले के माध्यम से जीवंत किया गया. बाद में आईओसी अध्यक्ष बाक ने जिम्मेदारी संभाली. पृष्ठभूमि में जब ओलंपिक गान बज रहा था तब ओलंपिक ध्वज को नीचे उतारा गया और पेरिस के मेयर ऐनी हिडाल्गो को सौंप दिया गया. हिडाल्गो ने ओलंपिक ध्वज आईओसी अध्यक्ष को सौंपा, जिन्होंने इसे लॉस एंजिल्स के मेयर करेन बास को सौंप दिया.





# उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए भारतीय मुक्केबाज

**भाषा। नयी दिल्ली**

निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन जैसे मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के बावजूद भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें बिना पदक के वापस लौटना पड़ा. विजेंदर सिंह के बीजिंग ओलंपिक 2008 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाने लगी थी. इसके चार साल बाद एमसी मैरी कॉम ने लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था. रियो ओलंपिक 2016 में भारतीय





मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाए लेकिन टोक्यो ओलंपिक में लवलीना कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही थी. इस परिदृश्य में उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय मुक्केबाज पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा. खेल के जानकारों का मानना था कि क्वालीफाई करने वाले छह मुक्केबाजों से दो नहीं तो कम से कम एक पदक की उम्मीद की जा सकती है.

दो बार की विश्व चैंपियन जरीन (50 किग्रा), लवलीना (75 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) सभी को पोडियम पर पहुंचने का मजबूत दावेदार माना जा रहा था. लेकिन जब वास्तविक प्रतिस्पर्धा की बात आई तो भारतीय खिलाड़ियों में आवश्यक गति की कमी नजर आई. निशांत को अपवाद माना जा सकता है क्योंकि क्वार्टर फाइनल में विवादास्पद परिणाम के कारण वह पदक से वंचित हो गए. जहां तक जरीन और लवलीना का सवाल है तो वह अपनी मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के सामने संघर्ष करती हुई नजर आई. अमित पंघाल (51 किग्रा) अपनी पिछली फॉर्म को दिखाने में नाकाम रहे. लवलीना, पंघाल और निशांत को पदक सुरक्षित करने के लिए सिर्फ दो जीत की जरूरत थी. लवलीना और जरीन को हालांकि मुश्किल ड्रॉ मिला था, लेकिन वह दोनों मौजूदा विश्व चैंपियन हैं और ऐसे में उनसे इस तरह की चुनौतियों से पार पाने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन इन दोनों मुक्केबाजों ने चीन की अपनी प्रतिद्वंद्वियों के सामने आसानी से घुटने टेक दिए. जरीन को स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह दूसरे दौर में ही वू यू से हार गईं. लवलीना को चीन की अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी ली कियान से हार का सामना करना पड़ा.

### रुबलेव नेशनल बैंक ओपन के फाइनल में

**मॉन्ट्रियल।** रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव ने बारिश से प्रभावित मैच में माटेओ अर्नाल्डी को सीधे सेटों में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया. इस साल मैड्रिड और हांगकांग में खिताब जीतने वाले 26 वर्षीय रुबलेव ने अर्नाल्डी को 6-4, 6-2 से हराया. फाइनल में उनका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन से होगा. पोपिरिन ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को 7-6 (0), 6-3 से हराया.

### अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला फाइनल में

**टोरंटो।** अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हवतन आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना एक और अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा. विश्व रैंकिंग में 132वें नंबर की खिलाड़ी अनिसिमोवा ने नवारो को 6-3, 2-6, 6-2 से हराया. मौजूदा चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त पेगुला ने एक अन्य सेफा में रूस की 14वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 6-4, 6-3 से हराया.

# बारिश से दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ

- द. अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को आखिरी दिन 298 रन का लक्ष्य दिया था
- बारिश के कारण मैच नहीं हो सका और मुकाबला बराबरी पर छूटा

**एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन**

दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच वर्षाबाधित पहला टेस्ट ड्रॉ पर खत्म हुआ. दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को पांचवें और आखिरी दिन 298 रन का लक्ष्य दिया था. मेजबान टीम के लिए एलिक अथानाजे ने 92 रन बनाये. वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 201 रन बनाये. इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने बिना किसी नुकसान के 30 रन से आगे खेलना शुरू किया था, तब उसके पास 154 रन की बढ़त थी. उसने तीन विकेट पर 173 के स्कोर पर पारी घोषित की. ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रन बनाये और वह पारी की घोषणा से पहले केमार रोच की आखिरी गेंद पर बोल्ड हुए. बारिश के कारण खेल





रोज बाधित हुआ और पहले दिन सिर्फ 15 ओवर फेंके जा सके थे.

रविवार को भी लंच पांच मिनट पहले लेना पड़ा. दोपहर के सत्र की शुरुआत में भी विलंब हुआ. जब दस ओवर के करीब बाकी थे तब वेस्टइंडीज का स्कोर पांच विकेट पर 192 रन था. मेजबान टीम अगले तीन ओवर में तीन रन ही बना सकी. जैसन होल्डर (नाबाद 31) ने छक्का लगाया, जिससे स्कोर पांच विकेट पर 201 रन तक पहुंच गया. इसके बाद कोई नतीजा नहीं निकलते देख ड्रॉ पर सहमति बन गई. दक्षिण अफ्रीका के लिये केशव महाराज ने 26 . 2 ओवर में 88 रन देकर चार विकेट लिये. दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 357 और वेस्टइंडीज ने 233 रन बनाये थे. दूसरा और आखिरी टेस्ट बृहस्पतिवार से गयाना में शुरू होगा.

### 2012 के लंदन ओलंपिक से लगातार मेडल जीत रहे थे भारतीय शटलर

# ओलंपिक में बैडमिंटन से मिली निराशा

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का लंदन ओलंपिक (2012) से शुरू हुआ पदक जीतने का सिलसिला 12 साल के बाद पेरिस ओलंपिक में थम गया, जो इस खेल के प्रशंसकों के लिए किसी निराशा की तरह था. लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंच कर पदक की उम्मीद जगाई थी लेकिन सेमीफाइनल और कांस्य पदक के मुकाबले में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद उनकी हार चिंताजनक रही.

रियो (2016) और टोक्यो (2021) में पदक जीतने वाली पीवी सिंधू से पेरिस में हैट्रिक की उम्मीद थी तो वहीं सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को पदक का सबसे बड़ा दावेदार माना गया था. इन खिलाड़ियों के साथ पुरुष एकल में एच एस प्रणय और महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी दबाव में बिखर गयी. ओलंपिक के पेरिस चक्र के दौरान सरकार की तरफ से बैडमिंटन को भी काफी समर्थन मिला, जिसमें 13 राष्ट्रीय शिविर और 81 विदेशी अनुकूलन दौरे शामिल थे. इनका



खर्च टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत किया गया.

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल ने बैडमिंटन के लिए 72.03 करोड़ रुपये आवंटित किए, जो भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए 16 खेल में खर्च किए गए लगभग 470 करोड़ रुपये में से दूसरी सबसे बड़ी राशि है. इस बड़े निवेश के बावजूद, पेरिस में नतीजे उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे, जिससे ओलंपिक प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले और मजबूत मानसिकता की अहमियत और बढ़ जाती है. मानसिकता की यह अहमियत लक्ष्य सेन के मैचों में देखी गयी. सेमीफाइनल में विक्टर एक्सेलसेन और फिर कांस्य पदक के मैच में चीनी ताइपे के ली जी जिया के खिलाफ मजबूत स्थिति को वह भुनाने में नाकाम रहे. इस दौरान सिंधू को 3.13 करोड़ रुपये की मदद मिली लेकिन वह प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही. लक्ष्य के लगातार दो मैचों में हार से उनके कोच और ऑल इंग्लैंड के पूर्व चैम्पियन प्रकाश पादुकोण काफी खफा दिखे. न्होंने कहा, मैं थोड़ा निराश हूं क्योंकि वह इसे पूरा नहीं कर सका. मुझे निराशा है कि हम बैडमिंटन में एक भी पदक नहीं जीत सके. सरकार, साइ और टॉप्स ने अपना काम किया है. अब समय आ गया है कि खिलाड़ी भी कुछ जिम्मेदारी उठायें. विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सात्विक और चिराग की जोड़ी की अप्रत्याशित हार सबसे चौंकाने वाली थी क्योंकि उन्हें स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था. सरकार ने खिलाड़ियों को बड़े पैमाने पर समर्थन दिया था, जिसमें जर्मनी और फ्रांस में सिंधू और लक्ष्य के प्रशिक्षण के लिए क्रमशः 26.60 लाख रुपये और 9.33 लाख रुपये मंजूर किए गए थे.

पिछले दो ओलंपिक की रजत और कांस्य विजेता सिंधू के पास खेलों से पहले प्रशिक्षण के दौरान सारब्रकन में 12 सदस्यीय सहायक टीम थी, लेकिन वह चीन की ही बिंगजियाओ से आगे निकलने में असफल रहीं. सात्विक और चिराग ने इस साल बीडब्ल्यूएफ के चार विश्व टूर फाइनल में दो खिताब जीते थे और 2023 एशियाई खेलों, 2022 राष्ट्रमंडल खेलों और 2023 एशिया चैंपियनशिप जैसे प्रमुख आयोजनों में कई पदक जीते थे.

**शोचनीय**

### इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प की पत्नी ने किया खुलासा

# ग्राहम थोर्प ने अवसाद व चिंता से जूझने के बाद जान गंवाई



**भाषा। लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प पिछले दो वर्षों से अपने खराब स्वास्थ्य के कारण अवसाद और चिंता से जूझ रहे थे जिसके कारण आखिर में उनकी जान चली गई. थोर्प की पत्नी अमांडा ने यह खुलासा किया है. थोर्प का पांच अगस्त को 55 साल की उम्र में निधन हो गया था. उनके निधन की घोषणा इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने की थी लेकिन इसका कारण नहीं बताया था.

अब उनकी पत्नी ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को दिए एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि उन्होंने निधन से पहले खुद के साथ एक लंबी मानसिक

**खास बातें**

- पांच अगस्त को 55 साल की उम्र में थोर्प की मृत्यु हुई थी
- थोर्प के निधन का कारण नहीं बताया गया था

और शारीरिक लड़ाई लड़ी थी. द टाइम्स ने थोर्प की पत्नी के हवाले से कहा, पत्नी और दो बेटियां होने के बावजूद, जिनसे वह बहुत प्यार करते थे और जो उन्हें दिलो जान से चाहते थे, वह स्वस्थ नहीं हो पाए. उन्होंने कहा, वह हाल के दिनों में काफी अस्वस्थ थे और वास्तव में उन्हें लगता था कि उनके बिना हम बेहतर जिंदगी व्यतीत करेंगे लेकिन उन्होंने अपनी जान गंवा दी और हम बर्बाद हो गए. थोर्प की याद में पिछले शनिवार को फ़र्नहैम क्रिकेट क्लब और चिपस्टेड क्रिकेट क्लब के बीच मैच शुरू होने से पहले एक समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें उनकी पत्नी और बेटियों किटी (22) और एम्मा (19) ने भाग लिया था.

अमांडा ने कहा, ग्राहम पिछले कुछ वर्षों से अवसाद और चिंता से पीड़ित थे. इस कारण उन्होंने मई 2022 में अपनी जान लेने की कोशिश की जिस वजह से उन्हें गहन चिकित्सा कक्ष में कई दिन बिताने पड़े. वह अवसाद और चिंता से ग्रस्त थे जो कभी-कभी बेहद गंभीर हो जाते थे.

# टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड टीम में पांच स्पिनर

- अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ खेलने हैं टेस्ट मैच

**भाषा। ऑकलैंड**

न्यूजीलैंड ने अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने एक टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में पांच स्पिनरों को जगह दी है. अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भारत में ग्रेटर नोएडा में नौ से 13 सितंबर तक खेला जायेगा. वहीं श्रीलंका में दो टेस्ट 18 और 26 सितंबर से शुरू होंगे. अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी कप्तान होंगे जबकि टीम में केन विलियमसन, डेवोन कोंवे, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ी भी हैं. कोच गैरी स्टीड ने कहा, उपमहाद्वीप के टेस्ट दौरे के लिए कठिन फैसले लेने पड़ सकते





**टीम :** टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, मिचेल ब्रासवेल , डेवोन कोंवे, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिचेल, विल ओ रूरकी, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, बेन सीयर्स, केन विलियमसन, विल यंग.

हैं. उमस और गर्मी के अलावा पिचों को देखते हुए तेज गेंदबाजों को बाहर रहना पड़ सकता है. टिम और मैने इस पर बात की है और तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिये भी यह जरूरी है, जिसमें टिम भी शामिल है. स्पिन हरफनमौला मिचेल ब्रासवेल चोट के बाद 18 महीने बाद वापसी कर रहे हैं. उनके साथ मिचेल सेंटनेर, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स और रविंद्र स्पिन का जिम्मा संभालेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### एयरफोर्स से रिटायर डॉक्टर ने जान दी

**पूर्वी चंपारण ।** पूर्वी चंपारण के रक्सौल में भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत हो चुके डॉक्टर मोहम्मद शाह ने अपनी जान दे दी. उनके कमरे में पंखे से लटकती हुई उनकी लाश मिली है. पुलिस को डॉक्टर की जेब से एक नोट भी मिला है. इसमें उन्होंने जो आरोप लगाया है, वह चौंकाने वाला है. डॉ. शाह ने मरने से पहले लिखा कि बीबी और ससुराल वालों से तंग हैं और अब जीना नहीं चाहते. इधर, घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

### जमुई में ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**जमुई ।** गिद्धौर जमुई मुख्य राजमार्ग पर गंगरा मोड़ के कर्बला के निकट सड़क दुर्घटना के कारण बंझुलिया गांव निवासी गणपत रावत के 20 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार की मौत हो गई. घटना स्थल पर ग्रामीणों ने शव को मुख्य मार्ग पर रखकर बड़े मुआवजे की मांग करते हुए एक घंटे तक सड़क जाम कर दी. जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पतसंडा पंचायत अंतर्गत पड़ने वाले बंझुलिया गांव निवासी गणपत रावत के इकलौते पुत्र 20 वर्षीय सचिन कुमार की तेज रफ्तार रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने के कारण चपेट में आने से मौत हो गई.

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**भागलपुर ।** भागलपुर में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. बता दें कि युवक रेलवे ट्रैक को पार कर रहा था और कान में हेडफोन लगाया था, जिससे उसको ट्रेन की आवाज नहीं सुनाई दी और दुर्घटना का शिकार हो गया. घटना रविवार शाम की बताई जा रही है. मृतक की पहचान रजौना थाना क्षेत्र के कटिया जगदीशपुर निवासी रंजित यादव के 21 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार के रूप में की गई है. बता दें कि भागलपुर जिला के मंदारहिल रेलखंड पर पुनसिया हॉल्ट के पास कान में हेडफोन लगाकर एक युवक रेलवे ट्रैक पर कर रहा था.

राजधानी में सोमवार को शिक्षक अभ्यर्थियों ने उग्र प्रदर्शन किया, वे बीपीएससी कार्यालय का घेराव करने के लिए निकले थे

# पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों का बवाल, छात्र नेता गिरफ्तार, लाठीचार्ज

**संवाददाता। पटना**

राजधानी में सोमवार को शिक्षक अभ्यर्थियों ने उग्र प्रदर्शन किया. वे बीपीएससी कार्यालय को घेराव के लिए निकले. अभ्यर्थी पटना की सड़कों पर उतर कर भारी बवाल कर रहे थे. शिक्षक अभ्यर्थी छात्र नेता दिपील कुमार के नेतृत्व में बीपीएससी कार्यालय का घेराव करने निकले थे. वहीं पुलिस ने छात्र नेता को गिरफ्तार कर लिया. बीपीएससी कार्यालय के बाहर भारी सुरक्षा बल तैनात है. जानकारी अनुसार बीपीएससी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची. बीपीएससी कार्यालय के बाहर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात थे. दरअसल, बीपीएससी टीआरई 3 में 1



प्रदर्शन करते छात्र.

कैंडिडेट 1 रिजल्ट की मांग को लेकर छात्र नेता प्रदर्शन कर रहे थे. वहीं पुलिस ने हंगामा कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया. साथ ही छात्र नेता को गिरफ्तार कर ले गई. बताया जा रहा है कि कुछ अभ्यर्थी बीपीएससी कार्यालय के बाहर इकठ्ठा होने लगे थे जिससे पुलिस ने भगाया है.

## बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा के सॉल्वर गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

- दो अन्य की तलाश में जुटी पुलिस

**संवाददाता। पटना**

बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा के सॉल्वर गैंग की जांच में मढ़ौरा और नगरा थाना क्षेत्र से तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया. इस संबंध में सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के दिशा निर्देश में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ राजकिशोर सिंह के नेतृत्व में एसआईटी की टीम ने नगरा थाना क्षेत्र के बन्नी गांव से दो युवक और मढ़ौरा थाना क्षेत्र के बहुआरापट्टी गांव से एक युवक को हिरासत लेने के बाद पूछताछ कर जेल भेज दिया. एक दिन पूर्व खैरा थाना क्षेत्र के धोबवल गांव से बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के सॉल्वर गैंग के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. गिरफ्तार व्यक्ति धोबवल गांव निवासी बिनोद सिंह बताए गए थे. हालांकि इनके दो अन्य सहयोगी साथी प्रिंस सिंह व सुमन राय की तलाश में है. हालांकि फिलहाल अभी फरार बताए जा रहे हैं.

**इलेक्ट्रोनिक्स डिवाइस हुआ बरामद :** पुलिस का कहना है कि सारण जिले में सॉल्वर गैंग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा हैं. इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर खैरा थाना क्षेत्र के धोबवल गांव से एक दिन पहले बिनोद सिंह को गिरफ्तार किया गया है. लेकिन इसके आलावा तीन दिन पूर्व भगवान बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सॉल्वर गैंग के तीन सदस्यों को सारण पुलिस ने गिरफ्तार किया था. खैरा थाना क्षेत्र के धोबवल गांव से गिरफ्तार बिनोद सिंह और फरार प्रिंस सिंह के घर से कई अभ्यर्थियों का ओरिजनल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, ब्लैंक चेक, ब्लुटूथ और एक की- पैड मोबाइल को भी पुलिस ने बरामद किया हैं.

अभ्यर्थियों का हस्ताक्षर किया हुआ चेक भी मिला है. जिसको लेकर पूछताछ की गई है. पुलिस का कहना हैं कि दोनों गैंग अलग - अलग है या एक साथ काम किया जा रहा था. वही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नगरा थाना क्षेत्र के बन्नी गांव और मढ़ौरा थाना क्षेत्र के बहुआरापट्टी गांव में छापेमारी कर तीन नए युवकों को हिरासत में लिया है जिससे सघन पूछताछ करने के बाद छपरा जेल भेज दिया गया है. नगरा थाना क्षेत्र के बन्नी गांव से हिरासत में लिए युवक का नाम अशोक मिश्रा का पुत्र रजनीश मिश्रा और रणधीर मिश्रा बताया जा रहा है. दोनों रिश्ते में सगे भाई है. जबकि इन लोगो के निशानदेही पर मढ़ौरा थाना क्षेत्र के बहुआरा पट्टी गांव से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है.

जहानाबाद के वाणावर पहाड़ी पर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में भगदड़

# आठ की मौत, 30 की हालत गंभीर

**संवाददाता। पटना**

बिहार में जहानाबाद जिले के वाणावर पहाड़ी पर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में लगभग मध्य रात्रि को मची भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई. मृतकों में पांच महिला और तीन पुरुष हैं. दर्जनों लोग घायल हो गए हैं. इनमें तीस की हालत गंभीर बताई जा रही है. यह जानकारी पुलिस ने दी. यह मंदिर मखदुमपुर प्रखंड में स्थित है. पुलिस के मुताबिक, इस भगदड़ में सुशीला देवी, पूनम देवी, निशा कुमारी, निशा देवी, राजू कुमार और प्यारे पासवान की जान चली गई. पूनम गया जिले के मोर टेकरी, निशा कुमारी मखदुमपुर थाना क्षेत्र के लडौआ गांव, सुशीला जल बीघा नाडोल, निशा देवी नगर थाना क्षेत्र के एरकी गांव और प्यारे पासवान स्थानीय निवासी है. दो लोगों की अभी पहचान नहीं हो सकी है.

लोगों का कहना है कि सावन का सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक थी. श्रद्धालु संकरे गंगा एवं गऊघाट मार्ग से बाबा सिद्धनाथ के दर्शन करने के लिए पहाड़ पर पहुंचे. अचानक मंदिर के पास अफरातफरी मची और लोग इधर-उधर भागने लगे. इस दौरान कई महिलाएं और पुरुष गिर गए. जिन लोगों को गंभीर चोट आई है, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. लोगों का आरोप है कि लाठीचार्ज की वजह से भगदड़ मची. नगर थाना प्रभारी दिवाकर विश्वकर्मा का कहना है कि कई स्रोत से जानकारी प्राप्त हुई है कि भीड़ नियंत्रण में कई तरह की खामी रही. वरीय अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं. घटना दुखद है. जांच में दोषी पाए गए लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी.

**सीएम ने जताया शोक, मृतकों के परिजन को चार लाख देने का दिया निर्देश : पटना ।** मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिले के मखदुमपुर के वाणावार स्थित सिद्धश्वर मंदिर में हुई भगदड़ में सात लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है. सीएम ने मृतकों के आश्रितों को अविलंब चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है. मुख्यमंत्री ने दुख की इस घड़ी में परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है. मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल हुये लोगों के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है.



### बाबा धाम जा रहे कांवरिया की करंट लगने से मौत

किशनगंज । देवघर जा रहे जिले के एक कांवरिया की करंट लगने से मौत हो गई . मृतक की पहचान जिले के बहादुरगंज निवासी 25 वर्षीय भक्त राज के रूप में की गई है . वह अपनी मां रीना देवी के साथ बाबाधाम जा रहा था . घटना के वक्त वो अपने कांवड़ को बस के ऊपर रख रहा था इसी दौरान बस के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई . बनगामा गांव से करीब 62 कांवरियों का जत्था बस से सुल्तानगंज पहुंचा . उसके बाद खाली बस को कच्ची कांवरिया पथ के शाहकुंड मोड के समीप खड़ा किया गया था . सुलतानगंज में गंगा से जल भर कुछ कांवरिया पैदल बाबाधाम की ओर निकल पड़े, जबकि कुछ कांवरिया बस पर चढ़ने के लिए जब शाहकुंड के समीप पहुंचे तो मृतक बस के ऊपर कांवड़ रखने के लिए चढ़ा . इसी दौरान बस के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई .

## जमीन विवाद में गोलीबारी में एक की मौत

**संवाददाता। अररिया**

अररिया के भरगामा थाना क्षेत्र के पोठिया वार्ड संख्या 2 में रविवार की मध्य रात्रि करीबन डेढ़ बजे जमीन विवाद में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत गोली लगने से हो गई. जबकि एक महिला हाथ में गोली लगने से जख्मी हो गई, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरगामा में प्राथमिक चिकित्सीय सुविधा के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार पोठिया में रात्रि करीबन डेढ़ बजे 50 से 60 की संख्या में बदमाशों ने स्व.शिवनंदन यादव के पुत्र परमानंद यादव के घर गोलीबारी शुरू कर दी. गोली की आवाज से परमानंद यादव



गोली लगने के बाद महिला को अस्पताल में इलाज के लिए ले गया.

अपने भतीजा चंदन यादव और रमण यादव को जागते हुए दोनों को भगा दिया, जबकि बदमाशों ने परमानंद यादव के सिर में पांच गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. बचाने के लिए आई परमानंद यादव की भाभी लीला देवी के ऊपर भी गोली चली, जो उनके दाहिने हाथ में लगी. परिजन ने घायल महिला को भरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया.जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया.

### 2025 में तेजस्वी को घर बैठा देगी जनता : उमेश

**गया ।** अपने एक दिवसीय गया दौरे के क्रम में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा गया पहुंचे. जहां उन्होंने केंदुई स्थित जदयू कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया. इस मौके पर भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद हुए. इससे पहले जदयू के प्रदेश अध्यक्ष का चंदन यादव ने चाकन्द- बेला के समीप पटना से आ रहे उमेश कुशवाहा का स्वागत किया.

### राहुल गांधी देश के दुश्मन : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय ।** हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट सामने आने के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को निशाने पर लिया. वहीं अब केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए बड़ा हमला बोला है. उन्होंने राहुल गांधी को देश का दुश्मन तक बता दिया. पत्रकारों से बातचीत करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा, राहुल गांधी शुरू से भ्रम फैलाते हैं. वे देश के दुश्मन हैं, कोई देश का दुश्मन ही अफवाह फैलाएगा. ये कभी विदेश जाते हैं तो विदेश में फैलाते हैं अब देश के अंदर फैला रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी और जयराम रमेश देश को बदनाम कर रहे हैं. हिडनबर्ग पर कड़ी से कड़ी कारवाई हो. कुछ लोग देश को बदनाम कर रहे हैं. कुछ लोग देशद्रोही का काम कर रहे हैं. राहुल गांधी की यह टिप्पणी अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग की शनिवार रात जारी उस रिपोर्ट के बाद आई है.

## कारोबार

### जेटवर्क ने निदेशक मंडल में शामिल किया दसारी को

**नयी दिल्ली ।** विनिर्माण सेवा यूनिकॉर्न जेटवर्क ने मोटर वाहन तथा इंजीनियरिंग उद्योग के दिग्गज विनोद कुमार दसारी को अपने निदेशक मंडल में शामिल करने की सोमवार को घोषणा की. दसारी वर्तमान में निजी इक्विटी कंपनी एडवेंट इंटरनेशनल में परिचालन भागीदार के रूप में कार्यरत हैं. जेटवर्क के अमृत आचार्य ने कहा, विनिर्माण जटिलताओं के बारे में उनकी (दसारी की) गहरी समझ तथा उनका सिद्ध नेतृत्व कौशल जेटवर्क की निरंतर वृद्धि तथा सफलता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा.

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 90 एकड़ जमीन खरीदी

**नयी दिल्ली ।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने महाराष्ट्र के रायगढ़ के खालापुर में 90 एकड़ जमीन खरीदी है. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया, इस भूमि पर करीब 17 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र में विकास की संभावना है, जिसमें मुख्य रूप से आवासीय भूखंड विकास शामिल है. हालांकि, कंपनी ने इससे जुड़ी वित्तीय जानकारी नहीं दी. गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौरव पांडे ने कहा, आवासीय भूखंड विकास ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण गति हासिल की है.

### वोल्टास का मुनाफा दोगुना होकर 335 करोड़ रु हुआ

**नयी दिल्ली ।** एयर कंडीशनर विनिर्माता व इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता वोल्टास लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना होकर 335 करोड़ रुपये हो गया. कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-तिमाही) में शुद्ध लाभ 129.42 करोड़ रुपये था. टाटा समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, पहली तिमाही में उसने एसी की 10 लाख इकाई की बिक्री रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की. इस तिमाही में उसकी कुल आय 5,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई. समीक्षाधीन तिमाही में वोल्टास की परिचालन आय 46.46 प्रतिशत बढ़ी.

तेलंगाना के मुख्यमंत्री को अमेरिका से निवेश की मिली प्रतिबद्धता

# तेलंगाना में अमेरिका ₹31,500 करोड़ से अधिक तक करेगा निवेश

**भाषा। हैदराबाद**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनके दल ने अपनी अमेरिकी यात्रा संपन्न कर ली है. इसमें उन्होंने 31,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धताएं हासिल की, जिससे राज्य में 30,750 से अधिक नौकरियों का सृजन होगा.

जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल में आईटी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू और कई अधिकारी शामिल थे. इन्होंने न्यूयॉर्क, वाशिंगटन डीसी, डलास और कैलिफोर्निया में 50 से अधिक व्यापारिक बैठकों और तीन गोलमेज सम्मेलनों के दौरान 19 निवेश सौदे/एमओयू संपन्न किए. इससे तेलंगाना में कुल 31,500 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और 30,750 नौकरियों का सृजन होगा. विज्ञप्ति के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल को फ्यूचर सिटी, एआई सिटी के निर्माण, मूसी नदी के पुनरुद्धार सहित विभिन्न प्रमुख पहलों के लिए बड़े पैमाने पर समर्थन मिला. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एप्पल, गूगल, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ भी चर्चा की.



अमेरिका प्रतिनिधिमंडल के साथ तेलंगाना के सीएम.

**खास बातें**

- राज्य में 30,750 से अधिक रोजगार सृजन होगा
- दक्षिण कोरिया के दौरे पर जा रहे ए. रेवंत रेड्डी

दक्षिण कोरिया रवाना होने से पहले रेवंत रेड्डी ने कहा, इस यात्रा ने त्वरित साझेदारी के लिए असंख्य क्षेत्रों का मार्ग प्रशस्त किया... कृत्रिम मेधा एआई में हमारी योजनाओं से लेकर भविष्य के शहर के निर्माण तक, निगमों, स्टार्टअप, उद्योगपतियों, प्रौद्योगिकी तथा व्यावसायिक संघों और प्रभावशाली लोगों ने हमारे दृष्टिकोण को अधिक लोगों तक ले जाने पर सहमति व्यक्त की है.

## अडाणी समूह की सूचीबद्ध सभी कंपनियों के शेयर में गिरावट

**भाषा। नयी दिल्ली**

अडाणी समूह की सूचीबद्ध सभी 10 कंपनियों के शेयर में सोमवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई. अडाणी एनर्जी के शेयर में सबसे अधिक 17 प्रतिशत की गिरावट आई. अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट आई. बीएसई सेंसेक्स पर सूचीबद्ध अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 17 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस में 13.39 प्रतिशत, एनडीटीवी में 11 प्रतिशत और अडाणी पावर में 10.94 प्रतिशत की गिरावट आई. अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 6.96 प्रतिशत, अडाणी विल्मर में 6.49 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज में 5.43 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 4.95 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 2.53 प्रतिशत और एसीसी में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई. हिंडनबर्ग ने शनिवार देर रात जारी अपनी नई रिपोर्ट में कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन बुच और उनके पति धबल बुच ने बरमूडा तथा मॉरीशस में अस्पष्ट विदेशी कोषों में अघोषित निवेश किया था. उसने कहा कि ये वही कोष हैं जिनका कथित तौर पर विनोद अडाणी ने पैसों की हेराफेरी करने तथा समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतें बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया था. विनोद अडाणी, अडाणी समूह के चेयरपर्सन गौतम

- अडाणी एनर्जी
- अडाणी एनर्जी का शेयर 17 प्रतिशत लुढ़का

### इंडियन रीट्स एसोसिएशन ने हिंडनबर्ग के दावे को निराधार व भ्रामक बताया

**नयी दिल्ली ।** इंडियन रीट्स एसोसिएशन ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च का यह दावा निराधार और भ्रामक है कि सेबी का रीट्स (रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) ढांचा कुछ चुनिंदा लोगों के हितों को पूरा करता है. एसोसिएशन ने साथ ही कठोर नियामकीय वातावरण तैयार करने के लिए बाजार नियामक सेबी की तारीफ की, जिसमें व्यापक आवधिक रिपोर्टिंग आवश्यकताएं, अनिवार्य स्वतंत्र मूल्यांकन और सख्त संचालन मानक शामिल हैं. एसोसिएशन ने कहा कि इन उपायों को पारदर्शिता बढ़ाने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए तैयार किया गया है.

### स्त्री-2 के लिए रहें तैयार...



कोलकाता में फिल्म स्त्री2 का प्रचार करते श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव.

**मंजूरी का इंतजार** ब्रिटेन की सबसे बड़ी मोबाइल कंपनी है बीटी

# बीटी में 24.5% हिस्सेदारी खरीदेगी भारती एंटरप्राइजेज

**भाषा। नयी दिल्ली**

दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल का समूह ब्रिटेन की सबसे बड़ी ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल कंपनी बीटी समूह में करीब चार अरब डॉलर में 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा. कंपनी के बयान के अनुसार, भारती एंटरप्राइजेज की अंतरराष्ट्रीय निवेश इकाई भारती ग्लोबल, पैट्रिक ड्राही की अल्टाइस से बीटी समूह में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी तुरंत खरीदेगी और शेष हिस्सेदारी आवश्यक नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद हासिल करेगी. हालांकि, कंपनी ने सौदे के आकार का खुलासा नहीं किया लेकिन बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि बीटी के करीब 15 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन पर यह सौदा लगभग चार अरब डॉलर के आसपास बैठ सकता है. भारती, भारत की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है जिसके करीब 40 करोड़ ग्राहक हैं. इसका बीटी के साथ पहले भी नाता रहा है. बीटी के पास 1997 से 2001 तक भारती एयरटेल में 21 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी. कंपनी न तो बीटी के संपूर्ण अधिग्रहण के लिए कोई प्रस्ताव देने को इच्छुक है, न ही वह उसके निदेशक मंडल में कोई स्थान चाहती है.

अरबपति ड्राही द्वारा नियंत्रित निवेश समूह अल्टाइस, बीटी से बाहर निकल रहा है क्योंकि यह अधिक कर्ज के संकट जूझ रहा है. इसने सबसे पहले 2021 में बीटी में हिस्सेदारी ली थी. इसके बाद 12 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की जिससे उसकी हिस्सेदारी बढ़कर 24.5 प्रतिशत हो गई. अल्टाइस के पहली बार निवेशक बनने के बाद से बीटी के शेयरों में करीब एक-तिहाई की गिरावट आई है. भारती ने बयान में कहा, भारती ग्लोबल, दूरसंचार डिजिटल अवसंरचना तथा अंतरिक्ष संचार में विश्वस्तरीय कंपनियों वाले अग्रणी भारतीय कारोबार समूह भारती एंटरप्राइजेज की अंतरराष्ट्रीय निवेश इकाई है. उसने अल्टाइस यूके से बीटी समूह की 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौता किया है. बीटी ने 1997 में भारती एयरटेल में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी और अब इस प्रतिष्ठित ब्रिटिश कंपनी में 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का भारती का कदम भारतीय दूरसंचार समूह के लिए एक निर्णायक क्षण है. भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा, भारती और ब्रिटिश टेलीकॉम (बीटी) के बीच दो दशक से भी अधिक पुराना संबंध है. बीटी के 1997-2001 तक भारती एयरटेल लिमिटेड के निदेशक मंडल में दो सदस्य थे और उसके पास 21 प्रतिशत हिस्सेदारी थी. भारती समूह के इतिहास में आज यह एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि हम बीटी में निवेश कर रहे हैं, जो प्रतिष्ठित ब्रिटिश कंपनी है.

## जल्द लॉन्च हो रही सीयूवी-एमजी विंडसर

**एजेंसी। गुरुग्राम**

भारत में जल्द लॉन्च होने वाले क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल (सीयूवी)-एमजी विंडसर में इस सेगमेंट की पहली एयरो-लाउंज सीटें दी जा रही हैं। ये खास सीटें लग्जरी और कंफर्ट का बेजोड़ मिश्रण हैं, जो इसमें बैठने वालों को बेहतरीन सफर अहसास देगी. एमजी विंडसर की सबसे खास खूबी इसकी 135 डिग्री तक रिक्लाइन होने वाली एयरो-लाउंज सीटें हैं. इन सीटों को लग्जरी और सुकून का अहसास कराने के लिए बेहद खास तरीके से डिजाइन किया गया है.इसका रिक्लाइन एंगल बहुत ही सावधानी के साथ तैयार किया गया है. यह सुनिश्चित करता है कि यात्री शहर की छोटी सी ड्राइव पर निकले हों या फिर लॉन्ग ड्राइव पर, वे पूरी स्टाइल और सुकून के साथ



सफर कर सकें। विंडसर कैसल के भव्य आकार से प्रेरित, इस इंटेलिजेंट सीयूवी में एक बड़े आकार का केबिन दिया गया है. इस कार के केबिन को एर्गोनॉमिक्स और सूबसूरती के साथ डिज़ाइन किया गया है. इसकी खूबसूरती आपको शांति और समृद्धि का अहसास कराती है. यह इंटेलिजेंट सीयूवी शानदार वास्तुशिल्प और शाही विरासत के प्रतीक - विंडसर कैसल से प्रेरित है. ऐतिहासिक कैसल की तरह दिखने वाली एमजी विंडसर शिल्प, खूबसूरती और राजसी गौरव को पेश करेगी. दुनिया के इस सबसे विशाल कैसल के एक-एक हिस्से को बहुत ही खूबसूरती के साथ तैयार किया गया है. एमजी विंडसर भी ऐसी ही है. इस कार के हर पहलू ठीक वैसी ही खूबसूरती और लग्जरी के साथ तैयार किया गया है,जिसके लिए विंडसर कैसल दुनिया भर में जाना जाता है.

## ब्रीफ खबरें

### हैरिस ने प्रमुख प्रांतों में हासिल की बढ़त

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कई प्रमुख चुनावी प्रांतों में लोकप्रियता में बढ़त हासिल कर ली है. चुनाव प्रचार के लिए चंदा एकत्र करने का भारतीय अमेरिकी हैरिस (59) का अभियान जारी है. उनकी रैलियों में रिकॉर्ड भीड़ देखने को मिल रही है. हैरिस ने सैन फ्रांसिस्को में चंदा जुटाने के एक कार्यक्रम में कहा, 'हम यह चुनाव जीतेंगे.' उन्होंने इस कार्यक्रम में 1.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का चंदा जुटाया.

### विदेश सचिव नेपाल के नेताओं से मिले

**काठमांडू।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को अपने नेपाली समकक्ष सेवा लमसल और हिमालयी राष्ट्र के उप प्रधानमंत्री समेत अन्य वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास और इसे आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की. मिस्री की दो दिवसीय यात्रा पिछले महीने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद नेपाल में किसी भारतीय विदेश सचिव की पहली यात्रा है. इस संबंध में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर जानकारी साझा की.

### छापे में मिले 10 फ्लैट और 1.5 किलो सोना

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सतर्कता विभाग ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर तारा प्रसाद मिश्रा के परिसरों पर छापेमारी कर 1.5 किलो सोना, 2.70 करोड़ रुपये की नकदी, महंगी कारें और 10 आलीशन फ्लैट समेत करोड़ों रुपये की संपत्ति का खुलासा किया. अधिकारियों ने बताया कि सतर्कता टीम ने 12 पुलिस उपाधीक्षक, 12 निरीक्षक, 16 सहायक उप-निरीक्षक और अन्य कर्मचारी के साथ भुवनेश्वर, कटक और झारसुगुड़ा में नौ स्थानों पर एक साथ छापेमारी की.

### दो सड़क दुर्घटनाओं में 11 श्रद्धालुओं की मौत

**सिलीगुड़ी/कोकराझार।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के बागडोगरा और असम के कोकराझार जिले में सोमवार को सड़क दुर्घटनाओं में 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. बागडोगरा में एशियाई राजमार्ग-दो पर घटना उस समय हुई जब घोषपुकुर से सिक्किम जा रही कार ने सड़क के डिवाइडर तोड़ते हुए इन लोगों को टक्कर मार दी. पुलिस अधिकारी ने बताया, ''ये सभी लोग तीर्थयात्री थे जो पूजा-अर्चना के लिए जंगली बाबा मंदिर (शिव मंदिर) जा रहे थे.'

### जन्म तिथि में बदलाव पर महत्वपूर्ण फैसला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि कोई भी कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद अपनी रिकार्ड में दर्ज जन्म तिथि में बदलाव नहीं कर सकता. यह मामला एक ऐसे व्यक्ति से संबंधित था जो 1983 में नौकरी में आने से 2006 में सेवानिवृत्त होने तक एक 'पल्प ड्राइंग प्रोसेसर' विनिर्माण इकाई में काम करता था. जब उसे नौकरी पर रखा गया तो उसने मौखिक रूप से अपनी जन्म तिथि 30 मार्च 1952 बताई थी, लेकिन नियोक्ता ने उसके भविष्य निधि विवरण और स्कूल प्रमाण पत्र के आधार पर उसकी जन्म तिथि 10 मार्च 1948 दर्ज की.

---

### हिमाचल में भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 338 सड़कें बंद, ऊना के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए

# हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

**27** जून से नौ अगस्त के बीच बारिश से संबंधित घटनाओं में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं हिमाचल प्रदेश में, राज्य को लगभग 842 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ.



कृष्णनगर, हिमाचल प्रदेश

**एजेंसी। शिमला/जयपुर**

हिमाचल प्रदेश और राजस्थान सहित देशभर में सक्रिय मॉनसून के कारण भारी बारिश का दौर जारी है. हिमाचल प्रदेश में रविवार से जारी भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 338 सड़कें बंद हो गईं. वहीं राजस्थान की राजधानी जयपुर सहित राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है और बीते 24 घंटे में दौसा के रामगढ़ पचवारा में सर्वाधिक 258 मिलीमीटर बारिश हुई.

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ऊना के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए. उन्होंने बताया कि कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में 31 जुलाई को आई बाढ़ के बाद लापता हुए करीब 30 लोगों को खोजने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि 27 जून से नौ अगस्त के बीच बारिश से संबंधित घटनाओं में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं और राज्य को लगभग 842 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि शिमला में 104, मंडी में 71, सिरमौर में 58, चंबा में 55, कुल्लू में 26, सोलन और लाहौल एवं स्पीति में सात-सात, किन्नौर में पांच, कांगड़ा में चार और बिलासपुर जिले में एक सड़क बंद है. पूरे प्रदेश में 338 सड़कें बंद हैं. इसने बताया कि सोमवार को 488 बिजली और 116 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं. शनिवार तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है और मंगलवार तक चंबा, किन्नौर, सिरमौर और शिमला जिलों के कुछ हिस्सों में बाढ़ का खतरा भी जताया है.

### जयपुर में रिकॉर्ड 118 मिलीमीटर बारिश, स्कूलों में छुट्टी की घोषणा



जयपुर

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर सहित राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है और बीते 24 घंटे में दौसा के रामगढ़ पचवारा में सर्वाधिक 258 मिलीमीटर बारिश हुई. इस अवधि के दौरान जयपुर में रिकॉर्ड 118 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है और यह दौर अभी जारी है. जयपुर सहित कई जिलों में स्कूलों में आज छुट्टी की घोषणा कर दी गई है. राजधानी जयपुर में कल दोपहर बाद से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है.

कई इलाकों में सोमवार सुबह लगभग पांच बजे शुरू हुआ तेज बारिश का दौर रुक-रुक कर नौ बजे तक जारी रहा जिससे कई निचले इलाकों में पानी भर गया. भारी बारिश को देखते हुए शिक्षा विभाग की ओर से जयपुर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, करौली और दौसा सहित कई जिलों में सोमवार को स्कूलों की छुट्टी की घोषणा कर दी गई. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के जयपुर केंद्र के अनुसार सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक चौबीस घंटे में जयपुर हवाई अड्डे पर 118 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि में दौसा के रामगढ़ पचवारा में 258 मिलीमीटर व करौली के सापोटरा में 207 मिलीमीटर बारिश हुई जो 'अत्यधिक भारी बारिश' की श्रेणी में आती है. दौसा जिले में लालसोट व राउवास सहित अनेक जगह 132 से 178 मिलीमीटर, जयपुर में 126 मिलीमीटर, सवाई माधोपुर के खंडार व बोनली में कई जगह 117 से 168 मिलीमीटर बारिश हुई जो 'बहुत भारी बारिश' की श्रेणी में आती है. राज्य के अनेक जिलों में कई दिन से हो रही बारिश व आगामी कई दिन मानसून सक्रिय रहने की चेतावनी के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उच्चाधिकारियों की बैठक ली. उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में हरसंभव और त्वरित राहत पहुंचाने तथा बचाव-राहत कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए. राज्य में वर्षाजनित हादसों के कारण बीते चौबीस घंटे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो चुकी है.

---

### यूनुस के नेतृत्व में सरकार ने कानून व्यवस्था बहाल करने की दिशा में उठाए कदम

# बांग्लादेश में सामान्य हो रहे हालात

- ड्यूटी पर लौटने लगे पुलिस कर्मचारी, सभी मांगों को पूरा करने का मिला आश्वासन
- प्रदर्शनकारियों से अवैध और अनधिकृत हथियार जमा करने को कहा गया

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और जनजीवन पटरी पर लौट रहा है. बाजार खुल रहे हैं और सड़कों पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट शुरू हो रहा रहा है. हालांकि बैंकों से नकदी निकालने की सीमा केंद्रीय बैंक द्वारा दो लाख टका (बांग्लादेश की मुद्रा) तय करने से कारोबारियों को नकदी की कमी का सामना करना पड़ रहा है. मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने कानून व्यवस्था बहाल करने की दिशा में कदम उठाते हुए सोमवार को प्रदर्शनकारियों से 19 अगस्त तक सभी अवैध और अनधिकृत हथियार जमा करने को कहा, जिनमें हालिया हिंसा के दौरान एजेंसियों से लूटी गई राइफल भी शामिल हैं. वहीं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शनरत पुलिस अधिकारी अंतरिम सरकार द्वारा उनकी ज्यादातर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिए जाने के बाद अपनी हड़ताल रद्द करने पर सहमत हो गए हैं. इसी बीच, देश के नवनियुक्त प्रधान न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद ने सोमवार को चेतावनी दी कि यदि न्यायपालिका का कोई भी व्यक्ति किसी 'गलत काम' में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

**पुलिस की वर्दी और 'लोगो' बदला जाएगा :** बांग्लादेश पुलिस अधीनस्थ कर्मचारी संघ (बीपीएसईए) ने शेख हसीना सरकार के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के दौरान पुलिस तथा विद्यार्थियों के बीच देशभर में हिंसक झड़पों के बाद छह अगस्त को हड़ताल की घोषणा की थी. हिंसा के कारण हसीना की आवामी लीग की अगुवाई वाली सरकार गिर गयी थी और हसीना को देश छोड़कर भारत जाना पड़ा था. सरकार गिरने के बाद डर के कारण कई पुलिसकर्मी काम पर नहीं लौटे और कुछ पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में अपने थानों में गए थे. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हड़तालरत पुलिस कर्मियों के प्रतिनिधियों ने अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम. सखावत हुसैन के साथ रविवार को एक बैठक की और उसके बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की. उन्होंने बताया कि पुलिस को आश्वासन दिया गया है कि उनकी 11 सूत्री मांगों में से ज्यादातर को स्वीकार कर लिया जाएगा. खबर में कहा गया है कि पुलिस कर्मचारी सोमवार से अपनी वर्दी पहनेंगे और फिर से काम शुरू करेंगे.' गृह मामलों के अंतरिम सलाहकार सखावत ने कहा कि जिन लोगों ने अत्यधिक बल प्रयोग का आदेश दिया था उनका शीर्ष नेताओं से संबंध था और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा. मामले की जांच की जाएगी. मेरा निजी रूप से मानना है कि एक पुलिस आयोग होना चाहिए. पुलिस आयोग के तहत काम करेगी न कि किसी राजनीतिक दल के तहत. राजनीतिक दल पुलिस का दुरुपयोग करते हैं.' उन्होंने कहा, 'जल्द से जल्द पुलिस की वर्दी और 'लोगो' बदला जाएगा. उनका मन बहुत आहत है. वे (पुलिस) इस वर्दी के साथ बाहर नहीं जाना चाहते.'

#### नए प्रधान न्यायाधीश की चेतावनी




**बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ ह्यूस्टन में एकत्र हुए सैकड़ों लोग**

**ह्यूस्टन।** बांग्लादेश में इस्लामी चरमपंथियों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाकर किए गए जघन्य कृत्यों के खिलाफ प्रदर्शन के लिए 300 से अधिक भारतीय-अमेरिकी और बांग्लादेशी मूल के हिंदू रविवार सुबह ह्यूस्टन के शुगर लैंड सिटी हॉल में एकत्र हुए. प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से अपील की कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को रोकने और कमजोर समुदायों की रक्षा करने के लिए तत्काल एवं निर्णायक कदम उठाएं. हिंदू समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में हालिया वृद्धि क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा बन गई है. प्रदर्शन के आयोजकों ने बांग्लादेश में सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और बाइडन प्रशासन से आग्रह किया कि वह मानवता के खिलाफ हो रहे इन जघन्य अपराधों के दौरान मूकदर्शक न बना रहे.

#### किसी के पास अवैध-अनधिकृत शस्त्र पाए जाने पर आरोप दर्ज किए जाएंगे

अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (रि.) एम सखावत हुसैन ने सोमवार को प्रदर्शनकारियों से 19 अगस्त तक सभी अवैध और अनधिकृत हथियार जमा करने को कहा, जिनमें हालिया हिंसा के दौरान एजेंसियों से लूटी गई राइफल भी शामिल हैं. हुसैन ने कहा कि अगर ये हथियार पास के थानों में नहीं जमा किए जाते तो अधिकारी तलाशी अभियान चलाएंगे और अगर किसी के पास अनधिकृत शस्त्र पाए जाते हैं तो उसके खिलाफ आरोप दर्ज किए जाएंगे. हुसैन यहां 'कम्बाइन्ड मिलिट्री हॉस्पिटल' में अर्धसैनिक बल 'बांग्लादेश अंसार' के सदस्यों से मिलने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे. 'बांग्लादेश अंसार' के सदस्य बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के दौरान घायल हो गए थे. हुसैन ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों समेत करीब 500 लोग मारे जा चुके हैं और कई हजार लोग घायल हुए हैं.

#### बांग्लादेश में कारोबारी नकदी की कमी से प्रभावित

अनिश्चितता के बीच बैंकों से नकदी निकालने की सीमा केंद्रीय बैंक द्वारा दो लाख टका तय करने से कारोबारियों को नकदी की कमी का सामना करना पड़ रहा है. बांग्लादेश बैंक ने प्रति खाता नकद निकासी की सीमा शनिवार को दो लाख टका (1.42 लाख रुपये) निर्धारित की, जो पूर्व घोषित एक लाख टका से अधिक है. व्यवसायियों, खासकर नकद लेनदेन करने वाले कारोबारियों ने कहा कि यदि नकदी संकट जारी रहा और प्रतिबंध अगले सप्ताह भी जारी रहे तो वे मुश्किल में आ जाएंगे. जुलाई के दूसरे पखवाड़े में जब व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, तब से उनका कामकाज ठप्प पड़ा है.

#### न्यायपालिका के 'गलत कामों' के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

बांग्लादेश के नवनियुक्त प्रधान न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद ने सोमवार को अटॉर्नी जनरल के कार्यालय व सुप्रीम कोर्ट बार द्वारा अपीलीय प्रभाग में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं छात्रों और पूरे देश के लोगों को बधाई देता हूं. मैं उन लोगों को भी बधाई देता हूं जिन्होंने इस आंदोलन का समर्थन किया. छात्रों ने असमानता के खिलाफ एक बड़ी जागृति पैदा की है. हमें मौजूदा हालात को बदलकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी.' चेतावनी दी कि न्यायपालिका में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. यदि न्यायपालिका से जुड़ा कोई भी व्यक्ति किसी भी गलत काम में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि न्याय के बजाय लंबे समय से चली आ रही दमन की नीति अब समाप्त हो चुकी है.'

### यूनुस 'धर्मनिरपेक्ष' हैं, बांग्लादेश में विभिन्न समुदायों के बीच टकराव नहीं होने देंगे : पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस एक 'धर्मनिरपेक्ष' नेता हैं और वह सुनिश्चित करेंगे कि उनके देश में विभिन्न समुदायों के बीच कोई टकराव नहीं हो. बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के अपदस्थ होने के बाद से वहां हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हो रही है. पवार ने पुणे में पत्रकारों से कहा, 'मेरी जानकारी के अनुसार, वह (यूनुस) विभिन्न समुदायों एवं विभिन्न भाषाई समूहों के बीच टकराव पैदा करने का काम कभी नहीं करेंगे. बांग्लादेश के लिए संतुलित रुख अपनाना जरूरी है और ऐसा लगता है कि (वहां) स्थिति में सुधार होगा. भारत सरकार बांग्लादेश की स्थिति सुधारने में मदद करने के लिए उसे सहयोग करेगी.

---

# अमेरिका का पश्चिम एशिया में पनडुब्बी भेजने का आदेश

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने पश्चिम एशिया में निर्देशित मिसाइल पनडुब्बी भेजे जाने का आदेश दिया है और 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत 'स्ट्राइक ग्रुप' को और तेजी से इलाके की तरफ बढ़ने का निर्देश दिया है.

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी. ऑस्टिन ने ये आदेश ऐसे समय में जारी किए हैं, जब अमेरिका और उसके सहयोगी तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनिया और बेरूत में प्रमुख हिजबुल्ला कमांडर फौद शुकुर की हत्या के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव को कम करने के लिए इजराइल और हमास के बीच संघर्ष-विराम समझौता कराने की कोशिशों में जुटे हैं. अधिकारियों को इन हत्याओं के बाद ईरान और हिजबुल्ला द्वारा जवाबी हमले किए जाने की आशंका है. यही कारण है कि अमेरिका पश्चिम एशिया क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है. अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय 'पेंटागन' के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने एक बयान में बताया कि ऑस्टिन ने इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट से बात की और इजराइल की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया.

### हमास ने नए दौर की वार्ता के बजाय समझौता लागू करने का किया आग्रह

**दीर अल बलाह।** गाजा में इजराइल की ओर से किए जा रहे हमलों के बीच चरमपंथी समूह हमास ने किसी भी नए संघर्ष विराम प्रस्ताव पर वार्ता शुरू करने के बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस प्रस्ताव को लागू करने के लिए कहा जिस पर पिछले माह सहमति बनी थी. एक बयान में हमास ने नए दौर की वार्ता या नए प्रस्तावों पर विचार करने के बजाय मध्यस्थों अमेरिका, मिस्र और कतर से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रस्ताव के आधार पर पिछले महीने जो सहमति बनी थी उसे लागू करने के लिए एक योजना प्रस्तुत करने का आग्रह किया.

# यूक्रेन युद्ध : सीमा क्षेत्र में रूसी नागरिकों से घर छोड़ने को कहा

**एजेंसी। कीव**

रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में "बहुत अधिक तनावपूर्ण स्थिति" के कारण सोमवार को ज्यादा से ज्यादा लोगों से जगह खाली करने का आग्रह किया गया. कुर्स्क सीमा क्षेत्र में रूसी सेनाएं लगभग एक सप्ताह की भीषण लड़ाई के बाद यूक्रेनी हमले का जवाब देने के लिए अभी भी संघर्ष कर रही हैं. रूस के आपात व्यवस्था अधिकारियों का कहना है कि कुर्स्क के इलाकों में 76,000 से अधिक लोगों ने अपने घरों को छोड़ दिया है, जहां छह अगस्त को यूक्रेनी सेना और बख्तरबंद गाड़ियां सीमा पार कर करीब 30 किलोमीटर भीतर तक घुस आईं थीं. यूक्रेन की सेना ने हमला करने के बाद सीमा पार लगभग 10 किलोमीटर दूर सुदज़ा शहर में तेजी से प्रवेश किया. वे कथित तौर पर अभी भी शहर के पश्चिमी हिस्से पर कब्जा किए हुए हैं, जो एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक गैस पारगमन स्टेशन है. यूक्रेन का अभियान बेहद गोपनीयता के साथ चल रहा है.

### कुर्स्क में यूक्रेन की घुसपैठ डोनबास में रूसी आक्रमण को रोकने का प्रयासः पुतिन

वहीं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा घुसपैठ डोनबास में मास्को के आक्रमण को रोकने की कीव द्वारा की जा रही एक कोशिश है. पुतिन ने रक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन द्वारा पिछले मंगलवार को किया गया यह हमला भविष्य में वार्ता में अपनी स्थिति को मजबूत करने के कीव के प्रयास को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि यूक्रेन को रूस में घुसकर घरेलू स्थिति को अस्थिर करने की उम्मीद होगी लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया. राष्ट्रपति ने कहा कि रूसी सेना में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों की संख्या में वृद्धि हुई है. पुतिन ने कहा कि रूसी सेना ने डोनबास में अपने आक्रमण को और तेज कर दिया है.

---

### एतिहासिक क्षण | चीन में 'अरंगेत्रम' की प्रस्तुति प्राचीन नृत्य शैली की यात्रा में एक मील का पत्थर

# चीनी भरतनाट्यम नृत्यांगना ने रचा इतिहास

**एजेंसी। बीजिंग**



स्कूली छात्रा लेई मुजी ने चीन में भरतनाट्यम "अरंगेत्रम" की प्रस्तुति दे कर इतिहास रच दिया. इसे पड़ोसी देश में लोकप्रियता हासिल कर रही प्राचीन भारतीय नृत्य शैली की यात्रा में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जा रहा है. लेई (13) ने रविवार को यहां प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना लीला सैमसन, भारतीय राजनयिकों और बड़ी संख्या में चीनी प्रशंसकों के समक्ष अपनी नृत्य प्रस्तुति दी. भारतीय शास्त्रीय कला और नृत्य शैलियों को सीखने और उनके प्रदर्शन के लिये दशकों तक अपना जीवन समर्पित करने वाले उत्साही चीनी प्रशंसकों के लिए मंच पर उनका पदार्पण एक ऐतिहासिक क्षण और मील का पत्थर था, क्योंकि यह चीन में पहली बार "अरंगेत्रम" - भरतनाट्यम का दीक्षांत समारोह - था. दक्षिण भारत के प्राचीन नृत्य, अरंगेत्रम (जैसा कि इसे तमिल में कहा जाता है) के कलाकार, दर्शकों के अलावा शिक्षकों और विशेषज्ञों के सामने मंच पर अपनी पहली प्रस्तुति देते हैं. केवल 'अरंगेत्रम' के बाद ही छात्रों को स्वयं प्रदर्शन करने या महत्वाकांक्षी नर्तकों को प्रशिक्षित करने की अनुमति दी जाती है. कार्यक्रम में शामिल भारतीय दूतावास के संस्कृति मामलों के प्रभारी प्रथम सचिव टीएस विवेकानंद ने कहा, "यह चीन में पूर्ण रूप से प्रशिक्षित और चीन में प्रस्तुत किया गया पहला अरंगेत्रम है." उन्होंने यहां 'पीटीआई' को बताया कि यह बहुत ही पारंपरिक तरीके से किया गया 'अरंगेत्रम' था.

#### महीने के अंत में चेन्नई में प्रस्तुति देने वाली हैं लेई

लेई को प्रशिक्षित करने वाली प्रसिद्ध चीनी भरतनाट्यम नृत्यांगना जिन शान शान ने कहा, "लेई का अरंगेत्रम ऐसा प्रशिक्षण है जिसे एक चीनी शिक्षक द्वारा प्रशिक्षित चीनी छात्रों ने चीन में पूरा किया है, जो भरतनाट्यम विरासत के इतिहास में एक मील का पत्थर है." भारतीय राजदूत प्रदीप रावत की पत्नी श्रुति रावत लेई के अरंगेत्रम में मुख्य अतिथि थीं. लीला सैमसन के अलावा चेन्नई से आए संगीतकारों की एक टीम ने लेई के लिए शास्त्रीय गीत गाए. लेई इस महीने के अंत में चेन्नई में प्रस्तुति देने वाली हैं. लेई को डुडू के नाम से भी जाना जाता है. उन्होंने कहा कि 2014 में जिन के स्कूल में शामिल होने के बाद से ही उन्हें भरतनाट्यम से प्यार हो गया था. उन्होंने 'पीटीआई' से कहा, "मुझे इससे पूरी तरह से प्यार हो गया. मैं अब तक नृत्य करती रही हूं. मेरे लिए भरतनाट्यम न केवल एक सुंदर कला और नृत्य रूप है, बल्कि भारतीय संस्कृति का प्रतीक भी है."

# विश्व हाथी दिवस : तमिलनाडु में जंगली हाथियों की संख्या 3,063 हो गयी

- विश्व के 60 फीसदी से ज्यादा हाथी भारत में

**एजेंसी। चेन्नई**



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को विश्व हाथी दिवस पर कहा कि जैव विविधता के संरक्षण के लिए राज्य सरकार के ठोस प्रयासों के कारण तमिलनाडु में हाथियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है. स्टालिन ने तमिलनाडु के 25 वन प्रभागों के 699 ब्लॉक में 23 मई से चल रही तीन दिवसीय हाथी गणना में लगे वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व स्वयंसेवकों का एक वीडियो पोस्ट किया. गणना रिपोर्ट के अनुसार, जंगली हाथियों की संख्या 2023 में 2,791 थी जो इस वर्ष बढ़कर 3,063 हो गयी. पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने में हाथियों की भूमिका का जिक्र करते हुए स्टालिन ने कहा कि हाथियों का भूमि के साथ घनिष्ठ संबंध तमिल साहित्य में उल्लेखित संदर्भों से महसूस किया जा सकता है. जैव विविधता के संरक्षण के लिए हमारी सरकार के ठोस प्रयास के कारण मैं आपके साथ यह खुशखबरी साझा करता हूं कि हमारे सत्ता में आने के बाद से हाथियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व हाथी दिवस पर देशवासियों को हाथियों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया.

बता दें कि भारत में दुनिया भर के 60 फीसदी से ज्यादा हाथी पाये जाते हैं. दुनिया में हाथियों की तीन प्रजातियां पायी जाती हैं, उनमें से अफ्रीका में दो और एशिया में एक है. भारत के सबसे बड़े स्थलीय स्तनपायी होने का तमगा एशियाई हाथी (एलीफस मैक्सिमम) को प्राप्त है. मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट और क्लाइमेट'चेंज के अनुसार भारत में दुनिया के 60फीसदी से ज़्यादा जंगली हाथी निवास करते हैं. हाथियों को भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित किया गया है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)